धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार

01.03.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 228



12 कियारा और सिद्धार्थ जल्द बनेंगे माता-पिता

## सदन में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश : राज्य में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी

# झारखंड की अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के आर्थिक सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि पिछले तीन सालों में अर्थव्यवस्था ने जबरदस्त छलांग लगायी है। इसके अलावा बजट का आकार बढ़कर एक लाख करोड़ से अधिक हो गया है। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि में स्थिर मूल्यों पर औसतन प्रति व्यक्ति आय में वार्षिक 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि चालू मूल्यों पर 9.1 फीसदी की दर से बढ़ोतरी देखने को मिली है।

**अर्थव्यवस्था में भी हुई बढ़ोतरी :** झारखंड के सकल घरेलू उत्पाद यानी कि जीएसडीपी वार्षिक 7.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्यों पर 10.7 फीसदी की दर से वृद्धि देखने को मिली है। रिपोर्ट में यह भी जानकारी दी गयी है कि राज्य के जीएसडीपी वर्ष 2011-12 में 1 लाख 50 हजार 918 करोड़ रुपये था, जो इस वित्तीय साल 2024-25 के अंत तक स्थिर मूल्यों पर दो गुना हो जाने की उम्मीद है। साथ ही, वर्तमान मूल्यों पर तीन गुना से अधिक होने का अनुमान है।

**बजट आकार भी बढ़ा :** आर्थिक रिपोर्ट के अनुसार झारखंड के बजट के आकार साल 2001-02 में 6067 करोड़ रुपये था, जो कि साल 2023-24 में बढ़कर 1,07,921 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष यानी कि 2024-25 में बढ़कर 1 लाख 28 हजार 900 होने का अनुमान लगाया गया है। वहीं, राज्य को प्राप्त होने वाले राजस्व की बात करें तो औसतन इसकी दर 9.4 फीसदी प्रति वर्ष के हिसाब से बढ़ी है। वहीं कर राजस्व में भी 13.7 फीसदी की दर से वार्षिक बढ़ोतरी देखने को मिली है। ग्रामीण विकास में 13.42 लाख केसीसी कार्ड में 4.31 लाख एक्टिव हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में 3.69 लाख केसीसी खातों के तहत लगभग 2.591.75 करोड़ रुपये वितरित किये गये थे। जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 722 लाख खातों के तहत लगभग 3.987.88 करोड़ रुपये हो गये।

(शेष पेज 11 पर)



### शहरी क्षेत्रों का सड़क ढांचा में सुधार

राज्य सरकार ने राज्य के शहरी क्षेत्रों का सड़क ढांचा सुधारने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये हैं। प्रभावी सड़क ढांचा राज्य भर में सहज परिवहन सुनिश्चित करता है। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देता है। ग्रामीण कनेक्टिविटी को सुधारता है और स्वास्थ्य देखभाल व शिक्षा जैसी अन्य सेवाओं तक पहुंच को सुविधाजनक बनाता है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों की संख्या वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2,799 से बढ़कर 2023-24 में 2,939 हो गयी। 30 सितंबर 2024-25 तक यह संख्या 1,924 थी। इसी तरहए स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों की संख्या भी वित्तीय वर्ष 2022-23 में 28,099 से बढ़कर 2023-24 में 29,440 हो गयी। कौशल प्रशिक्षण रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या 7447 और 7367 थी।

### अब तीन को आम बजट

शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सीएजी रिपोर्ट पर दोनों पक्षों में जम कर राजनीतिक बयानबाजी हुई। इसे ले कर कुछ देर हंगामा भी होता रहा। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किये जाने के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार 11.00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। 3 मार्च को सदन में 2025-26 का वित्तीय बजट पेश किया जायेगा।

## सीएम ने 28945 प्राथमिक शिक्षकों को सौंपा टैब, कहा

# बच्चों का समग्र विकास प्राथमिकता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज जमाना डिजिटल हो चुका है। तकनीकी युग में हमें भी मजबूती के साथ खड़ा रहना होगा श्री सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मुख्यालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम ने ने प्राइमरी शिक्षकों के बीच टैब वितरित किया। इससे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में एक नया अध्याय जुड़ गया। उन्होंने गुणवत्तायुक्त शिक्षा संवर्धन के लिए विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित, सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का भी ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं बचा है जो डिजिटलाजेशन से अछूता हो। डिजिटल सेवाओं में भी तेजी से बदलाव हो रहा है। जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तभी आगे बढ़ सकेंगे। प्राइमरी स्कूल शिक्षकों को टैब वितरित करते हुए सीएम ने कहा कि तकनीकी युग की मांग के अनुसार हमें अपने आपको तैयार करना होगा और मजबूती के साथ खड़ा रहना होगा। मोबाइल के इस युग में यह आवश्यक आवश्यकता की चीज बन गयी। पर्स घर में छूट जाये तो कोई बात नहीं मगर मोबाइल छूट जाये तो लोग परेशान हो जाते हैं। क्योंकि आपकी मुट्ठी में मोबाइल है तो मानों उसमें सारी दुनिया सिमट गयी है। खेती बाड़ी से लेकर व्यवसाय यानी हर चीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर है जिससे लोग जुड़ रहे हैं। मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे स्कूलों की भी समस्या का समाधान करने का उन्होंने भरोसा दिया। साथ ही कहा कि सरकार हर पंचायत में मोबाइल टावर लगाने के प्रयास में हैं जिससे यह समस्या भी दूर हो जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)



- स्कूलों को डिजिटली सक्षम बनाना जरूरी
- गरीब व होनहार बच्चों को कर रहे प्रोत्साहित
- तकनीकी युग में हमें भी उसी अनुरूप ढलना होगा
- मोबाईल है तो मानो दुनिया मुट्ठी में
- पर्स छूट जाये, गम नहीं मोबाइल छूटे तो परेशान

## जब सदन में सीपी सिंह ने मंत्री इरफान अंसारी को दी चुनौती, कहा

# सबूत दिखा दें, विधायकी से दे दूंगा इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** भाजपा विधायक सीपी सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पीएम मोदी के 15 लाख देने वाले बयान का प्रमाण दिखाने को कहा है। उन्होंने कहा कि वे अगर इसका सबूत दें तो मैं विधायकी से इस्तीफा दे दूंगा। अगर वह सबूत नहीं दिखा सके तो उन्हें इस्तीफा देना होगा। विधानसभा सत्र के चौथे दिन सीपी सिंह ने इरफान अंसारी को चैलेंज कर दिया। दरअसल, इरफान अंसारी ने पीएम मोदी 15 लाख देने वाले बयान पर केंद्र सरकार को सदन में घेरा था। उन्होंने इरफान को यह चुनौती दे दी। इसके बाद भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने नौकरी से संबंधित मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने 10 लाख नौकरी देने का वादा किया था लेकिन, वो वादा आज तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी में आज 1700 से अधिक पद खाली हैं। इसके अलावा आज हर परीक्षा का पेपर लीक हो जा रहा है तो ये पद कहां भरेगा।

## न्यूज डायरी

### तेज रफ्तार वाहन पलटा दो युवकों की मौत

**गिरिडीह।** बिरनी में शुक्रवार को सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। पांच अन्य लोग घायल हो गये। सलेडीह गांव में तेज रफ़्तार एक स्कार्पियो असंतुलित हो कर पलट गया। वाहन पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी। मृतकों में सलेडीह गांव निवासी आकाश राय (19) और बिट्टू तुरी शामिल हैं।

### पत्थर लेने जा रहे हाइवा को अपराधियों ने फूंका

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कुहकुह इलाके में अपराधियों ने एक हाइवा में आग लगा दी। हाइवा माइंस में पत्थर लेने जा रहा था। बाइक से आये तीन अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार शैलेंद्र सिंह का हाइवा कुहकुह इलाके में माला कुमार की माइंस में पत्थर लेने जा रहा था। पुलिस इस घटना में अपराधी और उग्रवादी कनेक्शन की भी जांच कररही है। इस घटना से चालकों में दहशत है।

### पलामू जिले में 251 अनुसेवक सेवामुक्त

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 251 अनुसेवकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इन अनुसेवकों की बहाली वर्ष 2010 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पलामू जिला प्रशासन ने सभी को बर्खास्त करने की कार्रवाई की। हालांकि 2010 में ही बहाल हुए सात अनु सेवकों की सेवा अभी बरकरार रखा गया है। इसे लेकर भारी असंतोष की स्थिति बनी हुई है। सेवा से बर्खास्त हुए अनुसेवक शुक्रवार को शिवाजी मैदान में जुटे एवं बर्खास्तगी की कार्रवाई पर रोष व्यक्त किया। इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की गयी। अगले आदेश का इंतजार किया जा रहा है।

### झारखंड के कई जिलों में आज बारिश संभव

**रांची।** राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों में शनिवार को हल्की बारिश और एक दो स्थानों पर वज्रपात होने की आशंका है। जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। इनमें कोडरमा गढ़वा, पलामू, चतरा और लोहरदगा शामिल है। वहीं रांची और आसपास के इलाकों में इस बदलाव का असर कम देखने को मिलेगा। रांची में इसकी वजह से शनिवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे।

### पीएफ ब्याज दर नहीं बढ़ी, करोड़ों को झटका

**नयी दिल ली।** इपीएफओ ने 2024-25 के लिए ब्याज दर 8.25 फीसदी पर बरकरार रखी है। इससे लाखों कर्मचारियों को झटका लगा है, क्योंकि उन्हें पीएफ पर ज्यादा रिटर्न की उम्मीद थी। अब सभी की निगाहें वित्त मंत्रालय की मंजूरी पर टिकी हैं। ब्याज दर यथावत रखने का यह फैसला इपीएफओ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की बैठक में लिया गया।

# उत्तराखंड में ग्लेशियर टूटा, 32 बचाये गये

### 6 फीट तक जमी बर्फ के बीच 25 की तलाश

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली में शुक्रवार सुबह 7.15 बजे ग्लेशियर टूटा (एवलांच) जिसकी चपेट में आ कर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के 57 मजदूर दब गये थे। इनमें से 32 को बचावकर्मियों ने सुरक्षित निकाल लिया। रेस्क्यू में जुटी सेना, आइटीबीपी, बीआरओ, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ टीम ने शाम तक 32 मजदूरों को बाहर निकाल लिया। सैकड़ों मीटर की उंचाई पर एवलांच के कारण 6 फीट तक बर्फ जम गया है। उसे बीच 25 मजदूर अभी फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने का प्रयास जारी है। जानकारी के अनुसार, सभी मजदूर भारत-चीन सीमा के पास स्थित चमोली के माणा गांव के पास बीआरओ के निर्माण कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक ग्लेशियर टूट गया। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, चमोली में माणा गांव के निकट बीआरओ द्वारा संचालित निर्माण कार्य के दौरान हिमस्खलन की वजह से कई मजदूरों के दब गये हैं। भगवान बद्री विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं।

### सीएम हेमंत ने श्रमिकों की सुरक्षा की कामना की

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने उत्तराखंड में ग्लेशियर टूटने के कारण फंसे श्रमिकों के सुरक्षा की कामना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उत्तराखंड के चमोली जिले में बीआरओ अंतर्गत कार्य कर रहे कई श्रमिकों की टूटे ग्लेशियर की चपेट में आने की खबर से वह आहत हैं। बचाव कार्य चलाया जा रहा है। मरांग बुरु से इस हादसे की चपेट में आये सभी श्रमिकों की सुरक्षा की कामना करता हूं।

# शेयर बाजार में कोहराम, निवेशकों के अरबों डूबे

### टूट गया 28 साल का रिकॉर्ड सेंसेक्स 1,400 अंक गिरा



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में खुले। बैंकिंग और आइटी सेक्टर के बड़े शेयरों में गिरावट की वजह से बाजार पर दबाव बना। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 1400 अंक से ज्यादा गिर गया। इससे निवेशकों को लगभग 9.61 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। लगातार पांचवें महीने शेयर मार्केट में गिरावट आयी है। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नये टैरिफ बयानों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। साथ ही जीडीपी के आंकड़ों का भी इंतजार था। दोपहर बाद 12.50 बजे बीएसई सेंसेक्स 1,400 अंक 73,189 पर आ गया। निफ्टी भी 22,150 अंक से नीचे पहुंच गया। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 9.61 लाख करोड़ रुपये घटकर 383.49 लाख करोड़ रुपये रह गया। लगातार पांचवें महीने शेयर मार्केट में गिरावट आई है। 1996 के बाद यह पहला मौका है जब लगातार पांच महीने शेयर मार्केट में गिरावट दर्ज की गयी। अमेरिका के बाजार में चिप बनाने वाली कंपनी के शेयरों में गिरावट के बाद निफ्टी-आइटी इंडेक्स के शेयर शुरूआती कारोबार में 4% तक गिर गये। आइटी कंपनियों के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। बैंकिंग, मेटल, फार्मा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस सेक्टर के इंडेक्स भी 1-2% तक नीचे कारोबार कर रहे है। लगभग हर सेक्टर में गिरावट देखने को मिली।

**जीडीपी आंकड़ों से पहले घबराहट :** धीमी आर्थिक वृद्धि, कमजोर कमाई, ट्रंप की टैरिफ नीतियां और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बेंचमार्क को सितंबर के अंत के उच्चतम स्तर से 14% नीचे खींच लिया है।



| गहना आभूषण | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 79700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 97000 रु./प्रति किलो |






## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

**शुद्धिपत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/HAZARIBAG/ 38 /2024-25 ,PR संख्या– 338564 Building(24-25)-D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–02, कार्य का नाम– Renovation work for UMV Talaswar Block Barkagaon, Hazaribag. को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 347401 Building(24-25).D



## कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,
## लघु सिंचाई प्रमंडल,लोहरदगा

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं०– MID / LOHARDAGA /F.-19/2024-2025 Date :-15/02/2025 (2nd Call) ,जिसका पी.आर.सं०–346546(Lohardaga)24-25 (D) में अपरहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| Date of Publication of E - Tender on website | 01.03.2025 at 2.00 PM |
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 07.03.2025 up to 5:00 PM |
| Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 07.03.2025 up to 5:00 pm |
| Date of Opining Tender | 10.03.2025 at 2:00 PM |

निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,लोहरदगा

PR 347369 (Lohardaga)24-25*D



## e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
Ranchi

**e-Procurement Notice**
**( Very Short Notice)**
**Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-54/2024-25 Date:-27.02.25**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall (550'0") with Camp Office at Proposed Jharkhand Guest House Puri, Site Odisha | Rs. 87,99,400.00 | 06 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05.03.2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय | 19.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 20.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhandtenders.gov.inT

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Special Works Division
Building Construction Department, ,Ranchi

PR 347387 Building(24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या**
**DWSD/Spare Parts/08/2024-25 दिनांक : 27.02.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम– Supply of Spare Parts for Deep Tube Well Hand Pump India Mark-II confirming to specification IS:15500(Part-2) 2004 with latest amendment under D.W.& S. Division, Lohardaga for the year 2024-25 under State fund | |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 20,06,141.00 रूपये (बीस लाख छः हजार एक सौ एकतालीस रू0) |
| 3 | अग्रधन की राशि | 41,000.00 रूपये (एकतालीस हजार रू0) |
| 4 | परिमाण विपत्र कामूल्य | 5,000.00 रूपये (पाँच हजार रू0) |
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | 31–03–2025 तक |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01–03–2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 07–03–2025, 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 07–03–2025, 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | 08–03–2025, 04:00 बजे अपराह्न से कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा |
| 11 | प्राक्योरमेंट कार्यालय का संपर्क नं0 | 8084784990 |

नोटः प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

PR 347366 Lohardaga(24-25).D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा



समाचार पत्र पंजीयन (केंद्रीय) कानून, 1956 आठवें नियम के अंतर्गत अपेक्षित 'खबर मन्त्र' रांची नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा :–

**प्रपत्र-4**

1. प्रकाशन स्थल : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड 834009
2. प्रकाशन अवधि : प्रतिदिन
3. मुद्रक का नाम : मंजू सिंह वास्ते वृंदा मीडिया, पब्लिकेशन्स प्रा . लि .
   क्या भारत का नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
4. प्रकाशक का नाम : मंजू सिंह, वास्ते वृंदा मीडिया, पब्लिकेशन्स प्रा . लि .
   क्या भारत का नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
5. संपादक : अविनाश चन्द्र ठाकुर
   क्या भारतीय नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों : XX

मैं मंजू सिंह एतद द्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

तारीख : 1 मार्च 2025

ह . मंजू सिंह
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)


### मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर दी बड़ी सौगात, कहा

# राज्य कर्मियों को अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं

- स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना जरूरी
- सीमित संसाधनों के बीच समस्याओं को दूर करना प्राथमिकता
- विकास के लिए संकल्पित होकर काम करने की है आवश्यकता


स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को एक बड़ी सौगात दी है। झारखंड विधानसभा सभागार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर राज्य कर्मियों को सेवा निवृत्ति के बाद भी आर्थिक संबल देने का काम किया है। उसी तरह राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से कर्मियों के समुचित इलाज का पूरा खर्च वहन की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के किसी भी श्रेणी के सरकारी कर्मियों को अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जीवन शैली और कार्य प्रणाली में बदलाव की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही है। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां आम हो चुकी हैं। अस्पतालों का इलाज काफी महंगा हो चुका है।

**सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था कर रहे हैं मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में कई चुनौतियां हमारे सामने खड़ी है। इन सब के बाद भी सरकार का प्रयास है कि यहां की विभिन्न समस्याओं को जड़ से समाप्त कर सके। इसी कड़ी में सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का काम तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी को एक नजरिये से देखती है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिये संकल्पित होकर काम करने की आज आवश्यकता है।

**1 मार्च 2025 से लागू हो रही है योजना**

राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना 1 मार्च 2025 से लागू हो रही है। पहले चरण में इस योजना का लाभ कार्यरत सभी राज्य कर्मियों को मिलने जा रहा है जबकी अन्य श्रेणी के कर्मियों के लिए यह योजना 1 मई 2025 से लागू होगी। इस योजना का लाभ राज्य के सभी सेवाओं के कर्मी, विधानसभा सदस्य, सेवानिवृत कर्मी, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता एवं उनके आश्रित, राज्य विधानसभा के पूर्व सदस्य, अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत– सेवानिवृत्त पदाधिकारी, राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड, निगम, संस्थान, संस्था में कार्यरत – सेवानिवृत्त नियमित कर्मी, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के कार्यरत– सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी तथा निबंधित अधिवक्ताओं को मिलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पैनल में शामिल देश के किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का कैशलेश इलाज लाभुक करा सकेंगे। गंभीर बीमारियों की स्थिति में 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन भी किया जायेगा। अगर इलाज में और भी खर्च हो तो कॉरपस फंड से वह उपलब्ध कराया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। कार्यक्रम में स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, संजय प्रसाद यादव समेत कई अन्य मंत्री एवं विधायक गण, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत राष्ट्रपति की ओर से कार्य करते हुए वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक (जीएस)/जीएसयू/चक्रधरपुर, निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: क्रम सं.: 1; निविदा सं.: सीकेपी-जीएसयू-फेंसिंग-24-25-01; कार्य का नाम: आसनबनी-झारसुगुडा स्टेशन के बीच किलोमीटर 233.880 से 515.117 (281.237 ट्रैक किलोमीटर) तक ट्रैक के साथ धातु बीम क्रैश बैरियर, फिक्स्ड नॉट्स फेंसिंग (वेरिएन्ट-2000), प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट एवं आरसीसी कॉलम के साथ ईंट कार्य द्वारा सुरक्षा बाड़ लगाने की व्यवस्था; निविदा मूल्य: ₹ 2,02,94,87,150.07; बयाना राशि (ईएमडी): ₹ 1,00,00,000; निविदा प्रपत्र की लागत: ₹ 0.00; निविदा खोलने की तिथि: 04.04.2025। निविदाकर्ता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है तथा उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे, और यदि कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा। निविदा को वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। नोटः सभी निविदाकर्ताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण - रेलवे बोर्ड का पत्र सं. 2020/सीई-I/सीटी/3/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR 1196)



**शपथ पत्र**

मैं, पुष्पा देवी पति सुरेश प्रसाद मेहता उम्र लगभग 44 वर्ष, पेशाः गृहणी, निवास स्थान ग्रामः अलौंजाकला, डाकघर.-ईचाक, थानाः ईचाक, जिलाः- हजारीबाग, झारखण्ड शपथपूर्वक निम्न बयान देती हूँ किः-
1. यह कि मेरा आधार संख्या 9377 7381 6575 है मेरे पति का नाम सुरेश प्रसाद मेहता है मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्र का पुराना आधार कार्ड में नाम म बन्टी राज मेहता है आधार संख्या 9876 7420 3180 है जिसमे जन्म तिथी उसके आधार धार में केवल वर्ष 2009 अंकित है। जो सुधार के पूर्व के आधार कार्ड पर अंकित है।
3. यह कि मेरे पुत्र ने अपने आधार संख्या 9876 7420 3180 में जन्म तिथी सुधार करवाया था लेकिन गलती से नाम बन्टी राज मेहता की जगह पर शिवम कुमार मेहता जन्म तिथि 01/01/2009 अंकित हो गया है जो दोनों ही गलत है। जो सुधार के बाद के आधार कार्ड पर अंकित है।
4. यह कि मेरे पुत्र बन्टी राज मेहता का जन्म प्रमाण पत्र संख्या इ-2024:20-909437-005573 निर्गत है जिसमें जन्मतिथि 11/4/2009 अंकित है।
5. यह कि झारखण्ड अधिविध परिषद रांची से निर्गत प्रवेश पत्र संख्या 2081420 एवं अंक पत्र संख्या 080653 में भी नाम बन्टी राज मेहता जन्म तिथी 11/04/2009 अंकित है।
6. यह कि मेरे पुत्र बन्टी राज मेहता ने कभी भी शिवम कुमार मेहता नाम का प्रयोग नहीं किया है न ही भविष्य में शिवम कुमार मेहता नाम का प्रयोग करेगा।
7. यह कि यह शपथपत्र आधार संख्या 9876 7420 3180 में नाम एवं जन्म तिथी सुधार करवाने हेतु बनवा रहा हूँ जो सही में नाम बन्टी राज मेहता जन्म तिथी 11/4/2009 है।
8. यह उपरोक्त लिखित शपथ पत्र मेरी जानकारी में सत्य वो सही है जिसे पढ़-पढ़वाकर सुन व समझकर सही पाकर अपना हस्ताक्षर बनाया। पुष्पादेवी

**सत्यापन**
मैं पुष्पा देवी पति सुरेश प्रसाद मेहता शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि उपरोक्त लिखित बाते मेरी जानकारी में सत्य को सही है आज दिनांक 18.12.2024 को हजारीबाग में अपना हस्ताक्षर बनाया।


## आर्थिक कुप्रबंधन और लूट का, कैग रिपोर्ट दे रही गवाही: बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर सीएजी रिपोर्ट के हवाले से निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का पिछला 5 साल वित्तीय कुप्रबंधन, लूट और भ्रष्टाचार का रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से पिछले 5 साल का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। झारखंड में चिकित्सा कर्मचारियों की भारी कमी की रिपोर्ट कैग ने दी है। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2022 तक चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों के 3,634 स्वीकृत पदों में से 2,210 पद खाली रह गये। ऑडिट में झारखंड के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और पैरामेडिक्स की भारी कमी का खुलासा हुआ है। इसके अलावा आवश्यक दवाओं की गंभीर कमी का भी पता चला। 2020-21 और 2021-22 के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में 65 प्रतिशत से लेकर 95 प्रतिशत तक आवश्यक दवाओं की कमी पाई गई। उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट में साफ है कि राज्य सरकार कोविड के लिए दी राशि खर्च नहीं कर सकी। रिपोर्ट में जिक्र है कि कोविड.19 प्रबंधन निधि की राशि का समुचित उपयोग नहीं किए जाने के कारण जिला स्तर पर आरटीपीसीआर प्रयोगशालायें रांची में शिशु चिकित्सा उत्कृष्टता केंद्र, सीएचसी, पीएचसी, एचएससी में पूर्व निर्मित संरचनायें एवं तरल चिकित्सा ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना नहीं हो पाई। कोविड अवधि के दौरान जिला प्रयोगशालायें स्थापित नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि 19125 करोड़ राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दियाए भ्रष्टाचार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट में उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने पर विभागों में भ्रष्टाचार की आशंका जाहिर की गई है।

### 108 एंबुलेंस सेवा और रोजगार पर गरमाया सदन

## देवघर, धनबाद समेत छह शहरों में खुलेगा मेडिकल कॉलेज : इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के चौथे दिन 108 एंबुलेंस सेवा को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। विधायक अमित कुमार यादव ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज निर्माण की मांग उठायी। इस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि कोडरमा में मेडिकल कॉलेज का 38% निर्माण पूरा हो चुका है। पहले चरण में धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और जमशेदपुर में मेडिकल कॉलेज खोले जायेंगे। इसके अलावा, पांच सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और 108 एंबुलेंस सेवा को मजबूत करने की योजना है। इधर, सत्ता पक्ष के विधायक स्टीफन मरांडी ने भी 108 एंबुलेंस और सदर अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने की मांग की, जबकि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सेवा की नियमावली में संशोधन का सुझाव दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 108 एंबुलेंस सेवा का जिम्मा नयी एजेंसी को सौंपा गया है। श्रम मंत्री संजय प्रसाद सिंह यादव ने कहा कि सरकार रोजगार के प्रति उदार दृष्टिकोण अपना रही है। 24 में से 18 जिलों में रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं और कुटीर एवं मध्यम उद्योगों में रोजगार बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। विधायक प्रदीप यादव ने शिकायत की कि उनके सवालों के जवाब समय पर नहीं मिल रहे हैं। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सभी विभागों को समय पर उत्तर देने का निर्देश दिया। भाजपा विधायक राज सिन्हा ने 917.69 करोड़ की धनबाद पेयजलापूर्ति योजना पर चर्चा न होने को लेकर सवाल उठाये। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब दिया कि धनबाद में कुल 12 योजनाएं चल रही हैं। इनमें स्टेट प्लान की योजनाएं पूरी हो चुकी हैं जबकि, नगर विकास विभाग बाकी योजनाओं पर काम कर रहा है।

**सत्ता–विपक्ष दोनों ने जमीन अधिग्रहण का मुद्दा उठाया :** सत्र के चौथे दिन जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मुआवजा, एनओसी और म्यूटेशन में धांधली का मुद्दा गरमाया रहा। इस पर विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी सवाल उठाये। अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से विधायक नागेंद्र महतो ने सरकार से पूछा कि क्या वह गैर-मजरूआ जमीन पर किसानों से राजस्व लेकर उन्हें स्वामित्व का अधिकार देने पर विचार कर रही है? इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने जवाब दिया कि पूर्व की भाजपा सरकार ने अवैध जांच का आदेश दिया था लेकिन अब 2018 से पूर्व की बंदोबस्ती वाली जमीन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्रक्रिया लागू होने के बाद खाता और प्लॉट नंबरों में बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत से पांच एकड़ की जमीन को पांच डिसमिल दिखाया जा रहा है और अंचल अधिकारी 25 से 50 हजार रुपये तक की घूस मांग रहे हैं। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी अंचल से ऐसी शिकायत मिलती है, तो कार्रवाई की जायेगी। कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी सरकार से विकास कार्यों के लिए भूमि देने वाले रैयतों के गैर-अधिग्रहित प्लॉट पर प्रतिबंध हटाने की मांग की। कांग्रेस विधायक सुरेश पासवान ने देवघर कहा कि देवघर में रसीद कटवाने पर अधिकारी सीबीआई जांच का हवाला दे रहे हैं। कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने ज्यूडिशियल अकादमी से नगड़ी तक अधिग्रहित भूमि के मुआवजे का भुगतान अब तक न होने का मुद्दा उठाया।मंत्री दीपक बिरूआ ने कह कि रैयती जमीन को प्रतिबंधित करने का प्रावधान नहीं है।

## ध्वनिमत से 5,508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पारित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद 5,508 करोड़ रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। वित्तमंत्री राधाकृष्णी किशोर ने कटौती प्रस्ताव को लेकर कहा कि उन्हें आशा थी की अनुपूरक बजट पर विपक्षी सदस्यों की ओर से सरकार को सुझाव दिया जायेगा। लेकिन, विपक्ष ने वित्तीय मामलों पर कम बल्कि राजनीतिक मुद्दे ज्यादा उठाये। विपक्ष की यह बात सही नहीं है कि सदन में मूल बजट आना है तो बीच में अनुपूरक बजट की क्या जरूरत है।

हाल ही में केंद्र सरकार ने झारखंड को बकाया 1112 करोड़ रुपये दिया है तो क्या इस राशि का उपयोग अनुपूरक के जरिए विकास कार्यों में न हो। उन्होंने कहा कि हर पांचवां वर्ष चुनाव का होता है। इसका असर राज्यों के खर्च और इसके राजस्व पर पड़ता है। हमारी सरकार की सोच है कि ऐसे विभागों के पैसे को उन विभागों को दे दिया जाये। जिन विभागों में अधिक खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने जदयू विधायक सरयू राय की ओर से उठाये गये मुद्दों पर कहा कि यदि सदन के बगैर अनुमति के राशि का आवंटन नहीं किया जाता है। यदि ऐसी बात होगी तो इसकी जांच कराई जायेगी।

मालूम हो कि सरयू राय ने सदन की बगैर अनुमति के राशि आवंटित करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि वित्त मंत्री को सरकार के बही-खातों को दुरुस्त करना चाहिये।

## डॉ. अंजिला गुप्ता कोल्हान विवि की कुलपति, प्रो. दिनेश सिंह को नीलांबर-पीतांबर विवि की कमान



**रांची।** डॉ. अंजिला गुप्ता को कोल्हान विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति हैं। वहीं प्रो. दिनेश सिंह को नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी का कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉ. दिनेश कुमार सिंह वर्तमान में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। राजभवन की ओर से नियुक्ति संबंधी अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गयी है। इनका कार्यकाल तीन वर्षों के लिए होगा।

## मुख्यमंत्री से मिलीं नीरू शांति भगत

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि नीरू शांति भगत जल्द ही झामुमो में शामिल होंगी। नीरू शांति भगत आजसू से हैं। वह आजसू की टिकट पर दो बार लोहरदगा से चुनाव भी लड़ चुकी हैं। हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली। उनके पति कमल किशोर भगत इसी पार्टी से दो बार लोहरदगा से विधायक रहे थे। बताया जाता है कि नीरू शांति भगत लंबे समय से पार्टी से नाराज चल रही हैं। विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी बुरी तरह पराजित हो चुकी है। ऐसे में आजसू पार्टी के स्तंभ माने जाने वाले लोग लगातार विकल्प की तलाश में हैं।


## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड, राँची
## कार्यालय-वन संरक्षक एवं राज्य वन वृक्ष विज्ञानी, झारखण्ड, राँची

**सीसल रेशा बिक्री हेतु पुनर्निविदा सूचना**

वन संरक्षक एवं राज्य वन वृक्ष विज्ञानी, झारखण्ड, राँची द्वारा सीसल रेशा के 150 मे0 टन की बिक्री हेतु क्रेताओं से पुनर्निविदा दिनांक–18.03.2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक मुहरबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18.03.2025 के अपराह्न 1:30 बजे वन भवन परिसर, डोरण्डा, स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में क्रेताओं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। सीसल रेशा का उठाव लातेहार स्थित सीसल गोदाम से किया जायेगा। गोदाम की दूरी राँची मुख्यालय से लगभग 100 कि0मी0 है।

इच्छुक क्रेता निविदा फार्म (Tender Form) बिक्री के नियम एवं शर्तो के साथ वन संरक्षक एवं राज्य वन वृक्ष विज्ञानी, झारखण्ड, राँची के कार्यालय, वन भवन, ब्लॉक–ई, डोरण्डा, राँची से कार्यालय अवधि में रु0 500/– (पाँच सौ रूपये नगद) नगद देकर अथवा वन विभागीय वेबसाइट (http://forest.jharkhand.gov.in/) से डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड किये जाने की स्थिति में क्रेता को रु0 500/– (पाँच सौ रूपये नगद) का बैंक ड्राफ्ट, जो वन संरक्षक एवं राज्य वन वृक्ष विज्ञानी, झारखण्ड, राँची के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक, डोरण्डा शाखा, राँची पर भुगतेय होगा, संलग्न करना होगा।

150 मे0 टन सीसल रेशा का निविदा के लिए अग्रधन राशि (Earnest money) रू0 55000/– (पचपन हजार रूपये) का बैंक ड्राफ्ट वन संरक्षक एवं राज्य वन वृक्ष विज्ञानी, झारखण्ड, राँची के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक, डोरण्डा शाखा, राँची पर भुगतेय बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा के नियम एवं शर्त की प्रति उपरोक्त वर्णित विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

**निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की स्थिति में समर्पित निविदा को अमान्य समझा जाएगा।**

क्रेताओं को अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यावधि (10 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक) कार्यालय आकर या मो0 संख्या– 6204489633 पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

ह0/–
(पी0 आर0 नायडू, भा0व0से0)
वन संरक्षक एवं राज्य वन वृक्ष विज्ञानी,
झारखण्ड, राँची।

PR.NO.347346 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D


### खबर एक नजर में

## स्वास्थ्य बीमा योजना से सहायक अध्यापकों को वंचित रखना अत्याचार : बिनोद तिवारी

**रांची।** हेंमत सरकार द्वारा स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत शुक्रवार को की गई। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बिनोद तिवारी ने कहा कि सहायक अध्यापकों को इस योजना से वंचित रखना अध्यापकों पर अत्याचार है।

## आदिम जनजातियों के लिए कार्यक्रम आज

रांची। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो और बोकारो जिला प्रशासन के सहयोग से आदिम जनजातियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन शनिवार को चंद्रपुरा में किया जायेगा। इस अवसर पर झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद, हाईकोर्ट के जज और अन्य संबंधित न्यायिक पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## स्नातक स्तरीय शिक्षक परीक्षा से संबंधित दस अपील याचिकाएं खारिज

**रांची।** हाईकोर्ट की डबल बेंच ने स्नातक स्तरीय शिक्षक परीक्षा में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं होने के कारण योग्यता रद्द करने के आदेश को चुनौती देने वाली दस अलग–अलग अपील याचिकाएं खारिज कर दी है। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता और जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पीपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...

सज धज कर तैयार जुबिली पार्क



संस्थापक दिवस पर जगजग करता जुबिली पार्क। आम लोगों को 3 से मिलेगी इंट्री।

# अब केबुल टाउन के निवासियों को मिलेगी टाटा की बिजली

### लोग व्यक्तिगत कनेक्शन का दे आवेदन, जल्द शुरु होगी प्रक्रिया : सरयू राय

## टाटा लैंड डिपार्टमेंट के वरीय अधिकारियों ने भी हाईकोर्ट के फैसले को स्वीकारा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केबुल टाऊन, जमशेदपुर के निवासियों को टाटा स्टील की बिजली का कनेक्शन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

केबुल कंपनी के निवासी अब अपने निवास स्थान के लिए बिजली कनेक्शन का आवेदन फॉर्म भरें, उन्हें टाटा स्टील की टीएसआईयूएसएल बिजली देगा। शुक्रवार को झारखण्ड हाईकोर्ट ने दो वर्ष पहले दायर एक रिट याचिका पर यह फैसला दिया और कहा कि लोग व्यक्तिगत रूप से टाटा पावर कनेक्शन के लिए आवेदन दें। अदालत के इस फैसले पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि वह बीते तीन साल से लगातार कह रहे थे कि केबुल टाउन और केबुल बस्ती में बिजली कनेक्शन देने में टाटा स्टील के सामने कोई कठिनाई नहीं है और उन्हें कनेक्शन देना चाहिए। विधायक सरयू राय ने कहाः मेरी बात मानने की जगह उन्होंने दिवालिया केबुल कंपनी के रिजोल्यूशन प्रोफेशनल से इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा, जो उन्होंने आज तक नहीं दिया और आगे भी नहीं देंगे। हाईकोर्ट के आज के फैसला के बाद मेरी बात पर मुहर लग गई और टाटा स्टील के पास केबुल वासियों को बिजली कनेक्शन देने के अलावा कोई चारा नहीं है। टाटा स्टील प्रबंधन भी इस फैसले को स्वीकार कर शीघ्र बिजली कनेक्शन देना शुरू करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।



बंद पड़ी केबुल कंपनी।

यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि टाटा लैंड डिपार्टमेंट के वरीय अधिकारियों ने भी उनसे बातचीत में हाईकोर्ट के इस फैसला को स्वीकार किया और मुझे सूचित किया कि वे केबुल कंपनी क्षेत्र में बिजली कनेक्शन देने की प्रक्रिया शीघ्र आरम्भ करेंगे। उन्हें हाईकोर्ट के फैसले की अभिप्रमाणित प्रति मिलने का इंतजार है। उम्मीद है कि फैसला की प्रति आज-कल में हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हो जाएगी। राय ने केबुल कंपनी वासियों को बधाई दी और कहा कि उनकी चिर प्रतीक्षित मांग आज पूरा हो गई।

केबुलवासियों ने इस बीच जिस धैर्य का परिचय दिया, उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। वह इस मामले में बिल्कुल आश्वस्त थे कि जब उनके प्रयास से केबुल क्षेत्र के घर-घर में टाटा स्टील का पेयजल कनेक्शन तीन साल पहले मिल गया तो एक न एक दिन बिजली कनेक्शन भी अवश्य मिलेगा। आज यह उम्मीद पूरा हो गई। उन्होंने इसके लिए टाटा स्टील प्रबंधन और रिट याचिकाकर्ता को धन्यवाद भी दिया।

## स्पीड न्यूज

### ब्राउन सुगर के साथ 13 गिरफ्तार, जेल



जमशेदपुर। जुगसलाई थाना अंतर्गत पार्वती घाट के समीप ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की सूचना पर जमशेदपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 अपराधियों को वजन करीब 150 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 मोबाइल, 7920 रु0 नगद एवं अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### बैंक ऑफ बडौदा ने लगाया पुराने नोट बदलने का शिविर



जमशेदपुर। बिस्टुपुर जमशेदपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा द्वारा आज बिस्टुपुर बाजार मे कटे फटे नोटों के बदलने के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया जहां बिस्टुपुर बाजार के व्यपारियों के बिच पुराने नोटों के बदले नये का बदलने का कार्य किया गया। जहां काफी संख्या मे लोग लाइन लगा कर पुराने कटे एवं फटे नोटों के बदले नये नोट लिए एवं व्यापार मे सुविधा हेतु खुचरा नोट एवं सिक्के लिए ताकि व्यापार मे सहूलियत हो सके। उक्त जानकारी देते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, बिष्टुपुर मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार यह पुराने एवं कटे फटे नोटों के बदले नये नोट को देने हेतु शिविर का आयोजन किया गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार बाजार से कटे फटे एवं पुराने नोटों को सिलसिलेवार ढंग से वापस ले कर नये नोट एवं नये सिक्कों को चलन मे लाने कि योजना है। उक्त अवसर पर तरुण कुमार दत्ता का भी सक्रिय योगदान रहा।

### सिंहभूम चैम्बर ने नमो बुक बैंक हेतु किताबों का संग्रहण शुरू किया

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर के द्वारा नमो बुक बैंक की स्थापना हेतु अपने सदस्यों, व्यवसायियों एवं उद्यमियों के अलावा जमशेदपुर के सभी लोगों से उनके कार्यालय में या घर में रखे किसी भी तरह की किताबें चाहे वह छात्र-छात्राओं की नर्सरी से कॉलेज तक की किताब, नॉवेल या किसी भी तरह की किताब जो लोगों को अच्छी जानकारियां उपलब्ध कराता हो को चैम्बर कार्यालय में लाकर जमा कर सकते हैं। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि पिछले दिनों माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के चैम्बर आगमन पर उन्होंने अपनी बातों को चैम्बर से साझा करते हुये बताया कि उनके द्वारा नमो बुक बैंक की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। इसके लिये देश के सभी राज्यों के लोगों से उनके कार्यालयों एवं घरों में पड़े किताबों का संग्रह किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वैसे जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की आवश्यकताओं को पूरा करना है जो पैसे की कमी के कारण किताबों की खरीदारी नहीं कर पाते हैं और अपने पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। तथा अन्य जानकारियां किताबों की कमी के कारण उन्हें उपलब्ध नहीं हो पाता है। उन्हें इस नमो बुक बैंक के माध्यम से उनके जरूरत की किताबों को उपलब्ध कराया जायेगा। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि रक्षा राज्यमंत्री ने चैम्बर से भी आग्रह किया कि वे नमो बुक बैंक हेतु किताबों का संग्रहण करे।

### कांग्रेस ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रथम राष्ट्रपति स्वः डॉ राजेन्द्र प्रसाद का पुण्य तिथि का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### संस्थापक दिवस पर जुबिली पार्क में एआई से क्राउड मैनेजमेंट, कल आयेंगे चेयरमैन

# जुबिली पार्क की विद्युत सज्जा पूरी, 3 से इंट्री

## इस बार का थीम है : लीडरशिप इन मार्केट, टेक्नोलोजी एंड कॉस्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा की 186 वीं जयंती की तैयारी को कंपनी ने अंतिम रुप दे दिया है। ऐतिहासिक जुबिली पार्क की विद्युत सज्जा का ट्रायल कर दिया गया है, और इसका उद्घाटन 2 मार्च को टाटा ग्रुप के एग्जूक्टिव चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन करेंगे। इस अवसर पर टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन समेत कंपनी बोर्ड के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने कहा कि आम नागरिकों एवं पर्यटकों के लिए जुबिली पार्क 3 मार्च से लेकर पांच मार्च की शाम पांच बजे से रात्रि 11 बजे तक खुला रहेगा। लोग पैदल शाम पांच बजे से रात्रि 10 बजे तक घुमेंगे जबकि रात्रि 10 बजे से 11 बजे तक लोग चार पहिया वाहन से जुबिली पार्क घुमेंगे।सेंटर फॉर एक्सीलेंस में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने कहा कि जुबिली पार्क में बड़ी संख्या में नागरिकों की आमद को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। टाटा स्टील यूआइएसएल के जनरल मैनेजर आरके सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जुबिली पार्क में निर्धारित अवधि के दौरान पुलिस, निजी सुरक्षा गार्ड और एनसीसी समेत कुल 450 लोग सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे।



सम्मेलन को संबोधित करते वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी। अगल-बगल बैठे हैं आरके सिंह और रितुराज सिन्हा।

**टाटा स्टील की ओर से संस्थापक दिवस पर मिल रहे तोहफें :** टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी ने बताया कि संस्थापक दिवस के अवसर पर टाटा स्टील की ओर से शहरवासियों को कई तोहफे दिये जायेंगे। टाटा मेन हॉस्पिटल में स्पाइन क्लीनिक, स्ट्रोक मैनेजमेंट क्लीनिक का उद्घाटन होगा जबकि एमटीएमएच में आधुनिक ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया जायेगा।

इसके अलावा बागमती रोड में प्रेम ज्योति स्कूल के नये भवन, चाइल्ड लेबर फ्री जमशेदपुर अभियान के लिए कार्यालय भवन, पशुओं की अंत्येष्टि के लिए विद्युत दाह संस्कार केंद्र का उद्घाटन किया जायेगा।

**जुबिली पार्क में रहेंगी ये सुविधाएं**

जुबिली पार्क में पर्यटकों की भारी आवक को देखते हुए कंपनी ने वहां पर्याप्त संख्या में टॉयलेट, दो वाच टावर, एम्बुलेंस एवं फायर बिग्रेड का दस्ता तैनात करने का फैसला किया है।

**3 मार्च को बिष्टुपुर पोस्टल पार्क पर नहीं निकलेगी झांकी**

टाटा स्टील यूआइएसएल के जीएम आरके सिंह ने बताया कि इस वर्ष 3 मार्च को सुबह 9.30 बजे टाटा ग्रुप के चेयरमैन अपने बोर्ड मेंबर के साथ बिष्टुपुर पोस्टल पार्क पर जेएन टाटा की प्रतिमा पर श्रदधांजलि अर्पित करेंगे।

किन्तु इस बार यहां सामाजिक संगठनों की झांकी नहीं प्रदर्शित की जायेगी और सड़क आम दिनों की भांति खुली रहेगी।

## जलेस की वैचारिक सह कविता गोष्ठी संपन्न, अली इमाम खां रहे उपस्थित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भोजपुरी भवन, गोलमुरी में जनवादी लेखक संघ सिंहभूम की वैचारिक सह कविता गोष्ठी शैलेन्द्र अस्थाना की अध्यक्षता में समपन्न हुई। प्रारंभ में जलेस के राज्य उपाध्यक्ष और हजारीबाग ईकाई के जिला सचिव प्राणेश कुमार के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शैलेन्द्र अस्थाना ने प्राणेश कुमार को एक अच्छा सम्पादक और समर्पित साहित्यकार बताया। राष्ट्रीय सचिव डॉ अली इमाम खां ने भावुक स्वर में युद्धरत आम आदमी और खामोशी की आवाज आदि के प्रकाशन में प्राणेश कुमार के योगदान को स्मरण किया। द्वितीय सत्र में काव्य पाठ करनेवालों में यमुना तिवारी व्यथित, निवेदिता गार्गी, संजय सोलोमन, सरिता सिंह, ज्योत्सना अस्थाना, नजीर अहमद नजीर, काशीनाथ प्रजापति, निशांत सिंह, शुभम कुमार,मनीष कुमार एवं अन्य प्रमुख थे। कार्यक्रम का सरस संचालन डॉ उदय हयात ने किया और धन्यवाद ज्ञापन वरुण प्रभात ने पूरी की।

## स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा दे रहा स्वावलंबी भारत अभियान : सतीश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच विगत 34 वर्षों से देशभर में हमारे स्थानीय उत्पाद, भारतीय संस्कृति, जैविक कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करता आया है। वर्तमान में रोजगार की कमी को देखते हुये संघ की प्रेरणा से मंच ने स्वावलंबी भारत अभियान की शुरूआत दिनांक 12 जनवरी, 2022 से प्रारंभ किया था। जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच में स्वरोजगार की भावना को जागृत करना एवं दूसरों के लिये रोजगार उत्पन्न करना है। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के तहत मुख्य तीन बिन्दुओं को दृष्टि केन्द्रित कर पूरे देशभर में कार्य किया जा रहा है।



इसके तहत प्रत्येक घर में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग हो एवं व्यवहार में स्वदेशी एवं भारतीय संस्कृति झलके। ऐसा करने से हमारे देश के लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि मंच का यह मानना है कि गुणवत्तापूर्ण रोजगार उद्यमिता के माध्यम से ही विकसित हो सकता है। इसलिये भारत के युवा उद्यमिता के प्रति अपना ध्यान केन्द्रित कर शिक्षा प्राप्त करे। स्वावलंबी भारत अभियान देश के प्रत्येक जिले में स्वावलंबी सहायता केन्द्र के माध्यम से युवाओं में उद्यमिता की समझ विकसित करने का प्रयास कर रहा है। प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय सहसंघर्ष वाहिनी प्रमुख बंदेशंकर सिंह, क्षेत्रीय संगठक अजय कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र सिंह, स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक पंकज सिंह एवं स्वदेशी जागरण मंच जिला संयोजक मुकेश ठाकुर उपस्थित थे।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला परिसर में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी सह पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष विज्ञान दिवस का थीम है एम्पावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एण्ड इनोवेषन फॉर विकसित भारत। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। डॉक्टर खुर्शीद अहमद खान करीम सिटी कॉलेज रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विज्ञान को समझने के लिए सही योजना बनाकर काम करें। सही सूचना और सही जानकारी होगी तभी उन्हें सफलता प्राप्त होगी। छात्र पूरी योजना और क्षमता का इस्तेमाल करें और पढ़ाई हो या काम नियमित अभ्यास करने से ही उन्हें सफलता प्राप्त हो सकेगी।




डॉ खान ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी सह पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अलग अलग थीम पर ग्यारह मॉडल और कई पोस्टर बनाये जिनपर कई स्लोगन और उपयोगी जानकारी लिखे गये थे। इस प्रतियोगिता के विजेता बने स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस की टीम। इन्होंने इंटीग्रेटेड फार्मिंग थीम पर मॉडल बनाया जिनका नेतृत्व मोनाली मोहंता, राखी महतो, अंशु कुमारी, स्वाती कुमारी तथा श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने किया। उपविजेता रही डिप्लोमा मेकेनिकल विभाग की टीम। इन्होंने फायर फाइटिंग रोबोट का मॉडल बनाया।

तीसरा पुरस्कार बी0टेक0 के विद्यार्थियों ने हासिल किया। इन्होंने प्रदुषण नियंत्रण थीम पर अच्छा मॉडल बनाया। अन्य विभाग के बच्चों ने भी उत्साह के साथ अपने द्वारा बनाये गये मॉडल का प्रदर्शन किया।

## सृजनी का वसंत उत्सव 16 मार्च को साई देवस्थानम में

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की बांग्ला भाषी सांस्कृतिक संस्था सृजनी के तत्वाधान में 16 मार्च 2025 (रविवार) को वसंत उत्सव का आयोजन शाम 4 बजे से साईं बाबा मंदिर घोड़ाबांधा, टेल्को में किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभागी शास्त्रीय एवं उप-शास्त्रीय गीत, नृत्य और कविता पाठ में भाग ले सकते है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवा पीढ़ी के बीच वसंत उत्सव मनाने की सुंदर परंपरा ज्ञान एवं संस्कार देना है। कार्यक्रम का आयोजन देबांजलि रॉय चौधरी एवं शुक्ला सरकार की देख रेख में होगा। कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से किया जा रहा है एवं कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है।

## आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पाठ्येतर गतिविधियां जरुरी : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में आहूत बैठक में डीसी अनन्य मित्तल द्वारा शिक्षा विभाग एवं कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों की समीक्षा की गई। डीडीसी अनिकेत सचान व अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में सभी आवासीय विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की स्थिति, शिक्षकों एवं बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति, मैट्रिक एवं इंटर प्री-बोर्ड में बच्चों का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में इस वर्ष में नामांकन की अद्यतन स्थिति समेत मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, आधारभूत संरचना निर्माण कार्यों की आवश्यकता की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सभी आवासीय विद्यालयों के शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में उदासीन रवैया अपना रहे हैं। उपायुक्त द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि उपस्थिति के अनुसार ही शिक्षकों को वेतन दें। वहीं, बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति रिपोर्ट भेजने में भी विद्यालय प्रबंधन रूचि नहीं दिखा रहे, सभी को सख्त निर्देश दिया गया कि बच्चों और शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थित अनिवार्य है, इसे गंभीरता से लेते हुए ऑनलाइन उपस्थिति रिपोर्ट जिला कार्यालय को जरूर प्रेषित करें। सभी आवासीय विद्यालयों में बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का भी निर्देश दिया गया। आवासीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता समेत आधारभूत संरचना निर्माण की आवश्कता पर सभी ने अपने प्रस्ताव दिए। केजीबीवी जमशेदपुर में अतिरिक्त क्लासरूम निर्माण, केजीबीवी चाकुलिया में बाउंड्रीवॉल, केजीबीवी घाचशिला में हॉस्टल की क्षमता बढ़ाये जाने, केजीबीवी बहरागोड़ा में शौचालय व आवासन के लिए डोरमेट्री निर्माण, केजीबीवी गुड़ाबांदा में प्लेग्राउंड का लेवलिंग, बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाने, बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए केजीबीवी धालभूमगढ़ में भी बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई बढ़ाने तथा आवासीय विद्यालयों में तड़ित चालक लगाने का आग्रह विद्यालय के प्रतिनिधियों ने किया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय, आवासीय विद्यालयों के प्राचार्य, वार्डन व अन्य उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

## एक नजर में

### बीए कॉलेज ऑफ इंजी. में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



जमशेदपुर। भारत के महान भौतिकीविद्ध और नॉवेल पुरष्कार विजेता सी भी रमण द्वारा अविष्कृत रमण प्रभाव के वर्षगाठ के अवसर पर बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवम् टेक्नालोजी, जमशेदपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राधानाचार्य डॉ एस के राय, सहायक प्रोफेसर गण सहित छात्र छात्राए भी उपस्थित थे। डॉ एस के राय ने भौतिकी के क्षेत्र में सी भी रमण के योगदान की विसतृत चर्चा किया।आगे कहते हुए उन्होने बताया कि कैसे विज्ञान ने हमारे जीवन को सरल बना दिया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ एस के सिंह ने दूरभाष पर कॉलेज परिवार को विज्ञान दिवस की शुभकामनाए प्रकट किया। इस अवसर पर कॉलेज में विज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओ ने बढचढकर भाग लिया। कार्यक्रम के मंच का संचालन नैनी गिरि, क्विज प्रतियोगिता का संचालन रतन कुमार शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञयापन दीपा मुण्डा ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बेसिक सांइस एवं हुमिनिट्ज विभाग के डॉ अभिनंदन मखाल, नंद किशोर दास, डॉ अंकिता साहु तथा अनंता चटर्जी का सहयोग रहा।

### दिल्ली व अन्य राज्यों से आये युवाओं स्वागत



जमशेदपुर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत नेहरु युवा केंद्र, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, जिला खेल पदाधिकारी अभिनेष त्रिपाठी, नेहरू युवा केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के पूर्व जिला युवा समन्वयक एंजिल्स मिंज, करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज, पूर्वी सिंहभूम की जिला युवा अधिकारी अंजली कुमारी एवं दिल्ली के युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों के युवाओं के बीच संस्कृति, शिक्षा और आपसी समझ को बढ़ावा देना था। अंतर्राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए युवाओं ने भाग लिया, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा मिला। समारोह की शुरूआत राष्ट्रगान और एक सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने कहा कि हम युवाओं पर देश का भविष्य टिका है। हमें केवल शिक्षा और करियर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए।

### ई सी एच एस की डेंटल डॉक्टर तनुश्री दत्ता को पूर्व सैनिकों ने किया सम्मानित



जमशेदपुर। आर्मी एयरफोर्स और नेव्ही से सेवानिवृत सैनिकों की इलाज करने वाली संस्था ई सी एच एस पॉलिक्लिनिक जमशेदपुर में कार्यरत डेंटल की डॉ तनुश्री दत्ता जो विगत कई बर्षों से सेवा दे रही थीं। उनका अवध डेंटल कॉलेज में प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति हुई। आज उनका ई सी एच एस में अंतिम कार्य दिवस था। जानकारी मिलने पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के प्रतिनिधि के रूप में सुशील कुमार सिंह डॉक्टर कमल शुक्ला एवं सतनाम सिंह ने वहां के ऑफिसर इंचार्ज कर्नल जी सामद एवं सेवानिवृत्ति ऑफिसर इंचार्ज कर्नल एस अय्यर कर्नल तेजपाल बाजवा की उपस्थिति में शॉल ओढ़ाया एवं पौधा देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉक्टर मैडम ने कहा कि हम जहाँ भी रहे हमें पूर्व सैनिकों के इलाज करने का गौरव हमेशा महसूस होता रहेगा और जब भी किसी सैनिक परिवार को हमारी सेवा की जरूरत पड़े हमें निश्चित रूप से याद कीजिए हम हर संभव मदद करने को तैयार रहेंगे।

### एसडीओ ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण




जमशेदपुर। जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संचालन को लेकर एसडीओ, एलआरडीसी, बीडीओ, सीओ द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार द्वारा जमशेदपुर शहरी क्षेत्र में मैट्रिक बोर्ड परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था संधारण का जायजा लिया गया तथा कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम ने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को सख्त निर्देश दिया कि एक बेंच पर दो से अधिक छात्र-छात्राएं नहीं बैठें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, हेडफोन या अन्य प्रतिबंधित उपकरण परीक्षा केंद्र में लाना सख्त मना है। उन्होंने प्रतिनियुक्त पुलिस बल को निर्देश दिया कि प्रथम और द्वितीय पाली में छात्रों की अच्छी तरह जांच कर ही उन्हें परीक्षा कक्ष में बैठाएं ताकि परीक्षा कदाचार मुक्त हो।

### स्टार हेल्थ इंश्योरेंस बना भारत का सबसे बड़ा होम हेल्थकेयर नेटवर्क

जमशेदपुर। भारत की अग्रणी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने अपनी होम हेल्थकेयर (एचएचसी) पहल का विस्तार कर देश का सबसे बड़ा कैशलेस डोरस्टेप मेडिकल केयर नेटवर्क बना लिया है। जुलाई 2023 में शुरू की गई यह सेवा अब जमशेदपुर समेत 100 शहरों में उपलब्ध है और 85 प्रतिशत से अधिक ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त खर्च के तीन घंटे के भीतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करती है। यह पहल स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं केयर 24, पोर्टिया, अर्गला, अतुल्या और अपोलो के सहयोग से संचालित हो रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, उपलब्धता और सामर्थ्य में सुधार हो रहा है। इस संबंध में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॉय ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ वित्तीय कवरेज देना नहीं, बल्कि लोगों तक किफायती और सुगम चिकित्सा सेवा पहुंचाना है। इस पहल से हम अस्पताल में भर्ती की उच्च लागत, लॉजिस्टिक चुनौतियों और देखभाल से जुड़े तनाव को कम कर रहे हैं, ताकि हमारे ग्राहक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

## स्पीड न्यूज

### जपला मुख्य बाजार में मोटरसाइकिल की डिक्की से 50 हजार की चोरी



हुसैनाबाद पलामू। जपला मुख्य बाजार में बैंक से निकासी कर कुछ निजी कार्यों से खरीददारी करने गए दम्पति की बाइक की डिक्की खोल कर 50 हजार की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। वही घटना पूरी तरह सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया लेकिन चोर की पहचान नहीं हो पाई है। इस सबन्ध में थाना क्षेत्र के ग्राम कचरा निवासी सत्यनारायण सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत कर सीसीटीवी फुटेज जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है एसबीआई बैंक से पैसा निकाल कर अपने बाइक के डिक्की में रखा और जवाहर साव गली के समीप संतोष सोनी के दुकान में मैं और मेरी पत्नी कुछ काम से गाड़ी खड़ा कर अंदर गया तभी तीन चोरों के द्वारा संगठित रूप से डिक्की खोल कर पैसा निकाल कर लिए। घटना पूरी तरह सीसीटीवी में कैद हो गया लेकिन व्यक्ति की पहचान हेतु थाना और टेक्निकल सेल को दिया हूं। इधर इस घटना से नए चोर गिरोह सक्रिय होने का मामला आ रहा है क्योंकि जैसे फुटेज में दिख रहा है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चोर गिरोह बैंक के इर्दगिर्द ही सक्रिय रहते है और घटना को अंजाम दे रहे है यह बड़ी चुनौती है।

### सगुना पंचायत के ग्राम नवादा में लूंगी धोती व साड़ी का वितरण



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना के ग्राम नवादा में मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत सगुना मुखिया मंजू देवी के प्रतिनिधि समाजसेवी सुरेंद्र सिंह की उपस्थिति में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार श्रीदेवी एसएचजी के द्वारा लूंगी, धोती व साड़ी का वितरण किया गया। इसके बाद ग्राम साकनपीढ़ी में राजकीय न्यू प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण किया गया। मौके पर विकेश सिंह, इनर राम, राजा बाबू सहित अन्य लोग शामिल थे।

### बिश्रामपुर विधायक ने विधानसभा में उठाया नीलगाय का मामला



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर विस क्षेत्र में नीलगाय द्वारा फसलों को नुकसान करने का मामला विधानसभा में गूंजा। बिश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने इस मामले को तारांकित प्रश्न के माध्यम से उठाते हुये कहा कि क्षेत्र के किसान नीलगाय के प्रकोप से परेशान हैं। नीलगाय का झुंड फसलों को बर्बाद कर रहा है। कई बार सूचना देने के बावजूद भी वन विभाग किसानों को कोई मुआवजा नहीं दे रहा है। नीलगाय के आतंक व वन विभाग की उदासीनता से आहत सैकड़ों किसानों ने खेती करना ही बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब तो नीलगायों का झुंड आम लोगों के लिये भी खतरा बनते जा रहा है। अब तक कई जान भी जा चुकी है। उन्होंने सरकार से इस मामले का हल निकालने का अनुरोध किया।

### शोले के डीलर अजय कुमार सिंह निलंबित

मेदिनीनगर/पाटन। पाटन के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के जन वितरण प्रणाली के दुकान के निरीक्षण के बाद जांच प्रतिवेदन के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पाटन प्रखंड के ग्राम शोले के डीलर अजय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। साथ ही निलंबित डीलर के कार्डधारियों को डीलर धनंजय पांडेय के साथ संबद्ध किया है। प्रभारी एमओ के निरीक्षण में अजय सिंह के दुकान के जांच के दौरान कई अनियमितता पायी गयी थी। डीलर द्वारा दुकान के बाहर अद्यतन सूचना पट्ट नहीं लगाया गया था। कार्डधारियों की सूची प्रदर्शित नहीं की गई थी। माह फरवरी का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण किये जाने की तिथि 28 फरवरी है। सिंह के द्वारा अब तक कम प्रतिशत वितरण पूर्ण किया गया है। ग्रीन कार्डधारियों को 61.83 प्रतिशत ही राशन वितरण किया गया है। जांच में निलंबित डीलर पर कम राशन देने की बात सत्य पायी गयी है। इसकी अनुशंसा प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने की है। इधर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने निलंबित डीलर से स्पष्टीकरण की मांग की है। कहा है कि समय पर स्पष्टीकरण नहीं देने पर अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

### मिशन समृद्धि संस्था अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित है : शीला श्रीवास्तव



मेदिनीनगर। मिशन समृद्धि संस्था के तहत निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा दिन प्रतिदिन समृद्ध होता नजर आ रहा है। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने बताया कि वहां पहले बहुत सारे बच्चे जो बहुत ही छोटे होने से वे भी बड़े बच्चों के साथ बैठ जाया करते थे। जिस कारण जितना लाभ बच्चों को मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाता था और हमलोगों के मन में एक मलाल रह जाता था कि इतना दूर जाकर भी हम सब बच्चों के लिए बहुत कुछ नहीं कर पाते। जबकि नये दस वर्षों के परिश्रम के बाद वहां बच्चे अब पढ़ाई के प्रति काफी जागरूक हो चुके हैं। इसलिए अब चार साल से दस बारह साल तक के बच्चों को शिक्षा दी जा रही है जो सार्थक हो रहा है। निःशुल्क शिक्षा और निःस्वार्थ सेवा देना हम सबों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अहिल्या प्रिंस, बैजन्ती सुमन, वीणा राज, रंजीता, ममता सबों के योगदान सराहनीय है।

### सीएचसी के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग को लेकर धरना दिया



हरिहरगंज पलामू। शहरी क्षेत्र में एन एच 139 किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन परिसर में शुक्रवार को शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर धरना दिया गया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व सपा नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि सीएचसी का नया भवन में शिफ्ट होने के बाद पुराना भवन खाली है। उक्त भवन में स्वास्थ्य केंद्र रहने से आस पास के लोगों तथा सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आपदा की स्थिति में स्वास्थ्य लाभ आसानी से मिल पाएगा। जबकि नया स्वास्थ्य केंद्र मुख्य सड़क से करीब एक किलोमीटर दूर है। ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को तत्काल चिकित्सा मिलना कठिन है। जनता की मांग पर पुराना भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित कराने का निवर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा आश्वासन भी दिया गया था। परंतु इस दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं की गई। ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर सीएस पलामू से शहरी स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग की गई है। परंतु विभाग उदासीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि विभाग अगर जल्द शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित नहीं करती है, तो आमरण अनशन सहित उग्र आंदोलन किया जाएगा। बाद में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन बीडीओ को सौंपा गया। धरना को सेवानिवृत्त शिक्षक रामजी राम, कामेश्वर पासवान व कई लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर कौलेश गुप्ता, राघव पांडेय, अनिल शौंडिक, सुदामा ठाकुर, इंद्रदेव राम, अमित यादव, चंदन कुमार, सत्येंद्र पासवान, जितेंद्र पासवान, सुखराम मेहता, छेदी साव, रमेश यादव, कौशलेंद्र प्रसाद, बलराम साव, राजकुमार यादव, नकुल पासवान, नारायण भुईयां, दिलकेश्वर राम, रश्मि ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, कलावती ठाकुर, पुष्प कुमार, रामाशीष साव, कृष्णा पासवान व कई लोग शामिल थे।

# अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ करें कार्रवाई : डीसी

## खनन टास्क फॉर्स की हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रियता से कार्य करें। सभी संबंधित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व जवानों की आपसी समन्वय से बेहतर व कारात्मक परिणाम निकलेंगे। पदाधिकारी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में गोपनीय तरीके से छापेमारी करें। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाएं। इसमें जुड़े वाहनों को जब्त करें, अर्थ दण्ड लगाएं और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने अनुमंडल, अंचल एवं थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरूद्ध की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई तथा चालान वाले व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने का निर्देश दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने वन क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेषकर छत्तरपुर, पिपरा एवं चैनपुर के अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को ध्यान देने की जरूरत पर बल देते हुए चौकसी बढ़ाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है। बैठक के शुरूआत में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि 38 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 6 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही दण्ड स्वरूप 18.90 लाख रुपए वसूले गये हैं। डीटीओ द्वारा बताया कि परिवहन कार्यालय द्वारा भी निरंतर कार्रवाई की गई है। 16 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 7.35 लाख रुपए का अर्थ दण्ड वसूला गया है।

# पांकी विधायक ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के विभागों में प्राध्यापकों की कमी का मामला उठाया



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में तारांकित प्रश्न के दौरान प्रमंडलीय मुख्यालय पलामू के अंतर्गत पोखराहा में स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों में प्राध्यापकों की कमी का मामला उठाया। वहीं डॉ मेहता ने रांची रिम्स में अव्यवस्था होने से गरीबी रेखा से नीचे के कार्डधारियों का निःशुल्क जांच से वंचित होने का मामला उठाया। मेहता ने सवाल पर कहा कि मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसीन एंड ट्रीटमेंट, सायकेट्री, रेडियोडायग्नोसीस एवं टीबी एंड चेस्ट विभाग में एक भी शिक्षक नहीं है। इसमें आंशिक स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में कैंसर के इलाज से संबंधित पढ़ाई होती है परंतु कैंसर विभाग नहीं खुला है। इसे सदन द्वारा स्वीकार किया गया। जवाब में कहा गया कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में कैंसर के लिए सुपर स्पेशलिएटी विभाग नहीं है। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों में कैंसर की पढ़ाई संबंधित प्रभागों के शिक्षकों द्वारा संपादित की जाती है। डॉ मेहता ने कहा कि वर्ष 2021 से प्रत्येक वर्ष सौ छात्रों ने नामांकन कराया है तथा एक बैच पाठ्यक्रम पूर्ण करके उतीर्ण भी हो चुका है। कहा कि विभिन्न विभागों में शिक्षक नहीं होने के बावजूद पढ़ाई कैसे हुई व छात्र उस विषयों के शिक्षक नियुक्त करने का विचार रखती है तो कब तक। जवाब में कहा गया कि रिम्स में भर्ती गरीबी रेखा से नीचे के कार्डधारियों का मुफ्त पैथोलोजिकल व रेडियोलोजिकल जांच संस्थान विभाग में जांच किया जा रहा है।

### अपर समाहर्ता ने कैंप में उपस्थित कर्मचारियों को लगायी फटकार, कहा

# भूमि से संबंधित मामले को अविलंब निपटाये

- उन्होंने कहा कि अधिकारियों के निर्देश का पालन नहीं करना कर्मचारियों को महंगा पड़ सकता है



जानकारी देते अपर समाहर्ता कुंदन कुमार।

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। उपायुक्त पलामू के नेतृत्व में कैंप कार्यालय का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने जमीन से संबंधित किसी भी तरह के मामले को अभिलंब निपटारा करने का उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रामीण द्वारा जमीन से संबंधित आवेदन प्राप्त होता है, तो उसे अविलंब जांच कर निपटारा करें, अन्यथा संबंधित पंचायत के कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कई कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के निर्देश का पालन नहीं करना कर्मचारियों को महंगा पड़ सकता है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को भी कई निर्देश दिया। उन्होंने कहा की समस्या का समाधान को लेकर आंचल के हल्का कर्मचारी से संपर्क कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि रजिस्टर टू में अंकित मामले को देखते हुए जांच रिपोर्ट अविलंब अपने उच्च अधिकारियों को सौंपें। इस दौरान कई ग्रामीण किसान अपनी अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। जिसे अविलंब निपटारा करने के लिए अपर समाहर्ता ने अपने अधीनस्थ कई कर्मियों को निर्देशित किया।

### डीसी की अध्यक्षता में आयोजित चयन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# जिले के 23 लाभुकों को मिलेगा वेद व्यास आवास



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आज मत्स्य कृषकों को वेद व्यास आवास आवंटित किए जाने को लेकर लाभुकों के चयन हेतु चयन समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में 23 लाभुकों को वेद व्यास आवास आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में वेद व्यास आवास निर्माण योजना अंतर्गत सामान्य कैटेगरी में 20 एवं अनुसूचित जाति कैटेगरी में 3 का लक्ष्य प्राप्त था। इस आलोक में लाभुकों से आवेदन पत्र प्राप्त किया गया था। चयन समिति द्वारा लक्ष्य के अनुरूप सभी लाभुकों का चयन किया गया। वहीं अनुसूचित जनजाति को भी सामान्य कैटेगरी से आवास निर्माण का निर्णय लिया गया। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि मत्स्य कृषकों को आवास योजना का लाभ सहजता से देना सुनिश्चित करें। योजनाओं का लाभ देने में लाभुकों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिला मत्स्य पदाधिकारी मो. कमरू जमां ने बताया कि वेद व्यास आवास निर्माण योजना अंतर्गत जिला मत्स्य कार्यालय को लाभुकों आवेदन प्राप्त हुआ था। जिले में मत्स्य पालन से जुड़े मत्स्य कृषक, जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें वेद व्यास आवास आवंटित किए जाने का प्रावधान है। आवास का निर्माण कम-से-कम दस के कलस्टर में किया जाना है। सक्रिय अथवा परंपरागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/मत्स्य बिक्री में सक्रिय हैं और गरीबी रेखा के नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहते हैं आदि सरकार के द्वारा विभिन्न निर्धारित अहर्ता को पूर्ण करने वाले मत्स्य कृषकों को आवास आवंटित किए जाने हेतु लाभुकों का चयन किया गया है। इसके लिए लाभुकों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

बैठक में विधायक के प्रतिनिधिगण, जिला मत्स्य पदाधिकारी मो कमरू जमां, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिव शिष्य परिवार ने अखंड व हवन कार्यक्रम किया आयोजित



मेदिनीनगर। हाउसिंग कॉलोनी मैदान में महेशवर शिव गुरु की कृपा से एवं भाई धनंजय राय जी की आत्मिक प्रेरणा से महाशिवरात्री के मौके पर शिव शिष्य परिवार इकाई के द्वारा अखंड व हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह शिव शिष्य इकाई के राष्ट्रीय संरक्षण के अमन कुमार सिंह शामिल थे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से आप सभी के लिए सुख,समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना किये।

# डीसी ने आइबी और भीम चूल्हा का किया निरीक्षण

अनूप कुमार

मोहम्मदगंज पलामू। डीसी शशिरंजन ने गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय में निर्धारित कैंप के कार्य अवधि के बाद मोहम्मदगंज के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल भीम चूल्हा स्थल व भौराहा पहाड़ी पर स्थित सिचाई विभाग के निरीक्षण भवन (आईबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण भवन के ऊपरी क्षोर श्रृंखलाबद्ध पहाड़ी और निचली सतह के मनोरम दृश्य का अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उक्त स्थल के विकास के लिए कई निर्देश दिए। इस मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, मोहम्मदगंज सीओ सह बीडीओ रणवीर कुमार, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## आइबी के दिन संवरने के आसार



भीम बराज सिंचाई कॉलोनी पहाड़ी पर स्थित आईबी भवन विगत 40 वर्ष पूर्व विभाग के वरीय अधिकारियों के लिए विश्राम स्थल का प्रमुख साधन में शुमार था। सभी सुविधाओं से इस भवन को जोड़ कर इसकी सुंदरता में चार चांद लगाए गए थे। इलाके के लोग तो नियमित लेखी सुदुरवर्ती क्षेत्र के लोग भी इसकी निरीक्षण को लेकर लालायित दिखते थे। मगर देख रेख के अभाव और विभागीय उदासीनता का शिकार यह रमणीक और सुंदर धरोहर अपनी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कीमती फर्नीचर समेत अन्य उपकरण भी चोरों की भेंट चढ़ गया। अब लोगों में इस बात को लेकर उत्सुकता है कि उपायुक्त के स्थल निरीक्षण इसका दिन फिर से संवारा जाएगा।

### पत्रकार जितेंद्र प्रसाद की माता का निधन, शोक व्यक्त



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद के प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र प्रसाद की मां शिव कुमारी देवी (80) का निधन शुक्रवार को हो गया। वह पोलडीह पंचायत के जगदीशपुर गांव निवासी बबन शरण सिंह की धर्मपत्नी थीं, पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। उनके निधन की खबर मिलते ही जपला स्थित उनके आवास पर लोग पहुंचने लगे, जपला आवास से उनका पार्थिक शरीर उनके पैतृक गांव पोलडीह जगदीशपुर लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिये शुभचिंतकों व रिश्तेदारों की भीड़ लगी रही। उनका अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र शैलेश प्रसाद ने दी। उनके निधन पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी शेर अली, जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, सैयद शम्मु हुसैन रिजवी, इजहार आलम, अब्बास कादरी, अभय कुमार सिंह, धनंजय सिंह, अशोक यादव, मदन पासवान, जाकिर अली, अशोक सिंह, रवींद्र सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, बिनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, हसनैन जैदी के अलावा स्थानीय पत्रकार उदय प्रकाश ओझा, शंभु चौरसिया, सैयद नौशाद संजय ओझा, सुरेंद्र प्रसाद, कुंदन चौरसिया, जफर हुसैन, सतेंद्र चंदेल, कमलेश विश्वकर्मा, जितेंद्र रावत, धनंजय कुमार, गौतम पटेल, विकास कुमार, दीपक कुमार, अखिलेश पासवान, अनुज कुमार, समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### मनरेगा कार्य के नाम पर घोटाला : पारा शिक्षक भी मनरेगा मजदूर बन पैसों की कर रहे हेराफेरी

नावाबाजार पलामू। पलामू जिला का नावाबाजार प्रखंड जहां मनरेगा के कार्यों में पारा शिक्षक मनरेगा के जॉब कार्डधारी हैं। जिनका मनरेगा जॉब कार्ड नंबर जेएच 05-012-025009/67 है। इतना ही नहीं स्कूली बच्चों के नाम भी जॉब कार्ड बनाकर राशि की हेरा फेरी की गई है। नावाबाजार प्रखंड का रबदा पंचायत में पारा शिक्षक के द्वारा छठू मेहरा के खेत में सिंचाई कूप व राकेश सिंह के सिंचाइको में कार्य किया गया है। इन दोनों कार्यों में पारा शिक्षक के खाते में 20 दिनों का मानदेय भुगतान भी किया गया है। आश्चर्य तो इस बात का है कि शिक्षक इन दिनों अपने विद्यालय में भी दैनिक उपस्थिति बनाते हुए कार्य करते रहे हैं। पंचायत के मुखिया रोजगार सेवक व पंचायत सेवक के द्वारा स्कूली बच्चों के नाम पर जॉब कार्ड बना कर सरकारी राशि गबन किया गया है। नावा बाजार प्रखंड में स्कूली बच्चों का उम्र बढ़ाकर उनके नाम पर मनरेगा का जॉब कार्ड बनाकर सरकारी राशि का गबन किया जा रहा है। रबदा गांव के प्रिंस गौरव ने बीडीओ को इस बाबत लिखित शिकायत देकर जांच कराने की मांग की है। बीडीओ को दिए गए आवेदन में उल्लेख है कि नावा बाजार के रबदा पंचायत के डिंडी में पैरु प्रजापति के खेत में मेड़बंदी निर्माण एवं उसी गांव में गूंजा प्रजापति के खेत में जनवरी-25 में हुई टीसीबी निर्माण कार्य मे छात्र कौशल बतौर मजदूर काम किया है। उसका जॉब कार्ड भी बना हुआ है। उसके नाम पर मनरेगा की योजनाओं में तीन हजार 264 रुपये मजदूरी का भुगतान किया गया है। कौशल दसवीं का छात्र है। नामांकन पंजी में उसकी जन्मतिथि 2008 अंकित है। डिंडी में ही वकील प्रजापति और मुन्ना प्रजापति के खेत में टीसीबी निर्माण व उसी गांव के नीलम सिंह के खेत मे मेड़बंदी निर्माण कार्य मे छात्रा सुधा कुमारी बतौर मजदूर काम किया है। इसमे उसके नाम पर नौ हजार 792 रुपये मजदूरी का भुगतान किया गया है। सुधा कुमारी, रबदा गांव के प्राथमिक स्कूल की छात्रा है। नामांकन पंजी में उसकी जन्मतिथि 2007 अंकित है। पुष्पा व निशा छात्रा हैं। उनके नाम पर भी जॉब कार्ड बना हुआ है।

# बिश्रामपुर में उच्च स्तरीय अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को मेगा आई कैम्प लगाया गया जिसमे 130 मरीजों का फेंको मशीन द्वारा मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया गया। शिविर का उदघाटन डायरेक्टर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप, एडवाइजर डॉ रवि भूषण पांडेय, आरसीयू के रजिस्टर देवाशीष मंडल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव व डॉ राजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। समारोह का संचालन एमबीबीएस की छात्रा सोनल प्रज्ञा, छात्र दिव्यांशु सौरभ व कुमार गौरव ने बारी-बारी से किया। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि बिश्रामपुर में उच्च स्तरीय अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है जिसको हासिल करने के लिये हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। मौके पर डॉ विवेक कश्यप ने कहा कि एलसीएमसीएच में सभी तरह की बीमारियों का बिल्कुल मुफ्त इलाज व ऑपरेशन होता है। दवा भी निःशुल्क दिया जाता है। प्रो सुभाष तेतरवे ने भी संबोधित किया। मौके पर डॉ श्रावंती, डॉ आशुतोष, डॉ हरिभूषण, डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी, डॉ अविनाश, डॉ नागेन्द्र, पूर्व विस प्रत्यासी लक्ष्मण सिंह, इदरीश हवारी, एडमिनिस्टर नीतीश कुमार, संदीप, शोएब सहित कई लोग मौजूद थे।

## धोबी संघ होने वाले संगठन चुनाव का करेगा बहिष्कार

चैनपुर पलामू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर विवेकानन्द चौक पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष कृष्णा कनौजिया ने बताया कि हमारे संघ में किसी भी प्रकार का कोई बाधा नहीं है। संघ के कुछ लोग अपने सामाजिक व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं उनके लिए अपना रास्ता खुला है। अखिल भारतीय धोबी महासंघ 2027 तक पूर्ण विश्वास मत के साथ अनवरत कार्य कर रही है और करती रहेगी। संघ में कोई कमी है तो खुले मंच पर उपस्थित होकर अपना जानकारी दें हर संभव प्रयास की जाएगी कि उनके मनोविकार को दूर की जाएगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ के उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ बैठा, जिलाध्यक्ष पलामू बिनोद बैठा, रामजी बैठा, रितेश बैठा, मनोज बैठा, कन्हैया बैठा उपस्थित थे।

# किसानों को तेलहन व मोटे अनाज की दी गयी जानकारी

>> आत्मा की ओर से 'टीआरएएफ-तेलहन योजना अंतर्गत' किसान प्रशिक्षण का आयोजन



बीरेंद्र यादव

रामगढ़ पलामू। रामगढ़ प्रखंड के बेडमा बभनडीह पंचायत में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ईकाई आत्मा की ओर से 'टीआरएएफ-तेलहन योजना अंतर्गत' किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें तेलहन फसलों पर विस्तृत चर्चा की गई, बताया गया की सरसों रबी में उगाई जाने वाली फसलों में एक महत्वपूर्ण फसल है। सरसों वर्गीय फसल के तहत तोरिया, राई एवं पीली सरसो आती है। किसान सरसो की खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। किसान समय रहते सरसों की बीमारी की पहचान कर उनकी रोकथाम कर सकते हैं। किसान फसल की बीमारियों की रोकथाम के लिए किये जाने वाले छिड़काव सायंकाल 04 बजे के बाद करें। इसके अलावा जिन सरसो फसल में बीज उपचार किया रहता है, उनमे रोग लगने की संभावना कम रहती है। सहायक तकनिकी प्रबंधक राजन सोनी ने बताया की सरसो के तेल का जुड़ाव सीधे हमारे पाचन तंत्र व हृदय संबंधी सभी रोगों से होता है सरसों के तेल में गंधक या सल्फर की मात्रा जितनी अधिक रहेगी वह तेल उतना शुद्ध और फायदेमंद रहेगा क्योंकि कोलेस्ट्रॉल या पाचन तंत्र को सही रखने के लिए सल्फर जिम्मेवार है, लेकिन उर्वरकों की असंतुलित मात्रा से सरसों में सल्फर की कमी देखी जा रही है इसलिए हमें उर्वरकों का संतुलित इस्तेमाल करना होगा इसके अलावा कृषि विशेषज्ञ रवि रंजन ने बताया कि मोटे अनाज पारंपरिक अनाज है जो आज सुपर फूड के रूप में जाने जा रहे हैं मोटे अनाज के सेवन से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है इसके सेवन से कई बीमारियों से बचाव होता है भारत में इसकी खेती और लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है इसे आहार में शामिल कर स्वस्थ जीवन शैली की ओर बढ़ा जा सकता है। मिलेट्स के सेवन से मोटापा और डायबिटीज को नियंत्रित किया जा सकता है बाजरा अस्थमा के मरीजों के लिए सेहतमंद है। बेडमा बभनडीह की मुखिया ने कहा कि मोटे अनाज पर्यावरण के लिए अनुकूल है। इसमें पानी की कम खपत होती है और यह स्वास्थ्य के प्रति काफी लाभकारी हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि फारुख अंसारी, पंसस मशीउद्दीन, किसान मित्र शेर मोहम्मद एवं किसान उपस्थित थे।

# पलामू पत्रकार परिषद की मासिक बैठक संपन्न, 12 मार्च को होली मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू पत्रकार परिषद की मासिक बैठक परिसद भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नीलकमल मेहरा ने की। इस दौरान संगठन की मजबूती, पत्रकारों के हितों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में परिषद के सदस्यों ने संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की। साथ ही, यह निर्णय लिया गया कि 12 मार्च को परिषद द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों के बीच आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को और अधिक प्रगाढ़ बनाना है।

इस अवसर पर परिषद के सम्मानित सदस्य केतन आनंद, दिलीप कुमार, नीरज कुमार, अरुण शुक्ला, प्रभुदयाल तिवारी, गजेंद्र कुमार, श्रवण सोनी, अमित कुमार और भोला उपस्थित थे। बैठक के अंत में अध्यक्ष नीलकमल मेहरा ने कहा कि संगठन की मजबूती हम सभी की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है।


उन्होंने सभी सदस्यों से होली मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की। बैठक का समापन में सभी सदस्यों ने संगठन की उन्नति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में भवनाथपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेकर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। उक्त युवक के पास से एक वीवो कंपनी का मोबाइल भी जब्त किया गया है। इसकी जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने भवनाथपुर थाना में आयोजित हुए प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगराखांड़ निवासी जयप्रकाश गुप्ता पिता रामकेश्वर साहू द्वारा सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया गया था। इस संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता एवं 67 आईटी एक्ट के तहत उक्त युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की गई है।

# महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के सम्मान में सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते निदेशक

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के सम्मान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं सीवी रमन के चित्र पर पुष्प के अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में स्थित विज्ञान प्रयोगशाला में बच्चों को विज्ञान शिक्षक ने विभिन्न उपकरणों एवं रासायनिक पदार्थों के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि 28 फरवरी ही वह दिन है जब दुनिया भर में प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन ने अपनी खोज रमन इफेक्ट की घोषणा की थी।

इस खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। सीवी रमन के इस महान अविष्कार के सम्मान में भारत सरकार ने 1986 में तय किया कि हर वर्ष 28 फरवरी का दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तौर पर मनाया जाएगा। हर साल सरकार की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की कुछ न कुछ थीम भी रखी जाती है। इस बार इसकी थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक रखी गई है। पारदर्शी पदार्थ से गुजरने पर प्रकाश की करने में आने वाले बदलाव पर की गई। उनकी महत्वपूर्ण खोज को रमन इफेक्ट के नाम से जाना जाएगा। जब प्रकाश की किरणें अलग-अलग चीजों से टकराती हैं या उनमें से होकर गुजरती हैं तो तरंगों के बिखरने के बाद उन पर वह उनकी गति पर क्या असर होता है।

उनकी खोज यह सब बताती थी। रमन इफेक्ट खोज का उपयोग आज पूरी दुनिया में हो रहा है। 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा। कार्यक्रम का संचालन बसन्त ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान शिक्षक वीरेन्द्र साह ने की। मौके पर नीरा शर्मा, विकास कुमार, रागिनी कुमारी, ऋषभ, शिवानी, पूजा, ज्योति कुमारी, सरिता दुबे आदि उपस्थित थे।

## माँ गायत्री शक्तिपीठ के दूसरे वर्षगांठ पर मेगा स्वास्थ्य शिविर कल

**मझिआंव।** नगर पंचायत के चन्द्री स्थिति मां गायत्री शक्तिपीठ के दूसरे वर्षगांठ के अवसर पर 2 मार्च को मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत कुमार सोनी डॉक्टर मनीष कुमार सिंह नस, हृदय एवं लकवा रोग विशेषज्ञ एवं डॉ दशरथ प्रसाद नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अन्नपूर्णा एवं डॉ सीता सरन आदि चिकित्सक इस शिविर में मरीज का निःशुल्क जांच एवं चिकित्सा करेंगे। इस संबंध में गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह ने बताया कि 2 मार्च को गायत्री शक्तिपीठ में स्थापित माता गायत्री, माता वैष्णो देवी, मां लक्ष्मी व माता सरस्वती के स्थापना के दूसरे वर्षगांठ के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

## लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मेराल प्रखंड के ग्राम दलेली के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलवी ने बच्चों को कानून के बारे में जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। लीगल लिटरेसी कैंप के दौरान स्कूल में दो अनाथ बच्चों के बारे में जानकारी मिली। बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह, नशा मुक्ति, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी।

## घर में लगी आग, लाखों का सामान जला

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवरी गांव निवासी अरूण भुईयां के घर में आग लग गई। अरूण भुईयां की पत्नी संगीता देवी ने बताया कि आग लगने से घर में रखें खाद्य सामग्री, पैसा, सोना, चांदी लगभग डेढ़ लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। संगीता देवी ने बताया कि हम सभी महाकुंभ स्नान करने गए थे, जहां हमें फोन द्वारा सूचना मिली कि तुम्हारे घर में आग लग गई है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जाता है।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING),
KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 307 of 2024

BETWEEN
BANK OF INDIA, JHUMRI TELAIYA BR., JHUMRI TELAIYA ....APPLICANT BANK
VS.
M/S GOOD BOOKS & ORS. ..............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | M/S GOOD BOOKS PROP: RAVI KUMAR S/O LATE SURENDRA PRASAD | OFFICE AT- DOCTOR LANE, JHUMRI TELAIYA, P.O. & P.S.- JHUMRI TELAIYA, DIST.-KODERMA 825409 |
| 2. | JAI KUMARI DEVI W/O LATE MATHURA RAM | R/O ADDI BANGLOW, NEAR PANI TANKI, P.O. & P.S.- JHUMRI TELAIYA, DIST.-KODERMA 825409 |
| 3. | BANDNA DEVI W/O LATE SURENDRA PRASAD | R/O ADDI BANGLOW, WARD NO. 8, P.O. & P.S.- JHUMRI TELAIYA, DIST.-KODERMA 825409 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 23,80,166.00/- (Rupees Twenty Three Lakhs Eighty Thousand One Hundred Sixty Six Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 25th day of April, 2025 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **7th day of Feb., 2025.**

**PRAMOD KUMAR**
**REGISTRAR**


खबर | एक नजर में

## नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के प्रांगण में अगामी एक मार्च से श्री श्री चतुभुर्जी नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर युवा समाजसेवी सह जिप उम्मीदवार पंकज सिंह ने प्रेस वार्ता किया। उन्होंने बताया कि केतार प्रखंड जैसे सुदूरवर्ती इलाका में कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होने से गांव के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। टूनार्मेंट 1 से 25 मार्च तक चलेगी। जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी। टूनार्मेंट आयोजन के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने बताया कि जो भी टीम भाग लेंगे उन्हें एंट्री फी 3500 रुपए देने होंगे। विजेता को प्रथम पुरस्कार 51 हजार एवं कप से नवाजा जाएगा।

वहीं द्वितीय पुरस्कार 31000 रुपए दिए जाएंगे। एनुअल परवेज ने बताया कि प्रत्येक मैच 12-12 ओवर का होगा, और फाइनल मैच में जो टीम जाएगी उन्हें 16-16 ओवर का मैच खिलाया जाएगा। टीमों की ठहरने की समुचित व्यवस्था कमेटी करेगी। मौके पर संरक्षक गौतम पाल, सचिव रामाश्रय मेहता, रविंद्र सोनी, अंकू सिंह, गुड्डु सिंह, आशुतोष मेहता, छोटू पाल आदि लोग उपस्थित थे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



घर के बाहर लगी भीड़

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के विडंडा में लगभग 26 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद परिजनों द्वारा हत्या की जानकारी मझिआंव थाना को दिया गया। वहीं सूचना पाते ही प्रभारी थाना प्रभारी चंदन प्रधान अपने दल बल के साथ मृतक के घर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को पहुंचने से पहले ही शव को फांसी के फंदे से उतार दिया गया था। इधर मृतक का बड़ा भाई इरशाद अंसारी एवं माता सफीना बीबी ने पुलिस को एक लिखित आवेदन दिया, जिसमें उल्लेख किया गया है कि नौशाद अंसारी का दिमागी हालत कुछ ठीक नहीं था जिसका इलाज रांची में कराया जा रहा था। जानकारी के अनुसार नौशाद अपनी पत्नी को मायके पहुंचाकर गुरुवार को ही घर लौटा था। पुलिस ने घटनास्थल की विस्तृत जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। प्रभारी थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव को गढ़वा भेज दिया गया है।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन



सम्मानित बालिकाओं के साथ डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नीलाम्बर पीताम्बर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन, टाउन हॉल में शुक्रवार को डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूली छात्राओं ने डीसी का स्वागत पौधा देकर एवं स्वागत गीत गाकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत डीसी समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पेंटिंग, डांसिंग, सिंगिंग, स्पीच, एसे राइटिंग समेत कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था।

## दिखावे के लिए खुलता है मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र

**मझिआंव।** राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र खोला गया, जो गरीबों के हित में बहुत ही लाभदायक साबित हुआ था। इस दाल-भात केंद्र से गरीब मजदूरों को 5 रुपए में भरपेट खाना मिल जाता था। लेकिन मझिआंव प्रखंड कार्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित एफसीआई गोदाम के समीप पुराने बाल विकास कार्यालय में दाल-भात केंद्र केवल दिखावे के लिए खोला जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर दाल-भात केन्द्र की रसोइया गीता देवी ने बताई की मुझे जिस अनुसार राशन दिया जाता है उस अनुसार मैं लोगों को खाना खिलाती हूं। वहीं गहराई से पूछे जाने पर साथ ही बताई की दिसंबर में बंद था, जनवरी माह में मात्र 3 क्विंटल राशन दिया गया जिसमें खुद से लकड़ी, तेल, मसाला एवं सब्जी लेना पड़ता है। साथ ही हमें मजदूरी नहीं मिलता है इसी में हमारी मजदूरी भी जुड़ा हुआ है।

## अनियंत्रित होकर गड्ढे में गई मिट्टी लदा हाइवा



मिट्टी लदा हाइवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** नगर ऊंटारी-अम्बाखोरेया भाया धुरकी निमार्णाधीन मुख्य सड़क में लोलकी में एक मिट्टी लदा हाइवा अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। हालांकि चालक की सूझबूझ से किसी प्रकार की घटना नहीं घटी। चालक और गाड़ी दोनों सुरक्षित जेसीबी मशीन के सहारे निकाल लिए गए। बताते चलें कि नगर ऊंटारी अम्बाखोरेया भाया धुरकी निमार्णाधीन मुख्य सड़क में कई जगह तीखी मोड है। जहां दुर्घटना होने की संभावना काफी बनी रहती है। ग्रामीण रामजीत मेहता, रामबली परहिया, बूटन परहिया, असलम अंसारी, मंगल परहिया ने बताया कि सड़क निर्माण कर रही कंपनी को चाहिए कि जहां तीखे मोड़ है उसे सीधा करें घटना नहीं होगी। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के जेई से सड़क में पड़ रहे तीखे मोड़ को सीधा करने की मांग की है।


रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**
सी.जी.–डी.एल.–अ.- 17012025-260297
**CG-DL-E-17012025-260297**
असाधारण
**EXTRAORDINARY**
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
**PART II--Section 3--Sub-section (ii)**
प्राधिकार से प्रकाशित
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

सं. 301] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जनवरी 16, 2025/पौष 26, 1946
No. 301] NEW DELHI, THURSDAY, JANUARY 16, 2025/PAUSHA 26, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
नई दिल्ली, 16 जनवरी, 2025

का.आ. 303(अ)— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि **झारखंड राज्य में एन.एच.–143AG के कि.मी. 37.400 (डिजाइन चेनेज) से कि.मी. 85.560 (डिजाइन चेनेज) बेरो–खूंटी खंड (रॉंची जिला के कि.मी. 33.25 से कि.मी. 58.05) पर पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का चौड़ीकरण/पुनर्निर्माण** (जिला भू–अर्जन पदाधिकारी रॉंची) तक के भू–खण्ड के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला भू–अर्जन पदाधिकारी रॉंची को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा ।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

**अनुसूची**

झारखंड राज्य के खूंटी जिले में NH143AG के कि.मी. 37.400 से कि.मी. 85.560 (रॉंची जिला के 33.25 से कि.मी. 58.05 (जिला भू–अर्जन पदाधिकारी रॉंची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

| राज्य का नाम: झारखंड | | | जिले का नाम: रॉंची | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (स्थानीय इकाई) | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम: बेड़ो | | | | | |
| गांव का नाम: हरिहरपुरजामटोली | | | | | |
| 1 | 1 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.0042 ( एकर ) | 0.0016997 |
| 2 | 159 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | जंगल महोला | 1.4012 ( एकर ) | 0.5670579 |
| 3 | 16 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | जंगल झारी | 0.0191001 ( एकर ) | 0.0077297 |
| 4 | 1685 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0652001 ( एकर ) | 0.0263861 |
| 5 | 1807 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.1392001 ( एकर ) | 0.0563335 |
| 6 | 1808 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0514 ( एकर ) | 0.0208013 |
| 7 | 1809 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0939 ( एकर ) | 0.0380008 |
| 8 | 1810 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2292999 ( एकर ) | 0.0927964 |
| 9 | 1811 | निजी (रैयती) | परती कदिम | 0.5180995 ( एकर ) | 0.2096722 |
| 10 | 1812 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.6352002 ( एकर ) | 0.2570619 |
| 11 | 1813 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.3107999 ( एकर ) | 0.125779 |
| 12 | 1815 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0050001 ( एकर ) | 0.0020235 |
| 13 | 1816 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.9571987 ( एकर ) | 0.3873735 |
| 14 | 1817 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.0292001 ( एकर ) | 0.0118171 |
| 15 | 1819 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | जंगल झारी | 0.0636999 ( एकर ) | 0.025779 |
| 16 | 1823 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.7157993 ( एकर ) | 0.2896803 |
| 17 | 1824 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1365 ( एकर ) | 0.0552408 |
| 18 | 1825 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.4034995 ( एकर ) | 0.1632942 |
| 19 | 1826 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.4400011 ( एकर ) | 0.1780656 |
| 20 | 1827 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.4605005 ( एकर ) | 0.1863618 |
| 21 | 1829 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0027001 ( एकर ) | 0.0010927 |
| 22 | 1842 | निजी (रैयती) | परती नाला | 0.1500001 ( एकर ) | 0.0607042 |
| 23 | 1858 | निजी (रैयती) | परती गढ़ा | 0.0121 ( एकर ) | 0.0048968 |
| 24 | 1861 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.1130001 ( एकर ) | 0.0457305 |
| 25 | 1862 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.11 ( एकर ) | 0.0445164 |
| 26 | 1863 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.3506003 ( एकर ) | 0.1418859 |
| 27 | 1864 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1873999 ( एकर ) | 0.0758397 |
| 28 | 1870 | निजी (रैयती) | टाड़ I | 0.2439001 ( एकर ) | 0.098705 |
| 29 | 1871 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.2618 ( एकर ) | 0.105949 |
| 30 | 1872 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.5046004 ( एकर ) | 0.2042088 |
| 31 | 1873 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.1386999 ( एकर ) | 0.0561311 |
| 32 | 1874 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0599 ( एकर ) | 0.0242412 |
| 33 | 1876 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.2316 ( एकर ) | 0.0937272 |
| 34 | 1877 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.2265 ( एकर ) | 0.0916633 |
| 35 | 1878 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2341001 ( एकर ) | 0.094739 |
| 36 | 1879 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.2112001 ( एकर ) | 0.0854715 |
| 37 | 1880 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.2551011 ( एकर ) | 0.1032376 |
| 38 | 1891 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | जंगल महोला | 0.1181 ( एकर ) | 0.0477944 |
| 39 | 19 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0903 ( एकर ) | 0.0365439 |
| 40 | 1909 | निजी (रैयती) | टाड़ I | 0.0096999 ( एकर ) | 0.0039255 |
| 41 | 1910 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.4183008 ( एकर ) | 0.1692837 |
| 42 | 1912 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.3715 ( एकर ) | 0.150344 |
| 43 | 1913 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0039 ( एकर ) | 0.0015783 |
| 44 | 1915 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.8126007 ( एकर ) | 0.3288547 |
| 45 | 1916 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.1941 ( एकर ) | 0.0785512 |
| 46 | 1918 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0095 ( एकर ) | 0.0038446 |
| 47 | 1920 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0036 ( एकर ) | 0.0014569 |
| 48 | 1938 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती नाली | 0.0895999 ( एकर ) | 0.0362606 |
| 49 | 1959 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.071 ( एकर ) | 0.0287333 |
| 50 | 2 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती नाली | 0.4100007 ( एकर ) | 0.1659247 |
| 51 | 20 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.1415001 ( एकर ) | 0.0572643 |
| 52 | 21 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0122001 ( एकर ) | 0.0049373 |
| 53 | 2167 | निजी (रैयती) | परती कदिम | 0.0042 ( एकर ) | 0.0016997 |
| 54 | 2168 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2507002 ( एकर ) | 0.1014569 |
| 55 | 2169 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0465 ( एकर ) | 0.0188183 |
| 56 | 2171 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.7530002 ( एकर ) | 0.3047349 |
| 57 | 2172 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.2171001 ( एकर ) | 0.0878592 |
| 58 | 2173 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.1257 ( एकर ) | 0.0508701 |
| 59 | 2174 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2578 ( एकर ) | 0.1043302 |
| 60 | 2175 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.0554001 ( एकर ) | 0.0224201 |
| 61 | 2176 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0713 ( एकर ) | 0.0288547 |
| 62 | 2179 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0954001 ( एकर ) | 0.0386079 |
| 63 | 2180 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2259001 ( एकर ) | 0.0914205 |
| 64 | 2181 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2573003 ( एकर ) | 0.1041279 |
| 65 | 2182 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1312 ( एकर ) | 0.0530959 |
| 66 | 2184 | निजी (रैयती) | परती कदिम | 0.1094001 ( एकर ) | 0.0442736 |
| 67 | 2185 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.6705009 ( एकर ) | 0.2713476 |
| 68 | 2188 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1422999 ( एकर ) | 0.057588 |
| 69 | 2195 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.1257 ( एकर ) | 0.0508701 |
| 70 | 2202 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.0721001 ( एकर ) | 0.0291785 |
| 71 | 2203 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.3655004 ( एकर ) | 0.1479158 |
| 72 | 2204 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0659999 ( एकर ) | 0.0267098 |
| 73 | 2205 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.2263999 ( एकर ) | 0.0916228 |
| 74 | 2206 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0311 ( एकर ) | 0.012586 |
| 75 | 2209 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0201999 ( एकर ) | 0.0081748 |
| 76 | 2211 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.6217011 ( एकर ) | 0.2515985 |
| 77 | 2212 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0249 ( एकर ) | 0.0100769 |
| 78 | 2214 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0148999 ( एकर ) | 0.0060299 |
| 79 | 2216 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0867 ( एकर ) | 0.035087 |
| 80 | 2236 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.5572006 ( एकर ) | 0.2254958 |
| 81 | 225 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | जंगल महोला | 2.8225 ( एकर ) | 1.14225 |
| 82 | 225 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | जंगल महोला | 0.5423005 ( एकर ) | 0.2194658 |
| 83 | 2271 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2263999 ( एकर ) | 0.0916228 |
| 84 | 2274 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0018001 ( एकर ) | 0.0007285 |
| 85 | 2275 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.1816 ( एकर ) | 0.0734925 |
| 86 | 2276 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.2453001 ( एकर ) | 0.0992716 |
| 87 | 2277 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0600001 ( एकर ) | 0.0242817 |
| 88 | 2278 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0600001 ( एकर ) | 0.0242817 |
| 89 | 2279 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.1127001 ( एकर ) | 0.0456091 |
| 90 | 2280 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0293001 ( एकर ) | 0.0118576 |
| 91 | 2282 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0175001 ( एकर ) | 0.0070822 |
| 92 | 2288 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती नाली | 0.1323001 ( एकर ) | 0.0535411 |
| 93 | 23 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.2098 ( एकर ) | 0.0849049 |
| 94 | 2305 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0556 ( एकर ) | 0.022501 |
| 95 | 2306 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.1098999 ( एकर ) | 0.0444759 |
| 96 | 2307 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.3114992 ( एकर ) | 0.1260623 |
| 97 | 2308 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.2032 ( एकर ) | 0.0822339 |
| 98 | 2311 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.1921 ( एकर ) | 0.0777418 |
| 99 | 2312 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0872999 ( एकर ) | 0.0353298 |
| 100 | 2313 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.2430999 ( एकर ) | 0.0983812 |
| 101 | 2314 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.2291 ( एकर ) | 0.0927155 |
| 102 | 2353 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.034 ( एकर ) | 0.0137596 |
| 103 | 2355 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.3031003 ( एकर ) | 0.1226629 |
| 104 | 2356 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.4967995 ( एकर ) | 0.2010522 |
| 105 | 2357 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0420001 ( एकर ) | 0.0169972 |
| 106 | 2358 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0859001 ( एकर ) | 0.0347633 |
| 107 | 2359 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0399 ( एकर ) | 0.0161473 |
| 108 | 2360 | निजी (रैयती) | टाड़ I | 0.0499999 ( एकर ) | 0.0202347 |
| 109 | 2361 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.16 ( एकर ) | 0.0647511 |
| 110 | 2362 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0027999 ( एकर ) | 0.0011331 |
| 111 | 2363 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती पत्थर | 0.0521001 ( एकर ) | 0.0210846 |
| 112 | 2367 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0401001 ( एकर ) | 0.0162283 |
| 113 | 2369 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.5534002 ( एकर ) | 0.2239579 |
| 114 | 2370 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0712001 ( एकर ) | 0.0288143 |
| 115 | 2371 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1363999 ( एकर ) | 0.0552003 |
| 116 | 2372 | निजी (रैयती) | टाड़ I | 0.0024999 ( एकर ) | 0.0010117 |
| 117 | 2373 | निजी (रैयती) | टाड़ I | 0.1013001 ( एकर ) | 0.0409956 |
| 118 | 2375 | निजी (रैयती) | टाड़ I | 0.357099 ( एकर ) | 0.1445164 |
| 119 | 2376 | निजी (रैयती) | टाड़ I | 0.0201999 ( एकर ) | 0.0081748 |
| 120 | 24 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.11 ( एकर ) | 0.0445164 |
| 121 | 25 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0687 ( एकर ) | 0.0278025 |
| 122 | 27 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0049 ( एकर ) | 0.001983 |
| | | | | Total | 10.9914611 |

[फा. सं. RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3A]
अमय जैन, निदेशक

PR 347440 (Land Reforms) 24-25 (D)

# रेलवे की सफलता

महाकुंभ के समापन के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रयागराज पहुंचे। रेल मंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात कर बेहतरीन काम करने पर उनकी पीठ थपथपाई, उन्हें शाबाशी दी और सम्मानित भी किया। महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर रेलवे के सामने बड़ी चुनौती थी रेलवे ने 16 हजार से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रयागराज के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से किया। बेहतर होमवर्क की वजह से ही प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को सुरक्षित उतारा और वापस भेजा गया। छोटी सी भी कोई घटना कहीं नहीं होने दी गई। उन्होंने यूपी-बिहार और मध्य प्रदेश के सीएम द्वारा किए गए कोऑर्डिनेशन की भी तारीफ की। महाकुंभ के आयोजन के दौरान कोई भी इंजन कहीं फेल नहीं हुआ। किसी कोच और ट्रैक पर दिक्कत नहीं हुई। कहीं कोई फेल्योर नहीं हुआ। उन्होंने मीडिया का भी आभार जताया और कहा कि मीडिया की वजह से ही महाकुंभ के आयोजन को समुचित दुनिया में भव्यता एकता और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ व्यापक प्रचार प्रसार मिला। 6 साल बाद प्रयागराज में अगले कुंभ का आयोजन होगा। रेलवे उसके लिए अभी से योजनाएं बनाएगा और बड़े स्तर पर तैयारी करेगा। रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिन-रात कड़ी मेहनत से जो काम किया है वह बेमिसाल है। महाकुंभ की अवधि के दौरान साढ़े चार करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने ट्रेनों में सफर किया। दिल्ली में प्लेटफार्म पर हुई दुर्घटना को छोड़ रेलवे ने विशेष रेल गाड़ियों के माध्यम से महाकुंभ में रिकार्ड यात्रियों को संगम स्नान कराया। रेल की सुरक्षा और उसकी सुविधा को बहाल रखते हुए रेल मंत्रालय की सफलता सराहनीय है। इस क्रम में कुछ नियमित रेलगाड़ियों के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा जो इस बड़ें आयोजन के क्रम में क्षम्य है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यो में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यो में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6


**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

# श्रद्धालुओं की विशाल संख्या ने दुष्प्रचार को बेमानी साबित किया

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 26 फरवरी के सूर्यास्त के साथ महाकुंभ का समापन हो चुका है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिन चले इस महाकुंभ में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी घाटों पर डुबकी लगाने वालों की यह संख्या कई देशों की मिलीजुली कुल आबादी से भी ज्यादा है। दुनिया में सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं से अधिक है। महाकुंभ ने देश-दुनिया में विश्व के सबसे प्राचीन सनातन धर्म की महान संस्कृति व अद्भुत परंपरा की दिव्यता का डंका बजाने का कार्य बखूबी किया। मोदी व योगी सरकार के प्रयासों से इस बार प्रयागराज में संगम की पावन धारा में 66 करोड़ लोगों ने डुबकी लगा कर तन-मन की शुद्धि और आत्मा की तृप्ति वाला अलौकिक अनुभव प्राप्त किया। इस बार महाकुंभ में 75 देशों के डेलीगेट्स के अतिरिक्त देश-दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों के सेलिब्रिटी व उद्योगपति भी शामिल हुए, जो सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के मद्देनजर बहुत अच्छा व सकारात्मक संकेत है।

देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के प्रयासों व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रचार-प्रसार एवं लगातार प्रयासों के चलते महाकुंभ 2025 के शुरू होने से पहले ही लगभग 40-45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जाने लगा था।हालांकि समापन महाशिवरात्रि तक संगम तट पर 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की भारी भरकम भीड़ उमड़ पड़ी, जिसने दुनिया को दिखा दिया कि अलग-अलग हिस्सों में बसे सनातन धर्मी एकजुट, कानून एवं अनुशासन पसंद हैं। तभी तो हजारों किलोमीटर की दूरी से आकर लंबी पैदल यात्रा के बाद भी अनुशासित ढंग से डुबकी लगाकर सनातन धर्म, संस्कृति, परंपराओं व ईश्वर भक्ति के अटूट विश्वास को बयां करने का कार्य किया। सनातन धर्म व संस्कृति पर सवाल उठाने वालों को भी शांतिपूर्ण ढंग से जवाब दिया है।





- दीपक त्यागी

> वैसे देखा जाए तो महाकुंभ के इस आयोजन का धार्मिक आस्था के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था से भी बहुत गहरा संबंध है। इस आयोजन के दौरान प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल, चित्रकूट, मथुरा-वृन्दावन, लखनऊ, आगरा, दिल्ली आदि में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भारी भीड़ का तांता लगा रहा है, जिससे इस क्षेत्र का व्यापार जमकर फला-फूला है, जिससे उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी जबरदस्त मजबूती मिली।

महाकुंभ के दौरान देश में चंद लोगों की ऐसी जमात भी खड़ी हो गई जिन्हें महाकुंभ में सबकुछ गलत होता हुआ ही नजर आ रहा था। इस जमात को महाकुंभ की व्यवस्था में काफी खामियां नजर आई और उनकी नजर में हर तरफ गंदगी व अव्यवस्था का आलम था। यहां तक कि गंगाजल की पवित्रता पर भी संदेह व्यक्त किया जाने लगा। नदी में जल की जगह मल-मूत्र वाला नालों का जहरीला पानी नजर आने लगा। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये इस जमात ने जैसे कुंभ के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया। लेकिन 144 वर्ष बाद लगे इस महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं ने तमाम दुष्प्रचारों को अनसुना करते हुए अपनी आस्था की राह पर चल कर प्रयागराज पहुंचे और त्रिवेणी की धारा में उतर कर अपने धार्मिक विश्वास को जैसे सार्थक कर दिखाया। इतनी विशाल संख्या में पहुंच कर श्रद्धालुओं ने कीर्तिमान रच दिया। महाकुंभ नगरी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाकुंभ की तमाम व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई।

लोगों का मानना है कि योगी आदित्यनाथ के प्रयासों के चलते इस अलौकिक धार्मिक आयोजन को हमेशा याद रखा जाएगा। योगी सरकार ने जिस तरह महाकुंभ में आये लगभग 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की सुख-सुविधा के लिए इंतजाम किये, वह प्रशंसनीय हैं। इसके बावजूद वोटबैंक की ओछी राजनीति के चलते महाकुंभ 2025 के शुरू होने से पहले योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश सरकार को कुछ लोगों ने निशाने पर लेना शुरू कर दिया था। विपक्षियों को महाकुंभ में पहले दिन से गंदगी के अंबार, अव्यवस्थाओं की भरमार, गंदा जल, कड़ाके की ठंड में स्नान व भूख व प्यास से मरते लोग, तीन-तीन सौ किमी तक लंबा जाम नजर आ रहा था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसी भी आलोचना की परवाह नहीं की। वे महाकुंभ 2025 की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद कर उसे सफल बनाने में लगे रहे। इस व्यवस्था को बनाने में केंद्र की मोदी सरकार व योगी सरकार ने 7500 करोड़ रुपए खर्च किये। जिसके फलस्वरूप लगभग 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ पहुंच कर स्नान करके दुनिया के सबसे बड़े आयोजन का खिताब हासिल कर इतिहास रचने कार्य किया। वैसे देखा जाए तो महाकुंभ के इस आयोजन का धार्मिक आस्था के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था से भी बहुत गहरा संबंध है। इस आयोजन के दौरान प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल, चित्रकूट, मथुरा-वृन्दावन, लखनऊ, आगरा, दिल्ली आदि में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भारी भीड़ का तांता लगा रहा है, जिससे इस क्षेत्र का व्यापार जमकर फला-फूला है, जिससे उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी जबरदस्त मजबूती मिली।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआइटी) के अनुमान के अनुसार, महाकुंभ में 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की उम्मीद है। वहीं, सीटीआई के अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 3.5 लाख करोड़ रुपए का व्यापार का अनुमान है, जिससे उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों को भारी लाभ होगा। देश व दुनिया के लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते महाकुंभ 2025 आस्था और अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण संगम बन गया।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा के अभाव में मिलावट का खेल पनप रहा है। मिलावट करने वाले सिर्फ अपने फायदे की सोचते हैं, जबकि इसके परिणाम समाज और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं।

**-दिनेश सिंह, रांची**

### कठोर सजा मिले

**त्योहारों** के दौरान नकली मेवा और मिलावटी सामानों की भरमार हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य खतरे में पड़ता है। मुनाफा कमाने के लिए कुछ लोग नैतिकता को ताक पर रख देते हैं और भूल जाते हैं कि ये मिलावटी उत्पाद जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकते हैं। **- शिवशंकर, गुमला**

## ट्वीट

**भाजपा विधायकों से अपील**

झारखंड भाजपा के विधायकों क्या आप नागपुर और दिल्ली के बंधुआ हैं जो अभी तक अपने विधायक दल का नेता नहीं चुन सके हैं विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार विधायकों का ही होता है। क्या इस अधिकार को भी आप लोगों ने गिरवी रख दिया है। कृपया आपलोग झारखंड की अस्मिता से खिलवाड़ ना करें. यह प्रदेश वीरों का रहा है जिसका इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा हुआ है। उसे धूल धूसरित नहीं करें। लोकतन्त्र को तो आप लोगों ने तार तार कर दिया है अब जहां से जीत कर आए है वहाँ का मान सम्मान रखिए और अपना नेता चुन लीजिए. दिल्ली और नागपुर से डरने की जरूरत नहीं है।

**-डॉ इरफान अंसारी, मंत्री**

# हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी हैं: नरेन्द्र मोदी



**नरेन्द्र मोदी**

साथियों, जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे, और मैंने कहा था- मां गंगा ने मुझे बुलाया है। इसमें एक दायित्व बोध भी था, हमारी मां स्वरूपा नदियों की पवित्रता को लेकर, स्वच्छता को लेकर। प्रयागराज में भी गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम पर मेरा ये संकल्प और दृढ़ हुआ है। गंगा जी, यमुना जी, हमारी नदियों की स्वच्छता हमारी जीवन यात्रा से जुड़ी है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि नदी चाहे छोटी हो या बड़ी, हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए हम अपने यहां सुविधा के अनुसार, नदी उत्सव जरूर मनाएं। ये एकता का महाकुंभ हमें इस बात की प्रेरणा देकर गया है कि हम अपनी नदियों को निरंतर स्वच्छ रखें, इस अभियान को निरंतर मजबूत करते रहें।

मैं जानता हूं, इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा...। जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का ही स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं।

साथियों, श्रद्धा से भरे जो करोड़ों लोग प्रयाग पहुँचकर इस एकता के महाकुंभ का हिस्सा बने, उनकी सेवा का दायित्व भी श्रद्धा के सामर्थ्य से ही पूरा हुआ है। यूपी का सांसद होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य हो, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। हमारे सफाईकर्मी, हमारे पुलिसकर्मी, नाविक साथी, वाहन चालक, भोजन बनाने वाले, सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम करके इस महाकुंभ को सफल बनाया।

## महाकुंभ



विशेषकर, प्रयागराज के निवासियों ने इन 45 दिनों में तमाम परेशानियों को उठाकर भी जिस तरह श्रद्धालुओं की सेवा की है, वह अतुलनीय है। मैं प्रयागराज के सभी निवासियों का, यूपी की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

साथियों, महाकुंभ के दृश्यों को देखकर, बहुत प्रारंभ से ही मेरे मन में जो भाव जगे, जो पिछले 45 दिनों में और अधिक पुष्ट हुए हैं, राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर मेरी आस्था, अनेक गुना मजबूत हुई है।

140 करोड़ देशवासियों ने जिस तरह प्रयागराज में एकता के महाकुंभ को आज के विश्व की एक महान पहचान बना दिया, वो अद्भुत है।

देशवासियों के इस परिश्रम से, उनके प्रयास से, उनके संकल्प से अभीभूत मैं जल्द ही द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा और श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा।महाकुंभ का स्थूल स्वरूप महाशिवरात्रि को पूर्णता प्राप्त कर गया है। लेकिन मुझे विश्वास है, मां गंगा की अविरल धारा की तरह, महाकुंभ की आध्यात्मिक चेतना की धारा और एकता की धारा निरंतर बहती रहेगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का ब्लॉग (समाप्त)

# बायोलोजिकल क्लॉक के संकेत से नियमित कर सकते हैं शारीरिक गतिविधियां

**-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**बदलती** जीवनशैली और आधुनिकता की दौड़ में हम बायोलोजिकल क्लॉक के संकेतों को समझना ही भूल गए हैं। बायोलोजिकल क्लॉक यानी सर्केडियन रिदम को समझना इतना मुश्किल भी नहीं है अपितु यह कहा जाए कि बायोलोजिकल क्लॉक के संकेतों से हम वाकिफ होने के बावजूद उन्हें महत्व नहीं देते और इसी का कारण है कि हम तेजी से मोटापा, डायबिटीज, लिवर, डिप्रेशन, अनिद्रा और यहां तक कि आसानी से मानसिक बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। यह आम आदमी के लिए भले हैरत की बात हो पर जिस तरह हमारी दिनचर्या घड़ी के हिसाब से चलती है, उसी तरह से हमारे शरीर में प्रकृति द्वारा पहले से ही घड़ी बनाई होती है। बॉडी क्लॉक या सर्केडियन रिदम के संकेतों को हम समझने लगें तो स्वास्थ्य से संबंधित बहुत-सी समस्याओं से आसानी से समय रहते बच सकते हैं। प्रकृति बॉडी क्लॉक के माध्यम से हमें पल-पल संकेत देती रहती है। सोते-जागते उसके संकेत हमें मिलने के बावजूद हम उन्हें जाने-अनजाने समझने में भूल कर बैठते हैं।

जिस तरह हमारी दिनचर्या घड़ी के हिसाब से चलती है ठीक उसी तरह से हमारी दिनचर्या को जाने अनजाने में बॉडी लॉक नियंत्रित करने में प्रमुख भूमिका निभाती है। सोना-जागना, खाना-पीना, यहां तक कि शरीर का तापमान और शारीरिक गतिविधियों को बॉडी क्लॉक प्रभावित करती है। बायोलोजिकल क्लॉक यानी बॉडी क्लॉक हमारी मनोदशा को भी प्रभावित करती है। दरअसल हमारे शरीर को बायोलोजिकल आवश्यकताओं की जानकारी होती है। कब सोना है, कब जागना है, कब खाना है, कितना खाना है आदि के संकेत स्पष्ट रूप से हमारी बॉडी देती है। होता यह है कि हम उस ओर ध्यान नहीं देते और इसी कारण अनेक बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। बायोलोजिकल क्लॉक के महत्व को इसी से समझा जा सकता है कि 2017 में अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों को उनके बॉडी क्लॉक के अध्ययन और निष्कर्ष पर नोबल पुरस्कार मिल चुका है।

यदि हम परंपरागत दिनचर्या देखें तो बॉडी क्लॉक के बारे में पूरी तरह से समझा जा सकता है। हमारी परंपरागत अधिकांश गतिविधियां बॉडी क्लॉक के अनुसार होती है। सूर्योदय से पहले उठने से लेकर रात को सोने तक की सभी गतिविधियां बॉडी क्लॉक के अनुसार निर्धारित है। माना जाता है कि शरीर का सबसे कम तापमान प्रातः 4 से 4.30 के लगभग रहता है। इसी तरह से प्रातः वर्कआउट के स्थान पर योग पर जोर रहता था। सुबह के पूजा-पाठ में योग का अपना महत्व रहता था। प्राणायाम, ध्यान, मुद्राओं का प्रदर्शन आदि योग के ही हैं और सुबह के समय इसको प्राथमिकता दी जाती रही है। सुबह के समय कार्टिसोल का अधिक स्त्राव व अन्य कारणों से हार्ट अटैक की अधिक आशंका रहती है। इसी तरह बॉडी क्लॉक की मानें तो प्रातः 10 बजे के आसपास का समय सबसे अधिक एक्टिव होता है तो तीन बजे से पांच बजे के आसपास का समय विचार-विमर्श आदि के लिए उपयुक्त माना जाता रहा है। सायं 7 बजे के आसपास शरीर का तापमान अधिक होता है, ऐसे में शांत रहना चाहिए। शाम 6 से साढ़े 6 बजे ब्लडप्रेशर अधिक होता है, ऐसे में दिल के मरीजों को इस समय सतर्क रहना चाहिए। इसी तरह रात 9 बजे नींद का प्रभाव आरंभ हो जाता है। माना जाता है रात 2 बजे गहरी नींद का समय होता है। शाम 5 से साढ़े 5 बजे एक्सरसाइज के लिए उपयुक्त समय माना जाता है। समझने की कोशिश करें तो यह गोधूली बेला है। इस समय में कुछ आगे-पीछे हो सकता है पर यह साफ है कि बॉडी क्लॉक बड़े सिस्टेमेटिक तरीके से काम करते हुए संकेत देती है जिसे समझना और उसके अनुसार दिनचर्या को नियमित करने से बहुत-सी शारीरिक व मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है।

## विज्ञान

हालांकि बॉडी क्लॉक की रिदम व्यक्ति में अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही दिनचर्या के अनुसार उसमें बदलाव होता रहता है। हमारे सोने, जागने और खाने-पीने के समय आदि को बॉडी क्लॉक सर्वाधिक प्रभावित करती है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है तो नींद नहीं आना, डिप्रेशन, याददाश्त खोना, टेंशन, मानसिक समस्याएं, यहां तक आज की सबसे गंभीर बीमारी टाइप 2 डायबिटीज और मोटापा, दिल की बीमारी और कैंसर तक को बॉडी क्लॉक के इशारों को नहीं समझने को माना जाता है। जिनकी दिनचर्या नियमित नहीं होती है उन्हें ही इन समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। शिफ्ट में काम करने वाले, किसी भी कारण से समय पर खाने-पीने या सोने-जागने आदि की चर्या नियमित नहीं होती, उन्हें यह बीमारियां अधिक प्रभावित करती है।

पिछले दिनों साइंस पत्रिका में एक रिसर्च पेपर प्रकाशित हुआ है। पेनसिल्वानिया के वैज्ञानिकों के इस अध्ययन के अनुसार शिफ्ट में काम करने वाले या सफर में रहने वालों की दिनचर्या के प्रभावित होने के परिणाम हमारे सामने होते हैं। इसी तरह से नींद पूरी और समय पर नहीं लेने से मानसिक बीमारियों की जकड़ में आ जाते हैं। मोटापा, मधुमेह, अनिद्रा और इससे जुड़ी बीमारियों से प्रभावित हो जाते हैं। बॉडी क्लॉक के अनुसार मस्तिष्क या शरीर से मिलने वाले संकेतों पर ध्यान नहीं देने के कारण बीमारियों की जकड़ में आ जाते हैं। संकेत को नहीं समझने के कारण ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल आदि बढ़ने जैसी समस्याएं होती हैं। सामान्यतः बॉडी क्लॉक 22 से 25 घंटे का होता है। यह लोगों में अलग-अलग अवधि का हो सकता है। पर खास बात यह है कि यह पूरी दिनचर्या को नियंत्रित करने के संकेत देता है। समय पर नहीं सोना या भूख लगने पर भी नहीं खाना या गतिविधियों को नियमित नहीं करने से समस्याएं होने लगती है। जिस तरह बुखार होते ही बीमारी का संकेत मिल जाता है, उसी तरह सर्केडियन रिदम अपने संकेत देती रहती है। शरीर की मांग यह दर्शा देती है, ऐसे में उसी अनुसार बदलाव करने से सुधार संभव हो पाता है।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षक प्रतिनिधि बने कुरातूलएन



**रजरप्पा।** चितरपुर डिग्री महाविद्यालय चितरपुर में शिक्षक प्रतिनिधि चयन को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं की बैठक हुई। दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। प्रो. कुरातूलएन एवं प्रो. निखहत परवीन दो प्रत्याशियों के पक्ष में पर्ची के माध्यम से वोट डाला गया। मतों की गिनती की गई। कुरातूलएन नौ मत मिला एवं जीत हासिल किया। जबकि निखहत प्रवीण के पक्ष में 07 मत ही प्राप्त हुआ। सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रोफेसर कुरातूलएन को शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में चयन किया गया। शिक्षक प्रतिनिधि बनने के बाद प्राचार्य डॉ संज्ञा प्रसाद ने माला पहनाकर, बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर प्रो. निरंजन महतो, प्रो. मनोज कुमार झा, प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. जूही उपाध्याय, प्रो. उत्तम कुमार, डॉ. हिना कौसर, प्रो. मीणा मुंडा, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. शबाना अंजुम, प्रो. अंजू कुमारी, प्रो. अंजनी करमाली, प्रो. तारा शंकर अग्रवाल, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. नगमा नौशाद सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

### भाजपा नेता की मां का निधन, शोक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी निवासी भाजपा नेता राकेश सिन्हा की माता रामशिला देवी 70 वर्ष का गुरूवार रात करीब 10 बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। शुक्रवार को नलकारी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र राकेश सिन्हा ने दिया। स्व. रामशिला देवी अपने पीछे दो पुत्र, बहु सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं शोक संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में सांसद मनीष जयसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी, सतीश सिन्हा, डॉ. संजीव जमुआर, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, मुखिया उपेंद्र शर्मा, मुखिया अजय पासवान, रामाशंकर पांडेय, चंदन साव सहित कायस्थ समाज के लोग शामिल थे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के कुजू नर्सिंग होम के पास गुरुवार की देर शाम एक बाइक सवार युवक ने अपने आगे आगे चल रहे अज्ञात हाईवा को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच स्थानीय लोगों की मदद से युवक को इलाज हेतु कुजू नर्सिंग होम में ले जाया। जहां युवक की स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया। वही, घटना के बाद हाईवा चालक हाईवा लेकर फरार हो गया। बताया जाता है कि शाम करीब आठ बजे कुजू निवासी राजीव कुमार (उम्र 24 वर्ष) पिता मिथिलेश पंडित अपनी पल्सर बाइक संख्या जेएच 24 एम 4859 से अपने निजी कार्य के घर लौट रहा था। इसी बीच अनियंत्रित होकर बाइक सवार युवक ने आगे चल रहे हाईवा को टक्कर मार दी। जिससे युवक को गंभीर चोटे आई है।

### सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा : प्रभाकर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मध्य विद्यालय सौन्दा डी में प्रधानाध्यापक मटुक राम के सेवानिवृत पर शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक बिहारी लाल और संचालन मध्य विद्यालय सौन्दा डी के साहु सर ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि पतरातु प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रभाकर सिंह, विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय और पूर्व उप मुखिया सुधीर कुमार ने सेवानिवृत प्रधानाध्यापक मटुक राम का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय परिवार ने उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। मौके पर शिक्षा पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने कहा कि सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा होता है। हर कर्मी को एक न एक दिन इस रास्ते से गुजरना ही पड़ता है। लोगों ने मटुक राम के स्वस्थ्य शरीर और सुखद जीवन की कामना करते हुए विदाई दी। मौके पर प्रधानाध्यापक अनुज खत्री, मनोज कुमार सिंह, सरवेन्दु प्रसाद सिंह, सुनिल कुमार पांडेय, रविश कुमार, रूपेश विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, दिपेंद्र कुमार, श्यामसुंदर करमाली, विभा कुमारी, भुनेश्वर महतो, राजेश प्रसाद, मटुक राम की पत्नी लक्ष्मी देवी, पुत्र विभांशु कुमार और शिक्षक मौजूद थे।

### सरहुल को लेकर समिति गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रेलवे लाईन स्थित आदिवासी कार्यालय में शुक्रवार को केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति भुरकुंडा कोयलांचल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता श्रीनाथ करमाली और संचालन विक्रम करमाली ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पूजा धुमधाम से मनाने एवं सफलता को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संस्थापक विक्रम करमाली, राजन करमाली, संरक्षक श्रीनाथ करमाली, झरी मुंडा, रामविलास करमाली, हरिलाल बेदिया और रामलखन मुंडा चुने गये। वहीं अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष विकेश बेदिया, छोटा राजन, अरूण करमाली, कार्यकारी अध्यक्ष रंजीता करमाली, सचिव शशि करमाली, सह सचिव सरयू मुंडा, गुलाब करमाली, कोषाध्यक्ष देवशरण मुंडा, राजेन्द्र बेदिया चुने गये। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में अमर बाउरी, पिंटू बेदिया, अजय सोरेन, नंदु करमाली, अरविंद करमाली, रामदास बेदिया, विक्की करमाली, विकास करमाली, रोहित मुंडा, विरेन्द्र मुंडा, सूरज कुमार, अंजू देवी, सरीता टोप्पो, लक्ष्मी कुमारी, सुनिता देवी, शीला देवी, तन्नु करमाली, राजेश करमाली, अर्जुन करमाली, राज करमाली, रतन करमाली, पृथ्वी राज करमाली, मुनेश बेदिया, अजय राम शामिल हैं। बताया गया कि सरहुल पूजा को लेकर समिति का केन्द्र पटेलनगर स्थित सरना स्थल होगा।

# उपायुक्त व एसपी ने अवैध मुहानों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र इंपेक्ट**

## डीटीओ ने की कोयला लदे वाहनों की जांच

**▸▸ वेस्ट बोकारो के बसंतपुर कोतरे जंगल में अवैध उत्खनन को देखा, बंद करने का दिया निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले में अवैध कोयले का कारोबार के खबर मन्त्र में छपी खबर के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में आई। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार, एसडीओ अनुराग तिवारी, डीटीओ मनीषा वत्स ,एसडीपीओ पवन कुमार,वन विभाग के आरसीसीएफ वेंकटेश्वरलू ,वन प्रमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ नितीश कुमार सहित सीसीएल के कोयला अधिकारी, पुलिस व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने तथा धंधेबाजों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने का अभियान शुरू हो गया है। उक्त अधिकारियों ने जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर कोतरे जंगल पहुंचे। अधिकारियों ने जंगल में धंधेबाजों द्वारा खोले गए अवैध कोयले उत्खनन मुहाने को देखा। उपायुक्त ने अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए जिले के एसडीओ तथा गठित टास्क फोर्स टीम को एक्शन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के इस निर्देश के बाद पूर जिला प्रशासन महकमा सक्रिय हो गया है।अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अलग-अलग स्थलों पर अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया है,जिन्हें वन विभाग द्वारा बंद कराने का कार्य किया जाएगा। साथ हीं धंधे में संलिप्त लोगों को चिंहित कर उनके विरुद्ध संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया जाएगा। किसी भी हाल में ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर जिले के उक्त अधिकारियों के साथ पतरातू पुलिस इंस्पेक्टर, भदानीनगर,कुजू ओपी प्रभारी मौजूद थे। अवैध कोयला कारोबार पर नकेल कसने के लिए गुरुवार रात जिला परिवहन अधिकारी



मनीषा वत्स भी सक्रिय दिखाई दी। क्षेत्र के नयामोड़ तथा डटमामोड़ रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट हाइवा तथा ट्रकों में लदे कोयले से संबंधित कागजातों की जांच उन्होंने की। कोयले लदे वाहनों की अचानक की जा रही जांच से संबंधित वाहन चालकों तथा धंधेबाजों में हड़कंप मच गया। जांच से बचने के लिए चालक अपने अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर निकल भागे।

**बसंतपुर में अवैध मुहाना बंद :** शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी एवं खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को सुबह से ही बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया जो अलग-अलग जगहों पर गठित टीम के द्वारा संचालित अवैध मुहानों को बंद किया जाएगा।

## शादी से पहले जरूरतमंद बहनों को मिलेगा लहंगा : जायसवाल

**2 मार्च को हजारीबाग में और 3 मार्च को रामगढ़ में दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगेगा शिविर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सेवा कार्यों के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सांसद सेवा कार्यालय में बैठक की। बैठक में हजारीबाग और रामगढ़ जिले के भाजपा मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह और प्रवीण मेहता ने संयुक्त रूप से की। सांसद मनीष जायसवाल ने बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए जनहित की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने हाल ही में संपन्न सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 में 101 जरूरतमंद जोड़ों के विवाह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को हजारीबाग और 3 मार्च को रामगढ़ में दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण पंजीकरण एवं वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में दिव्यांगजनों को एलिम्को कंपनी के सहायक उपकरण और वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायक यंत्र दिए जाएंगे।

इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थियों को यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जैसी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। सांसद ने घोषणा की कि उनकी लोकप्रिय लहंगा उपहार योजना अब संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लागू होगी, जिसके तहत शादी से पहले जरूरतमंद बहनों को आकर्षक लहंगा भेंट किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को और भव्य बनाने के लिए लोकसभा क्षेत्र के सभी अखाड़ों को पारंपरिक लाठी और तलवार भेंट की जाएगी, जिससे पारंपरिक कौशल प्रदर्शन को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा नेता अमरदीप यादव, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, राधेश्याम अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और वे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### रामगढ़ में डीसीसी व डीएलआरसी की बैठक

रामगढ़। जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबन्धक दिलीप महली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानकारी दी गयी। उप विकास आयुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने एवं गाय, बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया । वहीं, उप विकास आयुक्त ने पीएमएफएमई के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

### अखिलेश्वर महादेव मंदिर में भंडारा



**रामगढ़।** रांची रोड आदर्श कॉलोनी स्थित अखिलेश्वर महादेव मंदिर में भंडारे में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व महादेव मंदिर में स्थापित भोलेनाथ और मां पार्वती की विशेष पूजन अर्चना की गई जबकि पूर्व संध्या पर शिव बारात भी निकल गई उक्त मौके पर अरुण कुमार सिन्हा, आनंद प्रताप सिंह, रूपेश सिंह , मुन्ना सिंहा , कौशल सिंह,प्राणदीप बक्शी, जे के चौबे, अमित सिंह, राजेंद्र सिंह, आलोक सिंह ,मिथिलेश सिंह, राकेश सिंह ,महेंद्र प्रसाद, जितेंद्र सिंह, सदानंद गोस्वामी, शामी सिन्हा, मिनी सिंह चौहान, सुषमा सिंह समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे

### युवती की वापसी को लेकर परिजनों ने जिला प्रशासन से लगायी गुहार

**रामगढ़ ।** चितरपुर में अंतरधार्मिक विवाह को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। लड़की के परिजनों ने इसे लव जिहाद का मामला बताते हुए प्रशासन से उसकी जल्द वापसी की मांग की है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। गुरुवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल पीड़िता के घर पहुंचे और परिवार से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से मांग की कि लड़की को जल्द से जल्द बरामद कर सच्चाई को उजागर किया जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में युवक और युवती दोनों बालिग हैं, लेकिन परिजनों का आरोप है कि लड़की को साजिश के तहत भगाया गया है। सांसद जायसवाल ने कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई और कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और रामगढ़ जिला प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है, और इस तरह के मामलों में जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। स्थानीय लोग प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि स्थिति और न बिगड़े।

## जिंदल फाउंडेशन की गर्ल्स टीम ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

### विजेता टीम को मिला ट्रॉफी और 50 हजार रुपये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के मार्गदर्शन में पतरातु में चल रहे जिंदल फाउंडेशन गर्ल्स फुटबॉल टीम की लड़कियों ने झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में खेलो इंडिया गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत आयोजित झारखंड अंडर-17 वर्ग की अस्मिता फुटबॉल लीग जीती।

18 फरवरी से 27 फरवरी तक धनबाद में आयोजित अस्मिता फुटबॉल लीग में छह लड़कियों की फुटबॉल अकादमियों ने हिस्सा लिया।

विजेता के रूप में जिंदल फाउंडेशन गर्ल्स टीम को ट्रॉफी, मेडल और नकद 50 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया।




जिंदल फाउंडेशन गर्ल्स टीम की अनामिका कुमारी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और लक्ष्मी कुमारी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। गर्ल्स फुटबॉल टीम की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिंदल फाउंडेशन ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नजर में

### प्रदीप प्रसाद ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की कमी का मामला सदन में उठाया



हजारीबाग। सदर विधानसभा के भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सदन में सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दिलाना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण मरीज बेहाल हैं। विधायक ने अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी, ऑनलाइन पर्ची प्रणाली से गरीब मरीजों की परेशानी, जरूरी दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की किल्लत जैसे मुद्दों को उठाया। उन्होंने मांग की कि मरीजों की सुविधा के लिए ऑफलाइन पर्ची प्रणाली भी चालू रखी जाए और अस्पताल में मूलभूत चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए। सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक ने यह भी कहा कि रांची स्थित रिम्स अस्पताल में संजीवनी सेवा कुटीर खोलने की अनुमति दी जाए। उन्होंने बताया कि हजारीबाग से रांची इलाज के लिए जाने वाले मरीजों को बिचौलियों और दलालों की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिससे वे सही इलाज से वंचित रह जाते हैं। संजीवनी सेवा कुटीर की स्थापना से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सेवा पूरी तरह जनता के लिए समर्पित है और इसमें किसी भी राजनीतिक दल का हस्तक्षेप नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इस मुद्दे पर कोई ठोस जवाब नहीं दिया, जिससे विधायक असंतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं किया गया, तो वह जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि जनता की सेवा ही उनका धर्म है, और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा।

### बड़कागांव-केरेडारी रोड़ पर सड़क दुर्घटनाओं को लेकर रोशन लाल ने विधानसभा में उठाया



**बड़कागांव ।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा में बड़कागांव-केरेडारी-टंडवा पथ पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी को बीगन महतो और 24 फरवरी को अश्वनी मिश्रा की मौत ओवरलोडेड भारी वाहनों की वजह से सड़क हादसे में हो गई। लेकिन प्रशासन की लापरवाही इतनी अधिक थी कि बीगन महतो का शव 36 घंटे तक और अश्वनी मिश्रा का शव 20 घंटे तक सड़क पर पड़ा रहा, वहीं सरैयाटांड़ में तो शव तीन दिनों तक लावारिस हाल में पड़ा रहा, जो बेहद अमानवीय और दुखद है।

विधायक ने सदन में यह भी बताया कि इस मार्ग पर हर 10 दिन में सड़क हादसे में किसी न किसी की जान जा रही है, लेकिन प्रशासन और सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने झारखंड सरकार से मांग की कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मिलने वाले मुआवजे को बढ़ाया जाए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान में सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को 10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाता है, जबकि झारखंड में यह राशि बेहद कम है। उन्होंने झारखंड सरकार से आग्रह किया कि यहां भी सड़क हादसों में मारे गए लोगों के परिवारों को 10 लाख का मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, विधायक ने बड़कागांव-पकरी बरवाडीह-केरेडारी से बनादाग के बीच एक फोरलेन बाईपास या अलग ट्रांसपोर्टिंग सड़क बनाने की मांग की, ताकि भारी वाहनों की आवाजाही मुख्य सड़कों से हटाकर अलग रास्ते से की जाए और लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने और ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि बड़कागांव-केरेडारी पथ पर हो रहे मौत के सिलसिले को रोका जा सके।

### यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर मीडिया वर्कशॉप



हजारीबाग। जिला स्वास्थ्य समिति हजारीबाग के तत्वावधान में शुक्रवार को सिविल सर्जन सभागार में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य जिले के पत्रकारों को टीबी मुक्त भारत अभियान में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत झारखंड के चार जिलों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नए मरीजों की पहचान कर उनका समुचित इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन में मीडिया की भूमिका अहम है, और पत्रकारों को अपने समाचार पत्रों और चैनलों के माध्यम से टीबी के लक्षण, उपचार और जागरूकता से जुड़ी जानकारी प्रसारित करनी चाहिए। डॉ. सिंह ने टीबी के लक्षणों के बारे में बताया, जिनमें लगातार खांसी, वजन घटना, बुखार, भूख न लगना, छाती में दर्द और सांस लेने में दिक्कत शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, और इसका इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है। कार्यक्रम के अंत में सिविल सर्जन ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. आरके जायसवाल, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट डॉ. साफिन रिहान, कई पत्रकार एवं अस्पताल कर्मी उपस्थित रहे।

### दनुआ घाटी में ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल

**चौपारण।** दनुआ घाटी में गुरुवार को तेज रफ्तार के कारण एक ट्रैक्टर पलट गया, जिससे चालक राजकुमार यादव (28), पिता योगेश्वर यादव, ग्राम पिपराही गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तब हुआ जब ट्रैक्टर बालू खाली कर वापस लौट रहा था और दोबारा लोडिंग के लिए तेजी से घाटी में प्रवेश कर रहा था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर की गति बहुत अधिक थी, जिससे चालक संतुलन नहीं बना सका और वाहन पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में चालक को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत सहायता करते हुए प्रशासन को सूचना दी। घायल चालक को चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### चौपारण का ब्लॉक मैदान बना नशेड़ियों का अड्डा

चौपारण। चौपारण का ब्लॉक मैदान, जो कभी खेल प्रेमियों और बच्चों के लिए उत्साह का केंद्र हुआ करता था, अब असामाजिक तत्वों और शराबियों का अड्डा बन गया है। शाम ढलते ही यहां नशेड़ियों की भीड़ जुटने लगती है, जिससे न सिर्फ माहौल बिगड़ रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों और विशेष रूप से बच्चों व अभिभावकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर दिन मैदान में शराबी आकर खुलेआम नशा करते हैं और बोतलें फेंक देते हैं। सुबह जब बच्चे खेलने आते हैं, तो कांच के टूटे टुकड़ों की वजह से घायल हो जाते हैं। कई अभिभावकों ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। जहां यह मैदान बच्चों और युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान होना चाहिए, वहीं अब यह नशेड़ियों की गैर-कानूनी गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## समाहरणालय परिसर में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन

# 287 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

- कार्यक्रम में 27 रोजगार देने वाली संस्थाओं ने भाग लिया
- कुल 1376 युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। समाहरणालय परिसर में झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (पलाश), कोडरमा की ओर से जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी 06 प्रखंडों (चन्दवारा, डोमचांच, जयनगर, कोडरमा सदर, मरकच्चो एवं सतगांवा) से रोजगार करने के इच्छुक 18 वर्ष के उम्र के युवक-युवतियों ने भाग लिया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, एसी पूनम कुजूर, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के निदेशक नितीश कुमार निशांत, जिला सहकारिता पदाधिकारी रुमा झा एवं प्रकाश रंजन, डीपीएम पलाश समेत अन्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में लगभग 1700 लोगों की उपस्थिति रही, इसमें 27 रोजगार देने वाली संस्थाओं ने भाग लिया। वहीं कुल 1376 युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें से 287 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं कुछ लोगों को जिप अध्यक्ष रामधन यादव एवं एसी पूनम कुजूर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीएम प्रकाश रंजन ने किया। मौके पर आदित्य कुमार शर्मा, साईं दत्ता, प्रणव कुमार, आशीष ठाकुर, सुमित कुमार, अंबर भारद्वाज, काशिफ रजा, उत्सव झा एवं आराधना महतो समेत भारी संख्या में युवक-युवतियां मौजूद थे।

# दो दिवसीय डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का शुभारंभ

- बीडीओ हुलास महतो ने कहा- डिजिटल युग में हमें सतर्क रहने की जरूरत है

खबर मन्त्र संवाददाता



मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में दो दिवसीय डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ हुलास महतो द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम 28 फरवरी से 1 मार्च तक संचालित रहेगा। वहीं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नैसकॉम फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य आम नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान विशेषज्ञों ने नागरिकों को डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा, साइबर ठगी से बचाव, मजबूत पासवर्ड बनाने, फिशिंग अटैक से बचने और डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सेविका, सहिया, सखी मंडल की दीदी आदि शामिल हुईं। बीडीओ हुलास महतो ने कहा कि डिजिटल युग में हमें सतर्क रहने की जरूरत है। साइबर अपराधों से बचने के लिए सावधानी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षी प्रखंड मित्र अंकित कुमार सिंह ने किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता से अवगत एवं जागरूक करना है। कार्यकम में नैस्कॉम फाउंडेशन से अनुषा दास, हेमंक कुमार चौबे तथा प्रखंड से लेखराज, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस




कोडरमा। राज इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं विद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य राहुल घोष और एके लाल द्वारा देश के वैज्ञानिक सीवी रमन, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर किया गया। वहीं प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। इस वर्ष भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने नेशनल साइंस डे 2025 का थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। विज्ञान महोत्सव के दूसरे दिन विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। मौके पर सभी शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## जागरूकता सह लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन कैंप आयोजित

कोडरमा। स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग रांची के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी सह एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्दवारा एवं चंदवारा बाजार में स्ट्रीट फूड वेंडर, ठेला, खोमचा एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के लिए एक दिवसीय जागरूकता सह लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 24 रजिस्ट्रेशन निर्गत किया गया। उन्हें ठेला-खोमचा या परिसर में व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ उपयोग में आने वाले बर्तन, सफाई में उपयोग होने वाले कपडे के साथ ठेला-खोमचा एवं परिसर की सफाई रखने का निर्देश दिया गया। वहीं खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकेट पर निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि तथा एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर अनिवार्य रूप से देखने का निर्देश दिया गया। भोजन बनाते समय एप्रन, टोपी, मास्क अनिवार्य रूप से पहनने का भी निर्देश दिया गया।

## मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता शिविर आयोजित



कोडरमा। प्रखंड अंतर्गत बेकोबार में फ्यूजन फाइनेंस ने अनाहत फॉर चेंज फाउंडेशन एनजीओ के साथ साझेदारी में 'मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता' शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर फ्यूजन के सीएसआर कार्यक्रम गरिमा (मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम) के अंतर्गत आयोजित किया गया था। कार्यशाला के दौरान हेल्थ ट्रेनर अर्चना कुमारी ने कहा कि माहवारी हम समाज में उपेक्षित विषय समझते हैं, जबकि सृष्टि की संरचना के लिए सबसे अहम है। उन्होंने माहवारी से संबंधित तथ्यों को विस्तार से बताया कि कैसे यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। यह ना सिर्फ दैनिक जीवन बल्कि सभी धर्मों में भी इनका विशेष महत्व है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि हमारे गांव में महिलाओं के विकास को यह परियोजना एक नया आयाम देती है। आजकल महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं हैं। साथ ही सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों, पंचायत भवन तथा स्कूल में लगाए गए पैड भष्मक तथा पैड एटीएम के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में पूजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नीलम कुमारी, खुशबू कुमारी, विद्या कुमारी, रिया कुमारी, गुलाबसा परवीन, संगीता देवी, गुड़िया देवी एवं अन्य की सक्रिय भागीदारी रही।

## शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में अंग्रेजी परीक्षा संपन्न

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत तीन परीक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर, सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो व उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जगदीशपुर में मैट्रिक की अंग्रेजी विषय की परीक्षा तीनों केंद्रों पर शांतिपूर्ण तथा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुआ। तीनो केंद्रों पर कुल 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक सन्तोष प्रसाद ने बताया कि परीक्षा केंद्र 26012 में अंग्रेजी विषय की परीक्षा के लिए कुल 652 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा था। परीक्षा में कुल 651 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, एवं कुल 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दंडाधिकारी के रूप में लक्ष्मीकांत लोहरा, परीक्षा प्रभारी योगेंद्र प्रसाद, वीक्षक के रूप में 28 वीक्षकों को लगाया गया था। वहीं प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक न्यूटन कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्र 26013 में अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 625 छात्र छात्राओं को सम्मलित होना था, जिसमें 619 परिक्षार्थी सम्मिलित हुए एवं कुल 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लाखों का नुकसान



मरकच्चो (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्कमनाय पंचायत के ग्राम बेला में संजय पंडित पिता ध्रुव पंडित के आटा चक्की मील में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। वहीं आग लगने के बाद कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व अग्निशमन यंत्र के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार आग लगने से मकान में पूरी तरह दरार पड़ गया एवं घर में रखे पुवाल, लकड़ी का बोटा, कपड़ा समेत अन्य समान जलकर राख हो गया।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह पुस्तक मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कोडरमा प्रखंड मैदान में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अविनाश राम, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कंचन कुमारी एवं डाइट की प्राचार्या सरिता कुमारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद, पूर्व प्राचार्य नवल किशोर सिंह, एडीपीओ हरि उरांव द्वारा की गयी। वहीं डीईओ अविनाश राम ने कहा कि आज का यह आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के समन्वित रूप को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, जिसमें बच्चों में गणित, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए उत्सुकता, सृजनशीलता एवं प्रेम की भावना का समावेश करना है। बच्चों को वैज्ञानिक बनने के लिए ऐसी प्रदर्शनियां संजीवनी बूटी का काम करेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि डीएसई अजय कुमार ने कहा कि किताबें ज्ञान का वह दीपक जलाती हैं, जिनसे संसार प्रकाशित होता है। उन्होंने बच्चों को पुस्तकालय के सदुपयोग करने का आह्वान किया एवं विद्यालय तथा विद्यालय के बाहर भी विज्ञान के प्रयोग करते रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं डाइट प्राचार्या सरिता कुमारी ने छात्रों में नवाचार एवं प्रयोगात्मक भावना विकसित करने पर जोर दिया। वहीं विज्ञान प्रदर्शनी में आरएमएमएम उच्च विद्यालय चंदवारा की टीम प्रथम, आरके उच्च विद्यालय जयनगर की टीम द्वितीय एवं सीडी. उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं क्विज प्रतियोगिता में मरकच्चो प्रखंड प्रथम, चंदवारा द्वितीय एवं कोडरमा प्रखंड तीसरे स्थान पर रहा। मौके पर संजीत भारती, मनोज राणा, राजेश कुमार, हरि उरांव, अमर वर्मा, उपेन्द्र कुमार, जूलिया मिंज, विजय बर्णवाल, राधा सिंह, नवल किशोर सिंह, विजय कुमार यादव, सुनील सिन्हा, ज्योति कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त न्यायालय कर्मी को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। न्यायमंडल के सेवानिवृत न्यायालय कर्मी राजेंद्र दुबे के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन व्यवहार न्यायालय जिला न्याय सदन स्थित सभागार में आयोजित किया गया। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि सेवानिवृति सरकारी सेवा की एक अनिवार्य प्रक्रिया है, जिससे सभी सरकारी सेवकों को गुजरना पड़ता है। उन्होंने राजेंद्र दुबे द्वारा एक लम्बे कार्यकाल तक न्यायालय की सेवा निष्ठा पूर्वक करने के लिए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने भी राजेंद्र दुबे की कार्यशैली की सराहना की। वहीं राजेंद्र दुबे ने कहा कि कोडरमा न्यायमंडल की यादों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यहां के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का मुझे भरपूर सहयोग मिला, जिसके प्रति मैं आभारी हूं। वहीं न्यायमंडल की ओर से राजेंद्र दुबे को कई उपहार देकर सम्मानित किया गया जबकि न्यायालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों राजेंद्र दुबे को माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेष लाल, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, मुन्सिफ मिथिलेश कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, ज्योत्सना पाण्डेय, मनोज गुप्ता, राजीव कुमार, अभिमन्यु कुमार, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रियंका कुमारी, मनोज कुमार, संजय कुमार, धीरज सिंह समेत सभी न्यायालय कर्मी मौजूद थे।

## माइका वर्कर्स यूनियन ने केंद्र सरकार के फैसले पर जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। माइका वर्कर्स यूनियन ने अभ्रक को मेजर मिनरल की सूची में शामिल करने को लेकरे केंद्र सरकार के फैसले पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा है कि इससे लाखों ढिबरा मजदूरों का रोजगार छिन जाएगा। वहीं शुक्रवार को कोडरमा में हुई माइका वर्कर्स यूनियन की बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अभ्रक खनिज को कारपोरेट कंपनियों को सौंपने की साजिश के तहत इसे फिर से मेजर मिनरल की सूची में शामिल किया है। आश्चर्य इस बात का है कि खनन के साथ अभ्रक खदानों के अवशेष को भी मेजर मिनरल घोषित किया गया है। ज्ञात हो कि बिहार माइका एक्ट में ढिबरा को छूट मिली हुई थी। अभ्रक खदानों द्वारा फेंके गए अवशेष से ही चुना जाता है। नये संशोधन में मजदूरों को ढिबरा चुनने के हक से वंचित कर दिया गया है। इसका सीधा असर कोडरमा और गिरिडीह के लाखों गरीब ढीबरा मजदूरों की आजीविका पर पड़ेगा। वहीं यूनियन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य सरकार ढिबरा मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए आगे आकर केंद्र सरकार को सुझाव दें कि अभ्रक खदानों के अवशेष को मेजर मिनरल की सूची से बाहर किया जाए। साथ ही यूनियन ने अभ्रक क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा विधायक डॉ.नीरा यादव से भी अपील की है कि वे ढीबरा मजदूरों एवं उद्योग की रक्षा के लिए सकारात्मक पहल करें। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के सह संयोजक रमेश प्रजापति ने की। बैठक में यूनियन के संयोजक महेंद्र तुरी के अलावा सरस कुमार बबलू, सोनू थापा, सविता देवी, यशोदा देवी, भोला तुरी, टेकलाल दास, कारू भुईयां, नरेंद्र दास, रेखा देवी, कारू सिंह, अशोक रजक आदि मौजूद थे।

## गिरिडीह बाई पास रोड स्थित दृष्टि आई हॉस्पिटल क्लिनिक किया गया सील

कोडरमा। प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शंभू प्रसाद कुशवाहा के निर्देशानुसार कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत दृष्टि आई हॉस्पिटल गिरिडीह बाई पास रोड स्थित क्लिनिक का दुकान सील किया गया। उक्त क्लिनिक को नगर पंचायत कोडरमा से नोटिस दी गई थी, परन्तु उनके द्वारा पत्र का किसी प्रकार से कोई उत्तर नहीं दिया गया है और ना ही होल्डिंग टैक्स तथा ट्रेड लाइसेंस बनवाया गया है, इसके लिए उन्हें कई बार मौखिक तौर पर सूचित किया गया है। उक्त मकान के मालिक संजय सिंह को भी होल्डिंग टैक्स भुगतान के लिए घर में डिमांड चस्पा किया गया। परंतु दृष्टि आई हॉस्पिटल के संचालन एवं मकान मालिक के द्वारा सरकारी आदेश का अवहेलना करते हुए क्लिनिक का संचालन करने लगे। उक्त अवहेलना के आलोक में शुक्रवार को क्लिनिक को सील किया गया।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

कोडरमा। उड़ीसा पुलिस ने कोडरमा पुलिस के सहयोग से शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी नगरखारा निवासी कुलदीप राणा को गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में उड़ीसा पुलिस के द्वारा कोडरमा थाना में आवेदन दिया गया है, जिसमें उड़ीसा ब्रजराज नगर पुलिस के एसआई ने कहा है कि आरोपी युवक द्वारा ब्रजराज नगर की युवती से पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती की गयी और बाद में यह दोस्ती प्रेम में बदल गया। जिसके बाद युवक ने शादी का झांसा देकर पीड़िता का यौन शोषण करने, आपत्तिजनक फोटो खींचने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया गया है।

## खबर एक नजर में

### भ्रष्टाचार पर चुप्पी, लेकिन नेताओं के इशारों पर काम कर रहे अधिकारी : रौशन सिंह



चतरा। हंटरगंज भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने चतरा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी राजनीतिक दलों से प्रभावित होकर काम कर रहे हैं और अपने कर्तव्यों को भूल गए हैं। जिन्हें कानून के अनुसार काम करना चाहिए, वे नेताओं के इशारों पर चल रहे हैं। रौशन सिंह का कहना है कि गांव से लेकर जिले तक भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन प्रशासन इसे नजरअंदाज कर रहा है। अगर कोई शिकायत करता है, तो उसे ही गलत ठहरा दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनते और जनता की समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर उनकी कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ, तो एनडीए कार्यकर्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने ऐलान किया कि जल्द ही हल्ला बोल, पोल खोल आंदोलन चलाया जाएगा।

### किसान गोष्ठी में जैविक खेती अपनाने पर जोर



गिद्धौर। शुक्रवार को प्रखंड परिसर स्थित सिंगल विंडो में आत्मा राज्य सहाय्य अनुदान के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधन कार्यक्रम पदाधिकारी सुरेंद्र प्रजापति ने किसानों से जन, जंगल और जमीन को सुरक्षित रखने की अपील की। गोष्ठी में बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति ने कहा कि रासायनिक खाद और दवाओं के बजाय जैविक खाद और दवाओं का उपयोग करना चाहिए। इससे न केवल मिट्टी की उर्वरता बनी रहेगी, बल्कि पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का नेतृत्व बीटीएम प्रभात कुमार ने किया। इस दौरान महिला किसानों को जैविक खेती के तरीकों की विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष प्रतिमा देवी, किसान दीदी पुष्पा देवी, जितनी देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, सरिता देवी, उषा देवी, गीत देवी, मुंदरी देवी, पार्वती देवी, सोनिया देवी समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### बीपीएम ने एफपीओ बोर्ड मेंबर्स के साथ की बैठक



गिद्धौर। शुक्रवार को प्रखंड परिसर स्थित बीएमएमयू ऑफिस में बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति ने एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के बोर्ड मेंबर और सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने एफपीओ से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और सदस्यों को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। बैठक में पीजी समूह से एफपीओ में जोड़ने वाले सदस्यों का पूरा विवरण जल्द से जल्द जमा करने पर जोर दिया गया। साथ ही, अन्य कर्मियों को दिए गए लक्ष्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में एफपीओ के प्रखंड डायरेक्टर प्रतिमा देवी, नीलम देवी, सरिता देवी, सिसी निशांत कुमार, सुनील पासवान, जितेंद्र सिंह, आइपीआरपी अजय सिंह, सुनीता देवी, सेजल कुमारी, बीआरपी विजय रजक, युगेश्वर दांगी, सीएलएफ अध्यक्ष शिला कुमारी और सदस्य उषा देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### एसडीपीओ ने किया थाना का निरीक्षण, दिए निर्देश



गिद्धौर। शुक्रवार को थाना कार्यालय में एसडीपीओ सिमरिया ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान लंबित मामलों की समीक्षा की गई और ओपी अध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिसिया कार्रवाई की प्रगति की जानकारी ली गई। साथ ही, क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। एसडीपीओ ने अवैध बालू खनन और बढ़ते साइबर अपराध पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश भी दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# होमगार्ड अभ्यर्थी सेवा बहाली को लेकर डीसी कार्यालय का लगा रहे चक्कर

- कहा- बहाली प्रक्रिया बीत जाने के इतने दिनों बाद भी सेवा बहाल न हो पाना सोच से परे है

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। जिले में पिछले वर्ष के अक्टूबर महीने में होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद भी अभी तक अभ्यर्थियों को सेवा बहाल का मौका नहीं मिल पाने से उनमें खासी नाराजगी देखी जा रही है। बताते चलें कि 2024 के अक्टूबर माह में होमगार्ड और चौकीदार की बहाली को लेकर नियुक्ति प्रक्रिया की गई थी। जिसमें चौकीदार के अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया के तुरंत बाद ही नियुक्ति पत्र दे दिया गया, मगर होमगार्ड के अभ्यर्थी अभी भी अपनी सेवा बहाली को लेकर लगातार उपायुक्त के कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं शुक्रवार को होमगार्ड के लिए चयनित अभ्यर्थी उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और सेवा बहाल को लेकर कार्यालय में आवेदन देकर गुहार भी लगाई। इस दौरान अभ्यर्थियों ने कहा कि बहाली प्रक्रिया बीत जाने के इतने दिनों बाद भी सेवा बहाल न हो पाना सोच से परे है। उन्होंने कहा कि चौकीदार और होमगार्ड की बहाली एक साथ हुई थी। चौकीदार के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले काफी समय हो गया, मगर हम पर जिला प्रशासन कोई विचार नहीं कर रहा है।

**पहले रोजगार था, अब हैं बेरोजगार :** इधर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे अभ्यर्थियों ने कहा कि बहाली से पूर्व हमलोग कहीं न कहीं काम करते थे और अपना और परिवार का जीविकोपार्जन अर्जित करते थे। बहाली के पश्चात जब हमलोग नौकरी को लेकर आश्वस्त हो गए तो, पूर्व में कर रहे नौकरी को हमने छोड़ दिया। जिससे हमारे सामने काफी कठिनाइयां उत्पन्न हो गई हैं।

**गड़बड़ी की शिकायत को लेकर हो चुकी है जांच :** बताते चलें कि होमगार्ड की बहाली को लेकर हुई शारीरिक दक्षता परीक्षा में एक अभ्यर्थी की जगह दूसरे अभ्यर्थी के दौड़ लगाने की बातें सामने आई थी। जिसके बाद उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा विशेष दल गठित कर मामले की जांच भी कराई गई थी। जांच के बाद एक अभ्यर्थी की जगह गांव के किसी दूसरे युवक के द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने की पुष्टि भी हुई। जिसमें यह बातें सामने आई थी कि चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी निवासी सूरज पासवान नाम के अभ्यर्थी की जगह उसी गांव के आशीष पंडित ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में हिस्सा लिया था। जांच में वास्तविक अभ्यर्थी की जगह किसी दूसरे युवक के शामिल होने की पुष्टि के बाद दोनों युवकों पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई और उस युवक की नियुक्ति को रद्द करते हुए एक पद को वेकेंट भी रखा गया था।

**प्रमाण-पत्र जांच की प्रक्रिया चल रही है, जांच रिपोर्ट विभाग को सौंप दी जाएगी : डीसी**

इधर मामले को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्र की जांच की प्रक्रिया जारी है। जांच के पश्चात संशोधित लिस्ट संबंधित विभाग को भेज दी जाएगी, जहां से ट्रेनिंग व बाकी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### सुनील चौरसिया बने एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के सांसद प्रतिनिधि



टंडवा (चतरा)। भाजपा संगठन के प्रति समर्पित, ईमानदार और संघर्षशील नेता सुनील चौरसिया को नॉर्थ करणपुरा एनटीपीसी का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने इस संबंध में एनटीपीसी प्रबंधन को आधिकारिक पत्र भेजकर उनकी नियुक्ति की सूचना दी। नियुक्ति के बाद सुनील चौरसिया ने एनटीपीसी के सीजीएम एसके सुवार से मुलाकात कर पत्र की प्रतिलिपि सौंपी। इस दौरान सीजीएम ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बबलू गुप्ता, अरविंद सिंह, ईश्वरदयाल पांडेय, विकास मालाकार, प्रताप कुमार, रंजीत गुप्ता, महेंद्र यादव, मुकेश कुमार समेत अन्य लोगों ने सुनील चौरसिया को बधाई दी।

# मॉडल प्रदर्शनी में डीएवी के बच्चों का एआई संचालित रडार रहा आकर्षण का केंद्र

- पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर किया गया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल डॉ. शिबा नारायण साहू और हेड एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अजीत कुमार शुक्ल द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान देने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी.वी. रमन को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम सर सी.वी. रमन के जीवन और खोज पर एक संक्षिप्त जानकारी के साथ शुरू हुआ। भौतिकी के व्याख्याता अमृत कुमार पाठक ने रमन प्रभाव पर एक ज्ञानवर्धक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया। जिससे उपस्थित लोगों को इस अभूतपूर्व खोज और विज्ञान के क्षेत्र में इसके महत्व के बारे में गहन जानकारी मिली। इस अवसर पर, गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने कई रोमांचक कार्यक्रमों की मेजबानी की। जिसमें सार्वजनिक भाषण, ड्राइंग और मॉडल प्रदर्शनी शामिल थी। केन्द्रीय विद्यालय गुमला, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी पब्लिक स्कूल टोटो, वेस्कॉट पब्लिक स्कूल गुमला, पीएम श्री स्कूल, जेएनवी गुमला और जिला सीएम एसओई गुमला के छात्रों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में अपने कौशल और ज्ञान का प्रदर्शन किया। उत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी थी। जिसमें गुमला के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के अभिनव और रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित किया गया। प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू और प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने प्रेरक भाषण देते हुए आज के दौर में वैज्ञानिक खोज और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। विज्ञान प्रदर्शनी के सभी विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मॉडल प्रदर्शनी के विजेताओं को क्रमशः 4000, 3000 और 2000 रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए। जिसमें पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता में डीएवी की ताशा झा प्रथम, द्वितीय कैरोल कैथरीन तिग्गा केंद्रीय विद्यालय और विवेक बड़ाईक गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज, तृतीय स्थान पर स्नेहल आर्यन श्रीवास्तव और अभिषेक पाठक गुमला पॉलिटेक्निक, ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम सरवर आलम जिला सीएम एसओई, द्वितीय प्रिया कुमारी वेस्कॉट पब्लिक स्कूल और वाणी विश्वकर्मा सेंट मैरी पब्लिक स्कूल, तृतीय अनुपा कुमारी जेएनवी गुमला और श्रद्धा सुमन केन्द्रीय विद्यालय गुमला रही। मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम एआई संचालित रडार डीएवी पब्लिक स्कूल, द्वितीय कृत्रिम रोबोटिक हाथ गुमला पॉलिटेक्निक व तृतीय स्वचालित स्ट्रीट लाइट गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज का रहा।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर प्रखंड में आम बागवानी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आम बागवानी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में आजीम प्रेमजी फाउंडेशन की सलोना कुमारी ने चैनपुर प्रखंड के मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को आम बागवानी के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चैनपुर बीपीओ कांति कुमारी, मुखिया शोभा देवी, पंचायत सचिव मधुरा मिंज और रोजगार सेवक सुशील दीपक मिंज शामिल हुए। इस अवसर पर बीपीओ कांति कुमारी ने कहा कि आम बागवानी न केवल हमारे किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आय का स्रोत है, बल्कि यह क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हमें इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए ताकि हमारे किसान बागवानी के प्रति जागरूक हो और सही तकनीकों का उपयोग कर सकें। प्रशिक्षण में आम बागवानी की तकनीकी जानकारी, बेहतर फसल उत्पादन, और बाजार में बिक्री के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सलोना कुमारी ने किसानों को आम की विभिन्न किस्मों, उनकी देखभाल, और संभावित लाभ के बारे में भी बताया। यह कार्यक्रम स्थानीय किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने और आम बागवानी में दक्षता हासिल करने के लिए नई तकनीकों और जानकारियों का लाभ मिल सकेगा।

### चैनपुर में सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल, गुमला रेफर



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के डहुडगांव के समीप शुक्रवार को दो बाईकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में कुटमा निवासी 44 वर्षीय बुधराम असुर, 12 वर्षीय सनियारो कुमारी और विपरीत दिशा से आ रहे काटकही निवासी 20 वर्षीय अवधेश बड़ा शामिल हैं, जो नशे की हालत में थे और शादी समारोह में जा रहे थे। घटना के बारे में बुधराम असुर की बहन बिरसी असुर ने बताया कि वे चैनपुर राशन के लिए बायोमेट्रिक लगाने जा रहे थे। तभी अचानक डहुड़गांव हॉस्पिटल के पास टक्कर हो गई। इस टक्कर में बुधराम के माथे और पैर में गंभीर चोटें आयी। जबकि उनकी भतीजी सनियारो कुमारी के पैर में चोट लगी। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और एएसआई वी के पांडेय तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर जेन वंदना ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चैनपुर पुलिस इस हादसे की जांच कर रही है, और दोनों मोटरसाइकल को चैनपुर थाना लाया गया।

### अंजुमन इस्लामिया ने की रमजान के तराबीह के विशेष नमाज के लिए हाफीजों की घोषणा

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया की कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण हुई। जिसमें शहर के विभिन्न मस्जिदों के इमाम और मस्जिद कमेटियों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सदर मुशाहिद आजमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पवित्र रमजान के मौके पर तराबीह सुनाने के लिए हाफिजों का चयन किया गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के प्रवक्ता आशिक अंसारी ने रमजान की मुबारकबाद पेश करते हुए कहा है कि आज से शहर के विभिन्न मस्जिदों लगभग 12 स्थान में तराबीह की नमाज पढ़ी जाएगी। जिसमें थाना रोड स्थित जामा मस्जिद में हाफिज व कारी जनाब मोहम्मद इंतेसाब आलम, गौसिया मोती मस्जिद बाजार टांड गुमला में हाफिज जाहिद हुसैन, जैनब मस्जिद रजा कॉलोनी गुमला में हाफिज मसीहुद्दीन, मक्का मस्जिद सिसई रोड गुमला में हाफिज शोएब आलम, कादरिया मस्जिद में कारी हैदर वारसी, मस्जिद राजा ए मुस्तफा हुसैन नगर में हाफिज व कारी शकीरा रजा नूरी, मस्जिद रजा ए हबीब में हाफिज व कारी बाबर अली साहब, मस्जिद फैजाने रजा में मोहम्मद सागिल अतारी, मदीना मस्जिद आजाद बस्ती गुमला में हाफिज मौलाना अबू र्दा साहब तराबीह की विशेष नमाज पढ़ेगे। अंजुमन इस्लामिया तमाम मुसलमान भाइयों से अपील करती है कि जहां उन्हें सहूलियत मिले वहां अपना नमाज अदा करेंगे।

### डॉ. अनिल आज गुमला में

**गुमला।** नश, हड्डी व मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार एक मार्च को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### हाथी ने महिला के घर को किया क्षतिग्रस्त दुकान व घर के समान को किया बर्बाद



**जारी।** जारी प्रखंड में गजराजों का आतंक जारी है लोग भय के साये में रात गुजारने को विवश हैं। हाथियों के भय के कारण कई गांवों के ग्रामीण रात भर पहरा दे रहे है। हाथी गरीबों के घरों को ध्वस्त कर अनाजों को खा जा रहे हैं। शुक्रवार को प्रखंड के जरडा पंचायत के परसा निवासी समीना बीवी पति लुकमान मियां के घर को एक जंगली हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही घर पर रखे लगभग 160 किलो चावल, 20 किलो गेहूं और किराना सामान को भी हाथी क्षतिग्रस्त कर दिया। बता दे की समीना बीवी एक गरीब परिवार की है। छोटा किराना दुकान चलाकर अपना रोजी-रोटी चला रही थी। लेकिन जंगली हाथी के द्वारा घर व दुकानों के सामान को पूरी तरह क्षति पहुंचाया गया। पीड़िता ने वन विभाग को आवेदन देते हुए उचित मुआवजे की मांग की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# असैनिक निर्माण योजना की स्थिति देख अभियंताओं के वेतन पर लगाई रोक

- 10 मार्च तक सभी स्तरों पर नियमानुसार राशि व्यय का निर्देश
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सिसई के नए सत्र से नए भवन में संचालन का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ, एपीओ, लेखा पदाधिकारी एवं सहायक अभियंता के साथ जिले के सभी बीईओ, बीपीओ, लेखापाल एवं कनीय अभियंता शामिल हुए। उपायुक्त द्वारा कक्षा एक से आठ के विद्यार्थियों को पोशाक, स्कूलों के कंपोजिट ग्रांट, सीआरसी ग्रांट, बीआरसी ग्रांट, पीटीएम मद सहित जिला, प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर किए जाने वाले व्यय की समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष की शीघ्र समाप्ति को देखते हुए 10 मार्च तक सभी स्तरों पर नियमानुसार राशि व्यय करते हुए पीएफएमएस पर अपलोड कर भुगतान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने डीईओ एवं डीएसई को दैनिक रूप से समीक्षा करने का निर्देश देते हुए कहा कि जो काम नहीं कर रहे उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव दें। समीक्षा में चैनपुर प्रखंड सभी मामलों में पीछे पाया गया। वहीं पोशाक वितरण में घाघरा एवं गुमला प्रखंड को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के संचालन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा पारदर्शी तरीके से शेष बचे परीक्षाओं के आयोजन तथा सभी परीक्षार्थियों के योग्यतानुरूप इंटरनल अंक देने का निर्देश दिया गया। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, साइंस लैब, व्यावसायिक शिक्षा आदि की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालय में आईसीटी व व्यावसायिक इंस्ट्रक्टर की उपलब्धता सहित यदि किसी विद्यालय में उपकरणों के मरम्मत या कोई तकनीकी समस्या है तो 15 दिनों में उसके निराकरण हेतु निर्देशित दिया गया। जिले के सभी कस्तूरबा विद्यालय तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को प्राप्त होने वाली सभी सुविधाओं हेतु डीईओ को निर्देशित किया गया कि समीक्षा कर होली से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लंबित बिलों का भुगतान करा दें तथा पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु राज्य से परमिशन की मांग करें। उपायुक्त द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सिसई की समीक्षा करते हुए शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने सहित नए छात्रावास भवन में शिफ्टिंग कार्य जल्दी करवाते हुए अप्रैल में नए सत्र का आरम्भ अनिवार्य रूप से नए भवन में ही किए जाने हेतु डीईओ एवं डीएसई को निर्देशित किया गया। उपायुक्त द्वारा पीएमश्री विद्यालय तथा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में सरकार के निर्देशानुसार उच्च स्तरीय सुविधाओं सहित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के निर्देश दिए गए। असैनिक निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में शौचालय, बाउंड्रीवाल सहित विभिन्न छोटी छोटी योजनाओं के लंबे समय से पूर्ण नहीं होने सहित असंतोषजनक प्रगति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा परियोजना में असैनिक निर्माण प्रभाग के सभी सहायक एवं कनीय अभियंताओं के तत्काल प्रभाव से वेतन स्थगित करते हुए स्पष्टीकरण पूछने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। अंत में उपायुक्त द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में मात्र एक माह का समय शेष रहने के कारण आपसी समन्वय से कार्य करते हुए 15 दिनों के भीतर विद्यालय, संकुल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर विभिन्न लंबित कार्य पूर्ण करते हुए नियमानुसार अधिकतम राशि व्यय करें ताकि जिला का भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन बेहतर हो सके।

## धारदार हथियार से मारकर युवक की हुई हत्या, पुलिस ने किया शव बरामद

- पिता ने युवक की गुमशुदगी की दर्ज करायी थी प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के रन्हे गांव स्थित चूमन गुट्ठ के पास घाघरा पुलिस ने रन्हे निवासी 18 वर्षीय सोनू सिंह का शव बरामद किया। इस संबंध में मृतक के पिता पारसनाथ सिंह ने बताया कि बुधवार की रात 8 बजे खाना खाने के बाद सोनू घर के पीछे से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी खोज भी की गई लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद गुरुवार को घाघरा थाना में लिखित आवेदन देते हुए पिता ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। वहीं घर से लगभग 600 फीट की दूरी पर शव को ग्रामीणों द्वारा देखा गया। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। इसके बाद घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में कर थाना ले आए। इस संबंध में एसडीपीओ ने कहा कि एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक कुछ 2 दिनों से लापता था। जिसकी गुमशुदगी का शिकायत भी थाना में दर्ज कराया गया था। फिलहाल अभी हम लोग जांच कर रहे हैं की हत्या कैसे हुई। इसमें किन लोगों का हाथ है। हत्या कोई धारदार हथियार से आंख में मारकर की गई है। ऐसा लगता है।

### पलमी में दो ट्रांसफॉर्मरों के कलपुर्जों की चोरी होने से ग्रामीण और किसान परेशान



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। थाना क्षेत्र के पलमी गांव में लगे 16 केवी के ट्रांसफॉर्मर बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। एक दिन पूर्व भी पलमी गांव से एक ट्रांसफार्मर चोरी हुई थी। दो दिनों मे गांव से दो ट्रांसफॉर्मर चोरी होने से लोगों में दहशत फैल गई है। इस चोरी की जानकारी ग्रामीणों को उस वक्त हुई जब वह अपने खेतों में गए थे, तब उन्होंने देखा कि पटवन के लिए लगे मोटर बंद थे और बिजली के खंभों पर लगे ट्रांसफॉर्मर चोरी हो गए थे। लोगों ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि इन बिजली के खंभों पर हाई वोल्टेज करंट है और चोरों ने इसकी परवाह किए बिना दो ट्रांसफॉर्मर और उनका सामान चोरी कर लिया। इस चोरी की जानकारी देते हुए पलमी के इस्तियाक अंसारी, बुधवा उरांव, अनिल उरांव, जीवन उरांव, एतवा उरांव आदि ने बताया कि जब वे अपने खेतों में आए तो देखा कि उनके मोटर बंद हैं। उन्होंने देखा कि बिजली के खंभों पर लगे दो ट्रांसफॉर्मरों एवं उनके उपकरण अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में बाहर से अज्ञात चोर आते हैं और वे आए दिन लोगों का बकरी, मोटर आदि चोरी कर लेते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन चोरों पर काबू पाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए और चोरी हुए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर दूसरा ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए ताकि खेतों में बोई गई फसलों को पानी मिल सके।

### पुलिस ने बालू लोड दो हाइवा ट्रक किया जब्त

**लोहरदगा।** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले में गुप्त सूचना पर पुलिस कारवाई के दौरान दो हाइवा ट्रक बालू लोडेड जब्त किया गया। जिले के सेन्हा अंचल क्षेत्र के रास्ते अवैध बालू परिवहन की गुप्त सूचना सेन्हा पुलिस को मिलते ही मध्य रात्रि में छापेमारी अभियान चला कर थाना क्षेत्र के घाटा गगेया पथ से एक हाइवा ट्रक तथा कोराम्बे से एक हाइवा ट्रक जे एच 09 ए एन 0195 तथा जे एच 02 ए डब्लू 7555 को जब्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए खनन विभाग को अंचलाधिकारी द्वारा अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया। हाइवा ट्रक के मालिक ने बताया कि गुमला जिले के लरंगो से बालू उठाव कर ले जाया जा रहा था। जिसका चालान होने के बावजूद जांच करवाने की बात बोल बालू लोड हाइवा ट्रक को पकड़ कर थाना में रखा गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू उठाव एवं परिवहन की सूचना पर निरंतर कारवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा अवैध बालू लोड हाइवा ट्रक के परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। जिसपर पुलिस छापेमारी करते दोनों ट्रक के चालक एवं मालिक के विरुद्ध जांचोंपरांत खनन अधिनियम के तहत कारवाई की गयी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 8 को, न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों का होगा निपटारा

- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने न्यायिक पदाधिकारी व अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार आगामी 8 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट गुमला में होगा। इस संबंध में तैयारी का जायजा लेने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र ने न्यायिक पदाधिकारीगण एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। जिला जज ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया और संबंधित न्यायालय में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री कॉन्सिलिएशन सिटिंग कर मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया।

अधिवक्ताओं से भी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कराने हेतु कोशिश करने के लिए कहा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल प्रकृति के सभी मामले, बैंक के मामले, बिजली मामले, परिवारिक विवाद के मामले, भरण पोषण, चेक बाउंस, वन विभाग, उत्पाद विभाग, मोटर वाहन दुर्घटना के मामलो दीवानी मुकदमे आदि का निष्पादन किया जाएगा। बैठक में मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। जिसमें इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता भी उपस्थित रहे तथा इंश्योरेंस कंपनी के पदाधिकारी भी ऑनलाइन शामिल हुए।

बैठक में एडीजे प्रथम प्रेम शंकर, फैमिली जज ओम प्रकाश, एडीजे द्वितीय मनोज शर्मा, एडीजे तृतीय भूपेश कुमार, एडीजे चतुर्थ संजीव भाटिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम कुमार लाल गुप्ता, एलडीसी डीएन ओहदर, अधिवक्ता नंदलाल, राकेश रंजन, अवनीत पांडे, बलदेव शर्मा आदि उपस्थित थे।

## जेएससीए अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट में खूंटी ने पलामू को छह विकेट से हराया

- खूंटी के सत्यम सिंह मैन ऑफ द मैच चुने गये



**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गये मुकाबले में खूंटी ने पलामू को छह विकेट से पराजित किया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे मैच में पलामू की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरूआत से ही पलामू की टीम संघर्ष करते दिखी। पूरी टीम 24.1 ओवरों में महज 60 रनों पर सिमट गयी। खूंटी की ओर से सत्यम सिंह ने चार, आर्यन हुडूडा ने तीन और मीत जैन व निखिल को एक-एक विकेट मिला। पलामू के शिवम राज 11 व अनिकेत ने 13 रनों का योगदान दिया। जबाबी पारी खेलने उतरी खूंटी की टीम ने 15.1 ओवरों में चार विकेट गंवाकर जीत का आंकड़ा छू लिया। खूंटी के दिलीप मुंडा 23 व निखिल ने 21 रनों की नाबाद पारी खेली। आर्यन ने 15 रनों का योगदान दिया। पलामू की ओर से विकास ने तीन व अनिकेत ने एक विकेट हासिल किये। खूंटी के सत्यम सिंह मैन ऑफ द मैच चुने गये। टीआरडीओ अनवर मुस्तफा, अंपायर कांजीलाल, ओपी राय, स्कोरर संदीप रॉय, अनिकेतन ने प्लेयर ऑफ मैच को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, सन्नी साहू, शशि प्रकाश, मधुसूदन उरांव, बिनीत नाग सहित अन्य उपस्थित थे। शनिवार को आखिरी मुकाबले में सिमडेगा व खूंटी की टीम आमने -सामने होगी।

### कुंआ में डूबने से महिला की मौत

**रायडीह।** रायडीह प्रखण्ड के सुरसांग थाना क्षेत्र के जरजट्टा चरकाटांगर गांव निवासी 45 वर्षीय महिला ईबरेन्सीया तिर्की पति बिलचुस तिर्की की कुआं में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक ईबरेन्सीया तिर्की बहुत ज्यादा शराब का सेवन करती थी। 24 फरवरी सोमवार को घर से वह निकली थी। गुरुवार को ग्रामीणों ने कुआं में शव तैरता हुआ देखा। सूचना पर सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कुआं से निकाल कर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

### शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट उद्घाटन 5 मार्च को, प्रचार रथ हुआ रवाना



**लोहरदगा।** जिले में शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट कप का आगाज 5 मार्च से होगा। उद्घाटन के मौके पर शाम में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें कई गायक शामिल होंगे। प्रतियोगिता को लेकर शुक्रवार को बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य द्वार से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रवाना किया। मौके पर संगठन के सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, डॉ शशि गुप्ता, संजय बर्मन, लालमोहन प्रसाद केशरी, कमल केशरी, उदय गुप्ता, अमित कुमार, सतीश वर्मा, दीपक देवघरिया, सोमा उरांव, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा सहित अन्य शामिल थे।

### ए पी जे अब्दुल कलाम कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का उपायुक्त ने लिया जायजा



**लोहरदगा।** जिले के डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर पहुंच लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण बच्चों को मिलने वाले निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का लिया जायजा साथ ही बच्चो को कंप्यूटर आधारित कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। जिले में बेरोजगार युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को सशक्त बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन की पहल से निशुल्क कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए मौका मिल रहा है। बच्चों को ट्रिपल सी का कोर्स कराया जा रहा है और कंप्यूटर ट्रेनिंग के बाद बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिया जा रहा है ताकि आने वाले वेकेंसी में बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। कंप्यूटर प्रशिक्षण लेकर जिले के कई युवा स्वरोजगार से जुड़ सीएससी सेंटर चला रहे हैं और कई विभागों में भी कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस दौरान उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा बच्चों को निशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग दी जा रही है और आगे इसे और एडवांस किया जाएगा जिससे बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके। वहीं प्रशिक्षक रत्ना प्रभाकर ने बताया कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का लाभ जिले के बच्चों को निशुल्क मिल रहा है जिससे बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने का मौका मिल रहा है। कई बच्चे कंप्यूटर ट्रेनिंग लेकर खुद का सेंटर चला रहे हैं और कई बच्चे जॉब भी कर रहे हैं आगे और बेहतर के लिए एडवांस लेवल की पढ़ाई कराई जाएगी।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत : सांसद

- सांसद सुखदेव भगत ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर पदाधिकारियों को दिए निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सदस्यों व पदाधिकारियों की ओर से विभिन्न प्रस्ताव आए जिसके अनुपालन का निर्देश सांसद द्वारा दिया गया।

बैठक में सांसद ने लोहरदगा जिला में आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना, शहरी क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में की जा रही कार्रवाई आदि बिंदुओं की समीक्षा की। शहर के पतराटोली में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटना पर वहां स्पीड ब्रेकर, साईनेज लगाये जाने के निदेश कार्यपालक अभियंता, एनएच को दिये गये। जिस क्षेत्र में अंधेरा है वहां स्ट्रीट लाईट लगवाने का निर्देश विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा को दिया गया। स्कूलों व कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वहां नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने का निर्देश शिक्षा विभाग को दिया गया। बाजार में भी माइकिंग करा कर बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया जाय ताकि बच्चे मोटरसाइकिल पढ़ाई करने स्कूल नहीं आएं। सांसद ने जिला में भू-अर्जन के कार्य व रैयतों को भुगतान की प्रक्रिया को धीमा बताते हुए कहा कि इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। जिला में नव वर्ष, मेला व पर्व-त्यौहार के मौके पर सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, इसमें कमी लाने के लिए आवश्यक प्रयास किये जाएं। सड़क दुर्घटना में घायलों का ईलाज तुरंत हो, इसमें स्वास्थ्य विभाग सजग रहे। जिला में जल्द कार्डिया एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी जिसमें घायल को अस्पताल तक गोल्डेन टाईम में पहुंचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं मौजूद रहेंगी। मोटर वाहन निरीक्षक को वाहनों का फिटनेस संबंधी जांच करने और वाहन चालकों को मोटरयान अधिनियम अंतर्गत नियमों का पालन कराने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को प्रबंधन को बॉक्साइट ट्रक चालकों द्वारा भी उक्त अधिनियम का पालन कराने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शहर के चौक-चौराहों में अवैध रूप से पार्किंग करने वाले, शहरी क्षेत्र में पथों व फुटपाथों पर सब्जी विक्रय करनेवालों को नोटिस देकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराएं। महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, जो खराब हैं, उन्हें ठीक कराया जाए। पुलिस विभाग शराब पीकर वाहन चलानेवाले वाहन चालकों की जांच करे और आवश्यक कार्रवाई करे। ट्रेन के समय ऑटो चालकों द्वारा काफी तेज गति से ऑटो का चालन होता है। बॉक्साइट चालकों द्वारा तेज गति से वाहन चालन होता है जिसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है।

बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, डीटीओ, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी मुख्यालय, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, जिला सड़क सुरक्षा समिति के प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, आरएए कृष्ण कुमार गुप्ता, आईटी असिस्टेंट दुलार कुजूर आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## सेवानिवृत्त हुए पंचायत सचिव सह बीपीआरओ बालेश्वर उरांव

# प्रखंड प्रशासन ने विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर दी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त हुए पंचायत सचिव सह बीपीआरओ बालेश्वर उरांव को विदाई दी गई। इस मौके पर प्रखंड व अंचल कर्मियों ने सेवानिवृत्त हुए पंचायत सचिव सह बीपीआरओ बालेश्वर उरांव को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया व उपहार भेंट किये। इसके उपरांत श्री उरांव का मुखिया संघ ने भी बुके देकर उनके कार्यकाल को सराहा।बीडीओ चंदन प्रसाद व सीओ जयशंकर पाठक ने बालेश्वर उरांव के सेवा भाव व कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि बालेश्वर उरांव अपने कुशल नेतृत्व के बल पर कठिन परिस्थितियों में दोहरे दायित्यों का बखूबी निर्वाहन किया है। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण थी। प्रखण्ड कार्यालय को इनकी कमी हमसभी को हमेशा खलेगी। वहीं सेवानिवृत्त बालेश्वर उरांव ने कहा कि चंदवा प्रखंड में बिताया गयक समय मेरे जीवन के लिए बहुमूल्य समय रहा है। चंदवा से जो स्नेह व प्यार मिला है, उसे सदैव याद रखेंगे। इसके अलावे बीपीओ रतन शाहदेव, कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय, जनसेवक लव पासवान समेत अन्य वक्ताओ ने भी विदाई समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जनसेवक रितेश कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चन्दन कुमार, गोपाल सिंह, पीएम आवास समन्वयक कुश ध्वज, रोहित मेहता, शिव कुमार, कुश कुमार, मुखिया संगीता लकड़ा, फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत, सुखनारायन सिंह समेत प्रखंड व अंचलकर्मी मौजूद थे।


विदाई समारोह में उपस्थित लोग।

## पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम श्रीसमाद एवं बेलवाटीकर मे करीब 26 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता अफीम की फसल को बारियातू पुलिस ने लाठी डंडो व ट्रैक्टर से जूतावा कर नस्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया की बालूभांग पंचायत क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों मे पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई जारी है। अफीम पोस्ता नशे की खेती करने वाले किसी हाल से नहीं बख्शे जायेंगे। दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाती रहेगी। इसके पूर्व भी लगातार कार्रवाई कर पोस्ता खेती को नस्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी की देख रेख मे थाना प्रभारी के नेतृत्व मे ग्राम श्रीसमाद एवं बेलवाटीकर सीमावर्ती क्षेत्र नदी किनारे वन क्षेत्र में लगे पोस्ता की खेती के विनष्टीकरण किया गया। इस अभियान मे बारियातू थाना के सशास्त्र बल के जवान शामिल थे।


नष्ट करती पुलिस।

### 14 वर्षों से फरार लाल वारंटी रोहित तिग्गा गारू से गिरफ्तार

**सरयू।** गारू थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। 14 वर्षों से फरार लाल वारंटी रोहित तिग्गा उर्फ रोहित रंजन तिग्गा को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रोहित तिग्गा एसटी 32ए/09 के तहत महुआडांड़ थाना में कांड संख्या - 08/05 में वांछित था। उस पर धारा 147, 148, 149, 353, 307 आईपीसी के साथ-साथ आर्म्स एक्ट की धारा 25ए, 26, 35 और 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज था। वह करीब 14 वर्षों से फरार था और पुलिस को उसकी तलाश थी। थाना प्रभारी पारसमणि नें बताया कि, गुप्त सूचना के आधार पर गारू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रोहित तिग्गा को अरमू, दलदलिया, थाना गारू, जिला लातेहार से गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## न्यूज डायरी

### युवती ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड व के आमारवाड़ी ग्राम में गुरुवार की देर शाम जहर खाकर फूल कुमारी 18 वर्ष पिता स्वर्गीय धानी गंझू ग्राम अमरवाड़ी थाना बरियातू ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। परिजनो द्वारा अचेताअवस्था में फूल कुमारी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। परिजनों ने बताया कि फूल कुमारी को मामूली बात को लेकर उसकी मां डांट लगाई थी। और वह गुस्से में आकर घर में रखे डीएपी खाद खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

### बालू घाट में चलान खत्म होने से पांच दिनों से बालू उठाव बंद

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत बोहटा और अक्सी बालू घाट से चालन नहीं होने से बालू उठाव बंद। बोहटा बालू घाट से पांच दिन और अक्सी से एक से बंद है बालू उठाव। घाट में चालन उपलब्ध नहीं से सरकारी आवास निर्माण सहित कई सरकारी योजना निर्माण करने काफी दिक्कत हो रही है। चलान नहीं रहने चोरी चुपके अवैध बालू उठाव होने से सरकार को राजस्व की भारी नुकसान हो रही है। ग्रामीण ने जल्द से जल्द जिले से बालू घाट में चालन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### कुकर फटने से युवक घायल



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गडगोमा ग्राम में खाना बनाने के दौरान प्रेशर कुकर ब्लास्ट कर जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सत्यम कुमार राणा 16 वर्ष पिता महादेव राणा ग्राम गडगोमा थाना बरियातू निवासी अपने घर में खाना बना रहा था। इसी दौरान प्रेशर कुकर ब्लास्ट कर गया। जिससे उसका चेहरा झुलस गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल, एक रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड ग्राम में मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अंजसर अंकित उरांव 20 वर्ष पिता राज भूषण उरांव, नीलेश उरांव 18 वर्ष पिता राजेश उरांव ग्राम धाधू पुरना पानी थाना बालूमाथ निवासी मोटरसाइकिल में सवार होकर बालूमाथ से अपने घर जा रहा थे। इसी दौरान मकईयाटाड़ ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गये। और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के वक्त वहां से गुजर रहे झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान ने अपने निजी वाहन से दोनो घायल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल अंकित उरांव की स्थिति को गम्भीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया।

### मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर के चौथे स्थापना वर्षगांठ पर भव्य भंडारे का आयोजन

**महुआडांड़।** प्रखंड के नेतरहाट में मनोकामना सिध्द शिव मंदिर बाजार के चौथे स्थापना वर्षगांठ पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रवि प्रकाश और उनकी धर्म पत्नी ने रूद्र अभिषेक किया।इस स्थापना वर्षगांठ को सफल संचालन में अजय प्रसाद, सागर, आरसी गुप्ता सीसिर, नीरज,संजय चौधारी,निरंजन विवेक मिश्रा सहित्य भंडारे में महुआडांड़ से शुम्भ प्रसाद, आनंद नाथ शाह सहित नेतरहाट पठार के आसपास गांव से भारी संख्या भक्त ने पूजा-पाठ और भंडारे में भाग लेकर प्रसाद लिया।

## विधायक ने शून्य काल में टमाटर आधारित उद्योग लगाने की मांग की

- चंदवा, बालूमाथ,हेरहंज और बारियातू में होती है टमाटर की जमकर की खेती
- सड़क और कॉलेज के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, चंदवा में डिग्री कॉलेज और बारियातू में महिला कॉलेज खोलने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार विधायक प्रकाश राम ने विधानसभा में शून्य काल के दौरान लातेहार विधानसभा क्षेत्र में टमाटर आधारित उद्योग स्थापित करने की मांग की है। प्रकाश राम ने कहा कि लातेहार जिला के चंदवा, बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज में बंपर टमाटर की पैदावार होती है। सैकड़ो ट्रक टमाटर यहां से निर्यात होता है। यदि टमाटर आधारित यथा-टोमेटो सॉस, जैली, मुरब्बा आदि उद्योग की स्थापना होने से किसानों को टमाटर का उचित मूल्य प्राप्त हो सकता है, किसानों का आय बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर रोजगार का भी संवर्धन होगा। यहां के किसान सैकड़ों एकड़ में टमाटर की खेती करते हैं, प्रतिवर्ष हजारों टन टमाटर यहां से निर्यात होता है।

### चंदवा और बारियातू में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग



विधायक प्रकाश राम ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर चंदवा में सरकारी डिग्री कॉलेज वही बारियातू में महिला डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की है। प्रकाश राम ने कहा कि एक ओर जहां चंदवा के बच्चों को डिग्री लेने के लिए 80 किमी दूर जाना पड़ता है वही बारियातू में महिला कॉलेज खोलने पर बल देते हुए कहा कि यहां की बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए करीब 100 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। जिसके कारण 90% बच्चियों आगे की पढ़ाई छोड़ देती हैं, महिला कॉलेज स्थापना होने से बच्चियों को सहूलियत होगी।

**लातेहार कॉलेज में पठन पाठन हेतु समुचित व्यवस्था कराने की मांग**

विधायक प्रकाश राम ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लातेहार में डिग्री कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज में पठन पाठन हेतु समुचित व्यवस्था करने की मांग करते हुए कहा कि दोनों का भवन बनकर तैयार है। भवन को नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी को सौंप दिया गया है, बावजूद इसके आज तक पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। जिसके कारण हजारों बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस संबंध में संज्ञान लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया है।

**पथ निर्माण विभाग से पथो का निर्माण कराने की मांग :** विधायक प्रकाश राम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर अपने विधानसभा के प्रमुख पथों को पथ निर्माण विभाग से करने की मांग की है। इनमें लातेहार के केंद्रीय विद्यालय से रिचुघुटा 30 किमी, चंदवा के कामता एनएच 22 से लूटी आरसीडी तक भाया चाटुआग, होलंग, मासियातू, गुरतूर, तुरकातांड 30 किमी, बारियातू के गिद्दी मोड़ से प्रतापपुर 40 किमी,चंदवा के दामोदर से मैकलुस्कीगंज तक भाया चतरो-महुआमिलान-मरमर-तिलैयादमार-तुरीसुत-देवठाही-खुटेर-डुमारो 40 किमी की सड़क शामिल है।

## नेतरहाट और लोथ जलप्रपात के बीच बन सकता है सफारी पार्क

**महुआडांड़।** पलामू व्याघ्र परियोजना के तहत नेतरहाट और लोथ जलप्रपात के बीच वन्यजीव सफारी पार्क बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, दक्षिणी कुमार आशीष नें महुआडांड़ वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक द्वारा पलामू टाइगर रिजर्व के सीमित क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रस्ताव को रखा गया था। इसे ध्यान में रखते हुए संबंधित क्षेत्र में लगभग 300 एकड़ भूमि पर सफारी पार्क विकसित करने की संभावना तलाशी जा रही है। सफारी पार्क बनने से पर्यटकों को बाघ, तेंदुआ, भालू, हाथी, समेत अन्य वन्यजीवों को देखने का अवसर मिलेगा। साथ ही यह स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। हालांकि वन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सफारी क्षेत्र के चयन में सावधानी बरती जाएगी ताकि वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और उनके भोजन के स्त्रोतों को कोई नुकसान न पहुंचे। विशेष रूप से बाघ और तेंदुआ जैसे मांसाहारी जीवों के आवास में बिना उचित व्यवस्था के हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। वन विभाग अब स्थानीय ग्रामीणों जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञों की राय लेकर संभावित स्थल का चयन करेगा। सफारी पार्क बनने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी योगदान होगा। यह योजना रांची ओरमांझी के तर्ज पर बनेगा।

### पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक, दो घायल



**चंदवा।** सासंग-सेरक-मासियातु पथ पर स्थित भेड़ाटोंगरी के समीप शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार सुजीत कुमार पिता सुरेंद्र भुइयां 18 वर्ष व अमित कुमार पिता दिनेश भुइयां 15 वर्ष दोनो (सेमर टोली सेरक) घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगो द्वारा 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया, जहां दोनो का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दोनो युवकों के पैर में गम्भीर चोट आई है। खबर लिखे जाने तक दोनो का उपचार सीएचसी में ही चल रहा था। विदित हो कि दोनो घायल गरीब परिवार से आते हैं व दोनो युवक लातेहार से सिकनी अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान उक्त हादसा हुआ।

### अनाधिकृत रूप से पेप्सी कंपनी के पेय पदार्थ बेचने के मामले में कार्रवाई की मांग

**चंदवा।** चंदवा में अनधिकृत रूप से पेप्सी कंपनी के शीतल पेय पदार्थ को बेचने के मामले में कंपनी के सेल्स टीम लीडर वीर अभिमन्यु ने खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व पुनि सह थाना प्रभारी के नाम आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि चंदवा में अंकित कुमार, (मेसर्स :-अन्नपूर्णा ट्रेडिंग), बुधबाजार, चंदवा को पेप्सी नामक कंपनी द्वारा संस्थान के पेय पदार्थ बिक्री के लिए अधिकृत किया गया है। लेकिन क्षेत्र में विवेक किराना स्टोर (मेन रोड नियर जय हिंद पुस्तकालय) द्वारा कही और से मंगाकर अनाधिकृत रूप से कंपनी का पेय पदार्थ बेचने का मामला पाया गया है। जो कंपनी के मार्केटिंग स्टॉप के क्षेत्र भ्रमण और निरीक्षण के दौरान उजागर हुआ है। उक्त दूकान संचालक के विरूद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। इधर मामले में आरोपी दुकानदार से पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि बाजार में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ बिकते हैं और कोई भी उसकी बिक्री कर सकता है। जबकि दूसरे ओर कंपनी के एसटीएल वीर अभिमन्यु ने कहा कि बिना अधिकृत अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो यह गलत है व गैर कानूनी है। इसकी शिकायत उन्होंने कंपनी के वरीय अधिकारियों को भी की है साथ ही प्रशासन से भी किया है, ताकि इस पर रोक लगाई जा सके।

### कोयला लदा हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर दो घरों को किया ध्वस्त



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनबांध पंचायत स्थित रेवद कला गांव में मनिका से हेरहंज जाने वाली पथ पर एक कोयला लदा जेएच 16 एफ 8602 नंबर की हाइवा वाहन अनियंत्रित होकर दो घरों को ध्वस्त कर दिया। वहीं घटना में ग्रामीणों का दो घर,दुकान और हाइवा वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें वाहन चालक की मौके पर मौत हो गई और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक चालक का पहचान कुंदन यादव,पिता अनिल यादव, उम्र लगभग 23 वर्ष, बालूमाथ, भैंसादोन के रूप में हुई है। साथ ही रेवद कला गांव के राजकिशोर यादव और नागेश्वर यादव का घर में हाइवा वाहन घुस गया है। वहीं राज किशोर यादव ने बताया कि घर और दुकान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है लगभग दोनों मिलाकर 5 लाख रुपए की नुकसान हुई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

### महुआडांड़ में नीलगाय छोड़े जाने की योजना का विरोध, रामचंद्र सिंह ने रद्द करने की मांग की

**महुआडांड़।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने शून्यकाल के दौरान पलामू और गढ़वा से महुआडांड़ में नीलगाय छोड़े जाने की योजना को रद्द करने की मांग की है। महुआडांड़ पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के अंतर्गत आता है। जहां पहले से ही किसानों को वन्यजीवों से अपनी फसलों को बचाने में कठिनाई होती है। ऐसे में नीलगाय जैसे फसल नष्ट करने वाले जानवरों को यहां लाने की योजना पर किसानों ने कड़ी आपत्ति जताई है। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि नीलगाय को यहां छोड़ने से किसानों की समस्याएं बढ़ जाएंगी। जिससे वे पहले से ही संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और किसानों की राय को प्राथमिकता दी जाए। किसानों का कहना है कि यदि नीलगाय को महुआडांड़ क्षेत्र में लाया गया। तो उनकी फसलें नष्ट हो जाएंगी और उनकी आजीविका पर संकट आ सकता है। स्थानीय लोग पहले ही हाथी, तेंदुआ, भालू जैसे वन्यजीवों से प्रभावित हैं। ऐसे में नीलगाय को छोड़ना एक और नई समस्या को जन्म देगा। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों और किसानों में रोष है, और वे सरकार से जल्द इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## उप प्रमुख ने की सड़क चौड़ीकरण की मांग


उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्र।

**चंदवा।** प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्र ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के नाम पत्राचार कर एनएच 39 फोरलेन सड़क चौड़ीकरण के जद में आने वाले सरकारी विद्यालयों में भवन टूटने से पूर्व व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है। उपप्रमुख श्री मिश्र ने बताया कि एनएचएआई द्वारा कुडू से उदयपुरा तक फोरलेन सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। इसके जद में चंदवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोरसीदाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमझरिया, उमवि पन्नाटांड, प्राविनवाड़ी, उमवि सिकनी व मवि सासंग की भूमि प्रभावित होगी। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद विद्यालय में भवन टूटने से पूर्व ही छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन कार्य को देखते हुए उचित प्रबंध तथा विद्यालय भवन का निर्माण अति आवश्यक है। विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो इसे ध्यान में रखते हुए भवन निर्माण तक विद्यालय को शिफ्ट करने की व्यवस्था करने भी मांग इन्होंने की है।

## उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने आधारभूत संरचना, परियोजनाओं भू-अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक का किया आयोजन


बैठक करते उपायुक्त।

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना, परियोजनाओं, भू- अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मगध कोल परियोजना, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक, तुबेद, सहित अन्य परियोजनाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए स-समय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, कोल कंपनियों के अधिकारी, प्रतिनिधि, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विज्ञान के महत्व को समझने में विशेष भूमिका निभाता है : डॉ. जोश

**खबर मन्त्र संवाददात**

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करता आया है। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, खोजी दृष्टिकोण और नवीन प्रयोगों के प्रति जिज्ञासा को प्रोत्साहित करता है। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति उनकी अभिरुचि को जागृत करने के साथ-साथ नवाचार की भावना को भी विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 28 फरवरी को महाविद्यालय के भव्य सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय, उप प्राचार्य फादर समीर टोप्पो, फादर लियो, डॉ. फादर राजीप तिर्की ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित और उत्प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न उत्कृष्ट परियोजनाओं को प्रस्तुत कर तथा हम सबों के समक्ष उनके बारे में बेहतरीन व्याख्या प्रस्तुत करके यह सिद्ध किया है कि आपमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार की भावना प्रबल रूप से विद्यमान है। आपके इस प्रयास से हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य महोदय डॉ. फादर एम. के. जोश ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के द्वारा निर्मित विभिन्न परियोजनाएं,वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के प्रति उनकी उत्सुकता, जुनून तथा समर्पण को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों के परियोजनाओं की सराहना की तथा विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।


कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य।

# शांतिकुंज से आये ज्योति कलश रथ का बालूमाथ मे हुआ स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** जन जन तक गायत्री मंत्र पहुंचाने एवम गायत्री माता के प्रति लोगों में श्रद्धा जगाने को लेकर हरिद्वार शांतिकुंज से गायत्री परिवार का निकला ज्योति कलश रथ शुक्रवार को लातेहार जिला के बालूमाथ पुलिस अनुमंडल मुख्यालय, सहित मुरपा, गणेशपुर, शेरेगड़ा पहुचा। जहां बालूमाथ गायत्री परिवार के मुख्य कार्यकताओं मे संतोष कुमार सिन्हा, आनन्दकी प्रसाद गुप्ता, महानन्द कुशवाहा, संतोष सिन्हा, प्रेम कुमार शर्मा, अजीत कुमार, शशिभूषण गुप्ता, उपेन्द्र रंगीला, विनोद साव उपेन्द्र सिंह, लखन लाल एवं अन्य परिजनों द्वारा रथ का भव्य स्वागत करते हुए पूजन कर आरती उतारी गई। इसके बाद ज्योति कलश रथ को मुरपा मोड़ चौक से बस स्टेन, टमटमटोला, पुनः वापस बाजारटांड़ महावीर मंदिर परिसर ले जाया गया। जहां सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा अखंड ज्योति दीप ज्योति कलश रथ और गायत्री माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गयी। इसके अलावा मुरपा, गणेशपुर शेरेगड़ा कारीमाटी, एकचटिया मे अखंड ज्योति कलश रथ का भव्य स्वागत कर पुजा अर्चना की गई। तथा सैकड़ों के घरों मे देव स्थापना भी किया गया। तथा प्रसाद का वितरण भी किया गया। वहीं बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर परिसर मे संध्या में 108 दीप प्रज्वलित कर महादीप यज्ञ का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित शांतिकुंज से आये टोली नायक शिवशंकर बरई, सुनील कुमार गुप्ता, देवेन्द्र प्रसाद ने उपस्थित परिजनो को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री मंत्र हम सबो को सद्बुद्धि देनेवाला मंत्र है। आज लोगों के पास धन सम्पति व बुद्धि तो बहुत है पर सद्बुद्धि नहीं है।

इसलिये खास कर युवा वर्ग राह भटक जा रहे हैं। घरेलू हिंसा, हत्या, पापाचार, भ्ष्टार्चार, नशापान बढ़ रहा है। इसके लिए उन्हें गायत्री माता के शरण मे जाना होगा। यह वर्ष अखंड ज्योत के साथ गुरु माता भगवती देवी के जन्म का एवम गुरु जी के तप का शताब्दी वर्ष है। मौके पर बालूमाथ अखिल विश्व गायत्री के परिजनों, शिक्षक , छात्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



स्वागत करते लोग।

स्पीड न्यूज

## जिला सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**गोड्डा।** आज समाहरणालय के सभागार कक्ष में उपायुक्त के द्वारा विगत बैठक मे दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की गई तथा हिट एण्ड रन से संबंधित सभी मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने, ट्रैफिक नियमों के सख्त पालन हेतु विशेष अभियान चलाए जाने, जिला प्रशासन पुलिस और संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दिए जाने, सभी भारी और ओवरलोडेड वाहनों की नियमित और सघन जांच करने तथा जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

## अनुकंपा के आधार पर 4 लोगों को मिलेगी नियुक्ति

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की संपन्न बैठक में कुल 06 मामलों पर सुनवाई की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा डीटीओ वंदना शेजवलकर एसडीओ मुकेश मछुआ स्थापना उप समाहर्ता प्रेमचंद सिन्हा डीईओ जगरनाथ लोहरा जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा शालिनी खलखो समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। डीसी श्रीमती जाधव व समिति के अन्य सदस्यों ने क्रमवार सभी मामलों की गहनता से समीक्षा की।

## पूर्व सीसीएल कर्मी सत्येन्द्र सिंह का हार्ट अटैक होने से निधन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सिंहनगर निवासी सह पूर्व सीसीएल कर्मी 71 वर्षीय सत्येन्द्र सिंह का हार्ट अटैक होने से निधन हो गई। शनिवार को हिंदुस्तान पुल फुसरो दामोदर नदी तट पर किया दाह संस्कार किया जायेगा। उक्त जानकारी उनके पुत्र तूफानी ने दी।

## सीसीएल ढोरी में एक अधिकारी सहित 15 कर्मी हुए सेवानिवृत

**बेरमो /फुसरो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम कॉलोनी स्थित अधिकारी क्लब में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर फरवरी महीने हुए एक अधिकारी सहित 15 सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दिया गया। इसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के जीएम रंजय सिन्हा मौजूद रहे। जबकि संचालन कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह ने किया।

## हमारी शिक्षा का दर्शन सामाजिक और मानवीय होना चाहिए : प्रियव्रत

**बेरमो /फुसरो।** करगली बाजार 3 नंबर के वीर कुँवर सिंह क्लब के समीप मंदिर परिसर में ओमकार पीठ संस्था के द्वारा अखण्ड मण्डेलेश्वर श्री श्री स्वामी स्वरूपानन्द परमहंस देव जी एवं नित्य सुंदरम ब्रह्मचारिनी आर्विभाव दिवस के उपलक्ष्य पर वार्षिक महोत्सव मनाया गया। यहाँ संस्था के द्वारा समवेत उपासना के साथ प्रभातफेरी, भजन, कीर्तन और प्रवचन भी किया गया।

## 50 वर्षीय व्यवसायी ने गले में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के गोविंदपुर बस्ती निवासी 50 वर्षीय व्यवसायी नरेश प्रसाद महतो ने रस्सी के सहारे गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसका शव बोकारो थर्मल थाना की पुलिस ने 27 फरवरी को सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर परियोजना के लोहा पुल समीप जंगल से बरामद किया। बताया जाता है कि मृतक व्यवसायी नरेश प्रसाद महतो का शव पेड़ से लटका पाया गया। मृतक का बोकारो थर्मल मार्केट में हार्ड वेयर का दुकान है। इस सम्बन्ध में मृतक नरेश के साढ़ू पुत्र दीपक कुमार ने बताया कि उसके मौसा बीते 25 फरवरी की दोपहर से ही लापता था। बताया कि वे हाथ में रस्सी लेकर घर से निकले थे। बताया कि लापता होने की सूचना बोकारो थर्मल थाना की पुलिस को दिया गया था। जिसका शव तीसरे दिन 27 फरवरी को पेड़ से लटका हुआ पाया गया।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने किया है बोकारो का सिर गर्व से ऊंचा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म की ओर से आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा 2024 में डीपीएस बोकारो में पांचवी कक्षा का छात्र अक्षत प्रियदर्शी नेशनल टॉपरों की फेहरिस्त में शुमार हुआ। उसे नेशनल टॉपर रैंक-2 के साथ सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस प्रदान किया गया है। अक्षत को ओवरऑल ग्रेड ए प्लस मिला तथा नेशनल अवॉर्ड कैटेगरी के लिए चयनित किया गया।सीबीएसई साइंस चैलेंज 2024-25 में डीपीएस बोकारो की दसवीं कक्षा के छात्र आरुष रंजन ने पूरे झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। 10वीं कक्षा की कैटेगरी में आरुष पूरे झारखंड से इस चैलेंज को क्वालीफाई करने वाला एकमात्र विद्यार्थी है। आरुष ने विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन में भी पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। डीपीएस बोकारो का रूपेश कुमार ने नवोन्मेषता संबंधी भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतिम चरण में चयनित होकर अपने विद्यालय शहर और राज्य का नाम गौरवान्वित किया। रूपेश ने एक खास डिवाइस और मोबाइल एप्लीकेशन -रक्षक तैयार किया है। डीपीएस बोकारो के 12वीं कक्षा के छात्र अभिनीत ने अपनी नवोन्मेषी सोच और तकनीक के जरिए बुजुर्गों की मदद का जो प्रयास किया वह खूब रंग लाया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत उसका प्रोजेक्ट ईट-वेल- एंटी शेकिंग स्पून फॉर ओल्ड पीपल राष्ट्र स्तरीय पर चयनित हुआ। होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र के सहयोग से आयोजित आईएपीटी 2024-25 की जूनियर साइंस खगोलिकी एवं जीव-विज्ञान की परीक्षाओं में डीपीएस बोकारो की कक्षा 9 का छात्र शिवम ओझा जहां जूनियर साइंस की एनएसईजेएस में सफल रहा वहीं 12वीं के विद्यार्थी आर्यन कुमार ने जीव-विज्ञान की एनएसईबी में कामयाबी पाई। जबकि कक्षा 10 के आरुष रंजन 11वीं के कुमार अनमोल और 12वीं के आरुष बनर्जी ने खगोलिकी की एनएसईए में सफलता पाकर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया।

## डीएमएफटी से कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज की बैठक में उपायुक्त के द्वारा डीएमएफटी मद से कराए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों का सुसज्जीकरण, पंचायत लाइब्रेरी, पुराना समाहरणालय स्थित बन रहे सिदो कान्हो डिजिटल लाइब्रेरी, विद्यालयों का आधुनिकीकरण कार्य आदि की क्रमवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा पुराना समाहरणालय में बंद पड़े विभागों को खाली करा कर पूरे परिसर को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने तथा पूर्ण हो चुके सभी कार्यों का जिला स्तरीय टीम गठित कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश उप विकास आयुक्त को दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त श्रीमती स्मिता टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बैद्यनाथ उरांव एवं डीएमएफटी कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

## गर्मी आने से पहले पानी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं, तो होगी कार्रवाई: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिले में संचालित विभिन्न पेयजल आपूर्ति योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, डीएसओ शालिनी खलखो कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता चास तेनुघाट राम प्रवेश राम सभी सहायक अभियंता कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस दौरान पूर्ण योजनाओं को पंचायतों को हैंड ओवर करने की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पेयजल एवं पंचायती राज विभाग को समन्वय स्थापित कर टीम गठित कर सभी पूर्ण योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आगामी 07 मार्च तक हैंडओवर करने को कहा। जिस मुखिया या जल सहिया के द्वारा हैंड ओवर लेने में दिलचस्पी नहीं ली जाएगी उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर मुखिया का वित्तीय क्षमता जब्त कर ली जाएगी। समीक्षा क्रम में पंचायत के मुखिया द्वारा योजनाओं के संचालन में दिलचस्पी नहीं लेने की बात सामने आई। इस पर उपायुक्त ने सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने में अगर कोई बाधा उत्पन्न करता है तो उसके विरूद्ध भी कार्रवाई होगी। समीक्षा के क्रम में 14 वें वित्त आयोग के तहत सोलर या लघु जलमीनार के खराब पड़े जलापूर्ति योजना को दुरूस्त करने को कहा। इस दौरान कार्यपालक अभियंता ने जल सहियाओं द्वारा झारजल डॉ जीओवी डॉट इन पर खराब चापाकलों एवं मरम्मत के बाद दुरुस्त चापाकलों की फोटो अपलोड नहीं हो पाने की बात कही जिसे लेकर डीसी ने प्रखंडवार जलसहियाओं के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया।

## 3 मार्च से होने वाले अनिश्चितकालीन बंदी स्थगित

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके के करगली ऑफिसर क्लब मे प्रबंधन और विस्थापित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कारो परियोजना द्वारा बैदकारो मौजा के अधिग्रहण किये गए भूमि के रैयतों को रोजगार, गॉव के विकास, असंगठित मजदूरो एवं आमजनो 11 सूत्री मांगो पर चर्चा हुई। बैठक मे मांग पत्र पर साकारात्मक वार्ता हुई। इसमें विस्थापितों ने कहा कि प्रबंधन 15 दिन का समय लिया गया है। अगर प्रवंधन लिए गए निर्णय पर कार्रवाई नही करती है तो विस्थापित अगला रणनीति बनाएगी।बैठक में एसओ पीएडपी एस के झा, भं राजस्व पदाधिकारी बी के ठाकुर,पीओ एस के सिंहा,मैनेजर चिंतामणी मांझी सहित बैदकारो मुखिया श्रीमती सीमा महतो, वार्ड सदस्य श्रीमती यशोदा देवी विस्थापित दिगंबर महतो आदि मौजूद थे।

# अभिनेत्री जया प्रदा के हाथों सम्मानित होंगे शौकत खान

खबर मन्त्र संवाददाता




शौकत खान

**गढ़वा।** गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले तिरंगा वाले शौकत खान को पटना में 9 मार्च को अभिनेत्री सह सांसद जया प्रदा सम्मानित करेंगी। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने बताया कि मेरे लिए गौरवान्वित भरा संदेश आया है। बीईबी के मंच पर पटना में फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा के हाथों बीईबी एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 से मुझे सम्मानित किया जाएगा। बताते चलें कि सेना और शहीदों के सम्मान में लगातार दस वर्षों से भी अधिक समय से हजारों लाखों अनेक सराहनीय सेवा कार्य करते हुए देश में परचम लहराने वाले शौकत खान को अब तक सैकड़ों सम्मान और अवार्ड पुरस्कार मिल चुका है। शौकत खान की सेवा कार्यों की बात करें तो इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कई अनोखे कार्य किये हैं। शौकत खान ने आज से ग्यारह वर्ष पूर्व राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के नाम देकर हर घर तिरंगा का शुभारंभ किया। अब तक दो लाख से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज भेंटकर शौकत खान ने देशभर में इतिहास रच दिया। शौकत खान गरीबों के लिए निःशुल्क चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक भी प्रतिदिन संचालित करते हैं।

## एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

**बेरमो।** शुक्रवार को विज्ञान संकाय, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में दीप प्रज्ज्वलित करके सेमिनार की शुरूआत हुई। प्राचार्य सह भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने कहा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान मनाने का उद्देश्य प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना तथा देश के वैज्ञानिकों को सम्मानित करना है। प्रो इंचार्ज सह विभागाध्यक्ष रसायन विभाग विभाग प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना है तथा जनसाधारण को विज्ञान के प्रति सजग बनाना है। देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार आवश्यक है।

## धार्मिक स्थलों में पोस्टर लगाकर चल रहा है बाल विवाह मुक्त अभियान




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से सहयोगिनी संस्था द्वारा बोकारो जिले के धार्मिक स्थलों में बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित करने से संबंधित पोस्टर लगाकर स्थानीय धर्म गुरुओं को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि बोकारो जिले के 200 गांव में बाल विवाह मुक्ति को लेकर अभियान चलाया जा रहा है । जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ धार्मिक स्थलों में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम लड़कियों की तथा 21 वर्ष से कम लड़कों की शादी में धर्मगुरु जैसे पंडित मौलवी मांझी हाडम पादरी आदि की भूमिका अहम हैं। इन्हीं के माध्यम से शादी होती है और बाल विवाह अधिनियम के तहत विवाह में शामिल सभी लोगों पर मुकदमा चल सकता है। इसी को ध्यान रखते हुए सभी धर्म गुरुओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।इस दौरान सभी मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा चर्च तथा सरना स्थल में बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित करने का पोस्टर धर्म गुरुओं के साथ मिलकर लगाया जा रहा है।

## कर्मचारी हित में महत्वपूर्ण कदम, योजना का उठाएं अधिकतम लाभ : निदेशक प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** सेल अपने कर्मचारियों के मानसिक भावनात्मक और पेशेवर सशक्तिकरण के प्रति सतत प्रयासरत है। इसी दिशा में ईएपी-इंडिया के साथ किए गए एक एमओयू के तहत कर्मचारी सहायता कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसे सेल की सभी इकाइयों में लागू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और उनके आश्रितों को व्यक्तिगत एवं पेशेवर चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक काउंसलिंग सहायता प्रदान करना है।

बोकारो स्टील प्लांट में इस पहल का औपचारिक शुभारंभ ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर ईडी सीजीएम वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में कर्मचारी तथा ईएपी-इंडिया की फाउंडर डायरेक्टर भारती महिमकर और उनकी टीम उपस्थित रही। मौके पर निदेशक प्रभारी ने सभी से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान ईएपी-इंडिया की टीम ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना की प्रमुख विशेषताओं को प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि यह काउंसलिंग सेवा पूरी तरह से निःशुल्क गोपनीय और सुरक्षित है। न केवल कर्मचारी बल्कि उनके आश्रित भी बिना किसी झिझक के ईएपी-इंडिया से सीधा संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल के तहत कर्मचारियों के लिए चौबीसों घंटे सातों दिन टेलीफोनिक परामर्श वेब एवं मोबाइल-आधारित ई-काउंसलिंग, वीडियो काउंसलिंग और व्यक्तिगत परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईएपी सेवा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध है जिससे इसे अधिक समावेशी और सुलभ बनाया गया है। यह योजना कर्मचारियों के पेशेवर विकास को भी नई ऊंचाइयां प्रदान करने में सहायक होगी।

## खबर एक नजर में

## 67वा नवाह्न श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं की भीड़

**बेरमो /करगली।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट में मानस सत्संग समिति बेरमो के द्वारा 67वाँ नवाहन श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर पूजा अर्चना किये। यह मानस महायज्ञ मिथिलाकुंज अयोध्या से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संतस्वामी पूज्य यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 राम बिहारी शरण जी महाराज कि अध्यक्षता मे आयोजन हो रहा है। जमुई मुंगेर बिहार से पधारे पूज्य श्री सदानंद मिश्रा तथा उनकी टीम के द्वारा रामचरित मानस के पाठ कराने से करगली गेट सहित आस पास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। देवघर से आये मिथलेश मोदगल्य ने रामचरितमानस का पाठ करवाये। वही बृहस्पतिवार के रात्रि यज्ञ के पहले दिन उज्जैन से पधारे श्री श्री लोकेशानन्द शास्त्री जी के द्वारा संगीतमय मानस परिवचन किया गया। श्री शास्त्री ने ने कहा कि भगवान की भक्ति के लिए खुद को आगे लाना पड़ता है। भगवान के दर(तीर्थ) पर खुद जाना पड़ता है। जो सोचते हैं कि जब भगवान का बुलावा आएगा तब जाएंगे तो ऐसा कथाचित सही नहीं है। भगवान की भक्ति के लिए हमें संकल्प करना पड़ता है, और तीर्थ यात्रा के लिए प्रयास करना पड़ता है। तभी भगवान आपकी भी सुनते हैं और अपने दर पर जरूर बुलाते हैं। कहा कि भगवान की भक्ति मे लीन होकर छोटे-छोटे बच्चे भी तीर्थ यात्रा का प्रयास करते हैं और भगवान उसे अपने दर पर जरूर बुलाते हैं। यज्ञ के स्वागतध्यक्ष मनोज सिंह और सुशील सिंह, नितेश सिंह, अर्चना सिंह तथा निरंजन सिंह ने बताया कि यह यज्ञ 07 मार्च शुक्रवार तक चलेगा। 7 मार्च की सुबह 10:30 बजे भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक होगा। 08 मार्च शनिवार को संध्या 4 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस यज्ञ को सफल बनाने मे जयप्रकाश सिंह, गजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रशांत सिंह, शशिकांत सिंह, जितेंद्र सिंह आदि का योगदान है।

## करगली में विकलांगो के बीच कृत्रिम अंग, कैलीपर्स, वैशाखी, व्हील चेयर का वितरण

**बेरमो।** बेरमो के करगली गेट स्थित महिला मंडल में झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की स्मृति में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का उद्घाटन दूसरे दिन बीएंडके जीएम चित्तरंजन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। जीएम श्री कुमार ने इस तरह के नेक कार्य के लिए संस्था हर सहयोग की बात कही। साथ ही कहा कि मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। सैकड़ो लोगों को नई जिंदगी देने से बड़ा पुण्य का काम दूसरा नही हो सकता। दर्जनो विकलांगो के बीच कृत्रिम अंग, कैलीपर्स, वैशाखी, व्हील चेयर और अन्य सहायता और उपकरण प्रत्यारोपण वितरण किया। बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार व बीएंडके एसओईएंडएम जयशंकर प्रसाद ने विकलांगों को अत्यधिक खुश देखकर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची का कार्य सराहनीय है। समिति के ओम प्रकाश अग्रवाल, राजू घोषी, नेमीचंद गोयल, प्रमोद अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, रितेश पटवारी, नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, मजदूर नेता गणेश निषाद, शिवनंदन चौहान व वृज बिहारी पांडेय और ललन रवानी ने इस मानव सेवा कार्य को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर-आधारित एक गैर-लाभकारी संगठन है। यह विकलांगों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। वहीं जब दिव्यांग को नया कृत्रिम अंग मिला तो उनकी खुशी दिखती ही बन रही थी। उनके चेहरे से स्प्रेड की झलक गायब हो गई थी और वे एक नए संजीदा और ऊजार्वान से ओतप्रोत दिखाई दिए। शिविर 3 मार्च तक चलेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इस सुविधा का लाभ उठा सके।

## मानव सेवा ही माधव सेवा है : जीएम

**बेरमो /करगली।** करगली स्थित कल्याण मंडप मे श्री भगवान महाबीर विकलांग सहायता समिति झारखण्ड के द्वारा बेरमो के पूर्व विधायक स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के स्मृति मे पांच दिवसीय निःशुल्क कृतिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का दूसरा दिन मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, सीसीएल बीएंडके के एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, बृज बिहारी पांडे तथा गणेश मल्लाह उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष

### झारखंड की अर्थव्यवस्था...

देश के ग्रामीण इलाकों में लोगों की जीवनयापन की सुरक्षा को बढ़ाना है। इस कानून के तहत हर वित्तीय वर्ष में हर परिवार को 100 दिनों का गारंटीकृत वेतन पर काम देने का प्रावधान है। राज्य में कुल श्रमिकों के मुकाबले सक्रिय श्रमिकों का प्रतिशत नवंबर 2024 तक लगभग 52.57 था।

**सामाजिक कल्याण :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को भारत सरकार ने कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए शुरू किया था, ताकि गरीबी उन्मूलन रणनीति के तहत अनकनेक्टेड बस्तियों को जोड़ सकें। 30 दिसंबर 2024 तक झारखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 33198 किलोमीटर सड़कें स्वीकृत की गयी। इनमें से 30566 किलोमीटर पहले ही पूरी हो चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजन भारत सरकार का एक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य सभी बेघर या कच्चे और जर्जर घरों में रहने वाले ग्रामीण परिवारों को पक्के घर और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 17,05,355 घरों की एक ऊपरी सीमा निर्धारित की है। इनमें से 15,64,091 घर पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्धए विधवाए विकलांग और उन परिवारों को सहायता प्रदान करता है। इनके मुख्य कमाने वाले सदस्य का निधन हो चुका है। इस कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों की संख्या वर्षों के साथ बढ़ती गयी है।

### बच्चों का समग्र...

हर पंचायत में टावर लगाने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सेवाओं के प्रभावित होने की बात बार.बार सामने आती है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है। ऐसे में सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टावर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ायेगी। इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन मौजूद थे।

**बच्चों का समग्र विकास ही प्राथमिकता :** सीएम ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने तथा डिजिटल रूप से उन्हें मजबूत करने करने के अभियान में सरकार जुट गयी है। बच्चों का समग्र विकास सरकार प्रतिबद्धता है। प्राथमिक स्कूलों को टैब उपलब्ध करने के साथ एक नये अध्याय की शुरूआत हो रही है। इससे स्कूलों में उपस्थिति से लेकर सभी रिपोटिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे। वहीं टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग आसान हो जायेगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज चल रहे हैं। डिजिटल शैक्षिक सामग्रियों का इस्तेमाल हो रहा है । ऑनलाइन कोचिंग क्लासेज चल रहे हैं ।

**तकनीक का कै, प्रयोग करें, यह आप पर निर्भर :** सीएम ने कहा कि हर चीज की सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं। मोबाइल फोन भी इससे अछूता नहीं है। यह आप पर निर्भर करता है कि इसका इस्तेमाल किस रूप में करते हैं। अगर आप इसका सदुपयोग करेंगे तो उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। सरकार राज्य के होनहार बच्चों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आगे बढ़ सकें।

स्पीड न्यूज

# बिहार में तिगुनी हुयी विकास की रफ्तार

## विस में आर्थिक सर्वेक्षण पेश : जीडीपी वृद्धि दर 14.5 फीसदी, अर्थव्यवस्था 8.54 लाख करोड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना ।** बिहार विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इस दौरान उन्होने बताया कि बिहार की अर्थव्यवस्था बीते 12 सालों में साढ़े तीन गुना की रफ्तार से बढ़ी है। 2011-12 के 2.47 लाख करोड़ रुपये से 2023-24 में 8.54 लाख करोड़ रुपये हो गई है। जबकि 2023-24 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में मौजूदा कीमतों पर 14.5% और स्थिर मूल्य पर 9.5% की वृद्धि होने का अनुमान है। वर्ष 2023-24 के लिए राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) मौजूदा कीमतों पर 8,54,429 करोड़ रुपये और स्थिर कीमतों (2011-12) पर 4,64,540 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, कि बिहार में सभी क्षेत्रों - प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक में आर्थिक गतिविधियों का उस गति से विस्तार हुआ है जो राज्य को देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में से एक बनाता है। स्थिर कीमतों पर बिहार की जीएसडीपी की वृद्धि दर 2023-24 में 9.2 प्रतिशत होने का

### नीतीश के नेतृत्व में दोहरे अंक में प्रगति कर रहा है बिहार : सम्राट



अनुमान है, जो बिहार को उच्च दर से विकास करने वाले राज्यों में शामिल कर देगी। आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने के बाद पत्रकार वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार दोहरे अंक में प्रगति कर रहा है। सिर्वेक्षण में कहा गया है कि बिहार की जीएसडीपी मौजूदा कीमतों पर 14.5 प्रतिशत और पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में 9.2 प्रतिशत स्थिर (11-12 कीमतें) बढ़ने का अनुमान है। मौजूदा कीमतों पर राज्य की जीएसडीपी 10.9 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ी है, जो भारत की जीडीपी वृद्धि दर 10.70 से थोड़ा आगे है। वहीं मौजूदा कीमतों पर जीएसडीपी भारत की जीडीपी से 1.1 प्रतिशत अधिक दर से बढ़ने का अनुमान है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बजट सत्र के पहले दिन राज्य विधानसभा में सर्वेक्षण पेश करने के बाद कहा कि राज्य ने जीएसडीपी और प्रति व्यक्ति जीएसडीपी में वृद्धि के माध्यम से महत्वपूर्ण आर्थिक विकास हासिल किया है। बिहार ने पिछले दो दशकों में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास देखा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023-24 में राज्य के जीएसवीए में व्यापार और मरम्मत सेवाओं का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसका योगदान 14.8 प्रतिशत है, इसके बाद परिवहन, भंडारण और संचार, प्रसारण सेवाओं से 10.2 प्रतिशत और साथ ही आवास और पेशेवर सेवाओं के रियल एस्टेट स्वामित्व से 9.5 प्रतिशत योगदान है। चौधरी ने बताया कि बिहार की अर्थव्यवस्था का आकार 3.5 गुना बढ़कर 2011-12 के 2.47 लाख करोड़ रुपये से 2023-24 में 8.54 लाख करोड़ रुपये हो गया है

## चुनाव से पहले 12 लाख नौकरी व 34 लाख रोजगार

**पटना।** बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के विकास कार्यों और आने वाले समय में सरकार की योजनाओं को सदन में क्रम से रखा। उन्होंने कहा कि बिहार में 2005 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद से शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में काम हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद से ही राज्य में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की न्याय के साथ विकास की प्रतिबद्धता समावेशी विकास, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, रोजगार सृजन और शांतिपूर्ण सामाजिक व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास गति लाने के लिए केंद्र सरकार का पूरा समर्थन मिल रहा है।

इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में 12 लाख नौकरी और 34 लाख रोजगार के लक्ष्य को हर हाल में पूरा कर लिया जायेगा। राज्यपाल ने कहा कि बिजली, सड़क और पीने योग्य पानी की बुनियादी आवश्यकता को पूरा करने के लिए 2005 से अब तक की गई कड़ी मेहनत

**▸▸ राजग सरकार बनने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में काम हुआ : राज्यपाल**

के बाद बिहार को विकास पथ पर ले जाने के लिए 7 निश्चय कार्यक्रम 2015 में शुरू किया गया था और राज्य में युवाओं को 10 लाख नौकरियां और 10 लाख रोजगार के अवसर देने के लिए 2020 में 7 निश्चय (भाग -2) शुरू किया गया अब तक 9.35 लाख से अधिक लोगों को पहले ही नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं। शेष पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है और सरकार ने अब चुनाव की घोषणा होने तक राज्य के युवाओं को 12 लाख नौकरियां प्रदान करने का संकल्प लिया है। जहां तक रोजगार सृजन का सवाल है, यह पहले ही 10 लाख के शुरूआती अनुमान के मुकाबले 24 लाख तक पहुंच चुका है और चुनाव से पहले शेष महीनों में यह आंकड़ा 34 लाख तक पहुंच जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में आयोजित जाति सर्वेक्षण में गरीब के रूप में पहचाने गए सभी समुदायों के 94 लाख गरीब परिवारों को 2-2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने के लिए लघु उद्यमी योजना शुरू की गई है। केंद्र सरकार ने इस साल के बजट में राज्य के विकास के लिए भी बड़ी घोषणाएं की है।



विधानसभा में राज्यपाल का स्वागत करते नीतीश कुमार

## उद्योग में निवेश साढ़े तीन गुना बढ़ा

बिहार में निवेश प्रोत्साहन नीति और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों की बदौलत पिछले ढाई वर्ष में उद्योग में 3.5 गुना निवेश बढ़ा है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को बजट सत्र के पहले दिन सदन में बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया, जिसमें बियाडा के हवाले से कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 के सितंबर तक उद्योगों में कुल निवेश 3.5 गुना बढ़ा है। वहीं, सूक्ष्म उद्यमों में 2022-23 की अपेक्षा 2023-24 में छह गुना अधिक निवेश आकर्षित हुआ। रोजगार सृजन के मामले में 2023-24 में उद्यमों द्वारा सृजित कुल रोजगार में सूक्ष्म और लघु उद्यमों का 66.0 प्रतिशत हिस्सा था। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच उद्यमों द्वारा कुल रोजगार सृजन 2.6 गुना बढ़ा है।

## पाक के मस्जिद में धमाका, मौलाना सहित सात की मौत

नौशेरा । पाकिस्तान के खैबर पख्तूनवा प्रांत के नौशेरा में मदरसे की मस्जिद को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती विस्फोट में दारुल उलूम हक्कानिया के एक शीर्ष अधिकारी समेत सात लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 18 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। शुक्रवार की नमाज के तुरंत बाद जब पेशावर से लगभग 60 किलोमीटर (35 मील) पूर्व में स्थित अकोरा खट्टक में दारुल उलूम हक्कानिया मस्जिद में नमाजी नमाज पढ़कर निकल रहे थे, तभी बम विस्फोट हुआ।

## फडणवीस को मिली धमकी, सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के व्हाट्सएप पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पाकिस्तानी फोन से उन पर हमला किए जाने और मुख्यमंत्री सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वरली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करके धमकी देने वाले की छानबीन की जा रही है। मुंबई पुलिस ने समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ा दी है। मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप पर खुद को मलिक शाहबाज हुमायू राजा देव बताते हुए पाकिस्तानी नंबर से मुख्यमंत्री पर धमकी का मैसेज बुधवार को मिला था। मुंबई पुलिस ने इस धमकी भरे मैसेज की अधिकृत जानकारी मीडिया को नहीं दी है।

## सेबी के चेयरमैन होंगे तुहिन कांत पांडेय



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त एवं राजस्व सचिव तुहिन कांत पांडेय को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। वह माधबी पुरी बुच की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल इस महीने खत्म हो रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने ओडिशा कैडर के 1987 बैच के आईएएस के अधिकारी तुहिन कांत पांडेय की नियुक्ति को मंजूरी दी है। वह पदभार संभालने के बाद शुरू में तीन साल या अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

## नेपाल में 6.1 तीव्रता का भूकंप, कोई क्षति नहीं

**काठमांडू।** नेपाल में सिंधुपालचोक जिले में शुक्रवार सुबह स्थानीय समयानुसार 2:51 बजे आए भूकंप के तेज झटके काठमांडू और पूर्वी नेपाल तक महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 मैग्नीच्यूट दर्ज की गई। अब तक किसी भी प्रकार की मानवीय क्षति की कोई सूचना नहीं है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के प्रभारी मुकुंद भट्टराई ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के प्रभारी मुकुंद भट्टराई के अनुसार, भूकंप का केंद्र सिंधुपालचोक जिले का भैरवकुंड था। इसका असर काठमांडू सहित पूर्वी और मध्य नेपाल तक रहा।

## सुकमा में सात हार्डकोर इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पीएलजीए बटालियन नंबर 01 में सात हार्डकोर 32 लाख के इनामी नक्सलियों ने शुक्रवार को सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। इनमें 2 पुरुष एवं 01 महिला नक्सली पर 08-08 लाख, 01 महिला एवं 03 पुरुष पर 02 लाख, कुल 32 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल सुकमा टीम, थाना दोरापाल एवं सीआरपीएफ 131, 241 वाहिनी की अहम भूमिका रही।

## तीन वर्षों में देश के हर जिले में खुलेंगे डे-केयर कैंसर केंद्र : नड्डा


**पुरी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के हर जिले में डे-केयर कैंसर केंद्र होंगे और इस वर्ष ही दो सौ जिलों को कवर करने का लक्ष्य है।नड्डा ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में अच्छे और अनुकरणीय अभ्यासों और नवाचार पर नौवें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की गहन विशेष गैर-संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग ड्राइव के लिए प्रशंसा की, जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप और तीन प्रकार के कैंसर- मौखिक, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग प्रदान करता है। उन्होंने विज्ञान पत्रिका लैंसेट के एक

### प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कैंसर के इलाज में 90 प्रतिशत की वृद्धि : स्वास्थ्य मंत्री

हालिया अध्ययन पर भी प्रकाश डाला, जिसमें पाया गया है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत नामांकित रोगियों को 30 दिन के भीतर कैंसर का उपचार पाने में 90 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिससे समय पर इलाज हो सका और कैंसर रोगियों पर वित्तीय बोझ कम हुआ।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने केवल उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा दृष्टिकोण से एक ऐसा बदलाव लाया है जो उपचारात्मक, निवारक, प्रोत्साहन और व्यापक पहलुओं को एकीकृत करता है। दो



दिवसीय शिखर सम्मेलन में सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अपनायी गयी विभिन्न सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को प्रदर्शित तथा प्रलेखित किया जाएगा। यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच ज्ञान साझा करने और परस्पर सीखने का अवसर भी प्रदान करेगा।



नयी दिल्ली में शुक्रवार को यूरोपीय आयुक्त हदजा लाहबीब के साथ बैठक करतीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी। भारत-यूरोपीय संघ सहयोग को सुदृढ़ बनाने का लिया संकल्प।

## कोइलवर से मोकामा तक बनेगा गंगा पथ

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना समेत पूरे प्रमंडल को ही जाम से मुक्ति दिलाने का मास्टर प्लान तैयार किया है। राजधानी पटना में ट्रैफिक जाम की सबसे बड़ी वजह संकीर्ण सड़कें, अव्यवस्थित बिजली तार और जलजमाव है। इसे देखते हुए दानापुर-नेहरू पथ से गोला रोड तक सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा, जिससे दानापुर और बेली रोड क्षेत्र में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। जेपी गंगा पथ का विस्तार कोइलवर से मोकामा तक किया जाएगा। इससे राजधानी के बाहरी इलाकों से आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा।

## यात्री वाहनों की बिक्री में सात फीसदी होगी बढ़ोत्तरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** भारत में यात्री वाहनों की बिक्री वर्ष 2025-26 में 4-7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है रेटिंग एजेंसी ने कहा गया है कि ग्रामीण मांग में मजबूती के कारण वित्त वर्ष 2026 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 6-9 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह 11-14 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024 में यात्री वाहन उद्योग की बिक्री 4.2 मिलियन यूनिट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। वित्त वर्ष 2025 में थोक बिक्री स्थिर रही, रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उद्योग के लिए मांग के ज्यादातर कारक जैसे डिस्पोजेबल आय, नए मॉडल लॉन्च, स्वामित्व की लागत आदि तटस्थ या अनुकूल बने हुए हैं।

## हवाई बेड़े में हर साल 35 40 लड़ाकू विमानों की जरूरत : वायु सेना प्रमुख

**नयी दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को एक बार फिर लड़ाकू विमानों की कम स्क्वाड्रन पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वायु सेना को अगले कुछ वर्षों में पुराने बेड़े से मिराज, मिग-29 और जगुआर को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए हर साल 35-40 लड़ाकू विमानों की जरूरत है। उन्होंने जेट विमानों की संख्या बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों की ओर देखने का सुझाव दिया।

## एफटीए पर ठोस कदम उठाएंगे भारत व यूरोपीय संघ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने यूरोपीय संघ कारोबार, प्रौद्योगिकी, निवेश, हरित प्रगति, सुरक्षा, कौशल विकास और मोबिलिटी पर सहयोग के प्रारूप पर मुहर लगाकर भारत ईयू मुक्त व्यापार समझौते को इस साल के अंत तक करने तथा हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति सुरक्षा के लिए संयुक्त रूप से काम करने और इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकॉनामिक कॉरीडोर यानि आइमेक को आगे ले जाने के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेयेर के बीच शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में ये महत्वाकांक्षी फैसले लिए गये। प्रधानमंत्री ने

### हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति सुरक्षा के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे : प्रधानमंत्री

वक्तव्य में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिशनर्स की भारत यात्रा को अभूतपूर्व बताया और कहा कि यह केवल भारत में यूरोपीय आयोग की पहली यात्रा नहीं है, बल्कि यह किसी भी एक देश में यूरोपीय आयोग का पहला इतना व्यापक संपर्क है। और साथ ही, आयोग के नए कार्यकाल की सबसे पहली यात्राओं में से एक है। मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ की दो दशकों की रणनीतिक साझीदारी स्वाभाविक और प्राकृतिक है। इसके मूल में भरोसा है, लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा



विश्वास है, साझा प्रगति एवं समृद्धि के लिए साझा प्रतिबद्धता है। इसी भावना में, कल और आज, अलग-अलग सेक्टर की लगभग 20 मंत्री स्तर की बैठकें हुई हैं। विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर गंभीर और सार्थक चर्चा हुई है। हमारी साझीदारी को उन्नत और तेज करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कारोबार, प्रौद्योगिकी, निवेश, हरित प्रगति, सुरक्षा, कौशल विकास और मोबिलिटी पर सहयोग का एक ब्लू प्रिन्ट तैयार किया गया है। हमने अपनी टीमों को एक पारस्परिक लाभकारी द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते को इस वर्ष के अंत तक संपन्न करने का निर्देश दिया है। निवेश फ्रेमवर्क मजबूत करने के लिए, निवेश संरक्षण और जीआई करार पर भी आगे बढ़ने की बात हुई है। टेक्नोलॉजी और नवाचार के क्षेत्र में, एक भरोसेमंद और सुरक्षित वैल्यू चेन हमारी साझी प्राथमिकता है। सेमीकंडक्टर, एआई, हाई परफॉरमेंस कम्प्यूटिंग और 6जी में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है।

## तीसरी तिमाही में जीडीपी 6.2 प्रतिशत हुयी

### देश की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की रियल जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो कि इससे पहले की तिमाही में 5.6 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) थी। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को दी गई। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सरकार द्वारा जारी किए गए अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

इस दौरान चालू वित्त वर्ष के लिए नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा, सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान संशोधित करके 5.6 प्रतिशत कर दिया है,





जो कि पहले 5.4 प्रतिशत था। आंकड़ों में बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 में रियल जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) 171.80 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में 161.51 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि पिछले वित्त वर्ष 8.6 प्रतिशत थी। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए नॉमिनल जीवीए 300.15 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में 274.13 लाख करोड़ रुपये था। इसमें सालाना

**▸▸ कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 10.4 प्रतिशत वृद्धि**

आधार पर 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। ताजा आंकड़ों में, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रियल जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 9.2 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि वित्त वर्ष 2021-22 को छोड़कर बीते 12 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर है। इस दौरान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 12.3 प्रतिशत, कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 10.4 प्रतिशत, फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज सेक्टर में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसके अलावा वित्त वर्ष 2024-25 में कंस्ट्रक्शन सेक्टर की वृद्धि दर 8.6 प्रतिशत, फाइनेंशियल, रियल एस्टेट एंड प्रोफेशनल सर्विसेज सेक्टर के 7.2 प्रतिशत, ट्रेड, होटल, ट्रांसपोर्ट, कम्युनिकेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज सेक्टर के 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

## कियारा और सिद्धार्थ जल्द बनेंगे माता-पिता



**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक साझा पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हिंदी सिनेमा के इस लोकप्रिय जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक साझा पोस्ट कर यह जानकारी दी। कियारा (33) ने फोटो के साथ अपने पोस्ट में लिखा कि हमारे जीवन का सबसे बड़ा उपहार जल्द ही आ रहा है। सिद्धार्थ (40) और कियारा ने फरवरी 2023 में राजस्थान के जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में एक समारोह में शादी की थी।

